हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 23.11.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 121 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# किसके सिर पर सजेगा ताज, फैसला आज

## एनडीए और आईएनडीआईए में उत्साह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की 81 सीटों पर शनिवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। राज्य के 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके बाद साढ़े आठ बजे ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू की जायेगी। सुबह 9.30 से रूझान आने लगेंगे। सबसे पहले तोरपा और सबसे आखिर में चतरा विधानसभा क्षेत्र का रिजल्ट आयेगा। क्योंकि, तोरपा में सबसे कम 13 राउंड और चतरा में सबसे अधिक 27 राउंड की गिनती होगी।

अंतिम चुनाव परिणाम शाम पांच बजे के पहले तक आने की संभावना है। एनडीए और इंडिया खेमों के बीच कांटे की टक्कर हुई है। 15 से 18 सीटों पर नजदीकी मुकाबला है, जहां नजदीकी मुकाबला है। इन सीटों के परिणाम किसके पक्ष में आता है इस पर निर्भर करेगा कि झारखंड की सत्ता किसको मिलने वाली है। चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल ने सत्ता के गणित को उलझा दिया है। एग्जिट पोल के नतीजे बंटे हुए हैं। अधिकांश ने एनडीए की सरकार बनने की संभावना जताई है जबकि तीन एजेंसियों ने इंडिया गठबंधन की सत्ता में वापसी की बात कही है। हालांकि, झारखंड में सत्ता की तस्वीर साफ नहीं है। मामला उलझा हुआ है। परिणाम आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी। जयराम महतो की पार्टी के प्रदर्शन पर भी नजर रहेगी।

झारखंड में पहली बार ऐसा है कि सत्ता में वापसी को लेकर इंडिया और एनडीए दोनों खेमों में उत्साह है। दोनों को सत्ता में वापसी की उम्मीद है। इसके दो-तीन मुख्य कारण हैं। इंडिया खेमे को भरोसा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के दो-तीन महीने पहले जनता को लुभाने के लिए जो योजनाएं शुरू की थी उसका लाभ चुनाव में मिला है। इनमें मंईयां सम्मान योजना, किसानों की कर्ज माफी, बिजली बिल माफ, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली आदि शामिल है। इन योजनाओं और हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में जनता ने भरोसा जताते हुए दुबारा समर्थन दिया है। सत्ता में वापसी को लेकर झामुमो सबसे अधिक उत्साहित है।

इधर, एनडीए को भी सत्ता आने का पूरा भरोसा है। भाजपा हेमन्त सोरेन सरकार के खिलाफ एंटी इंकेंबेन्सी, पांच सालों की वादा खिलाफी, बांग्लादेशी घुसपैठ, रोजगार के सवाल पर युवाओं का आक्रोश, बालू की समस्या, भ्रष्टाचार और चुनाव घोषणा पत्र में जनता से किए गए कई वादों पर भरोसा है।

## शाम पांच बजे तक आ जाएंगे सभी सीटों के चुनाव परिणाम : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रांची के निर्वाचन भवन में शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए सभी 24 केंद्रों पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना शनिवार की सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। सुबह आठ बजे तक आनेवाले सभी पोस्टल बैलेटों को मतगणना में शामिल किया जाएगा। 8.30 बजे सुबह से ही इवीएम के वोटों की भी गिनती शुरू कर दी जाएगी। सुबह 9.30 बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे। अंतिम चुनाव परिणाम शाम पांच बजे के पहले तक आने की संभावना है। वैसे तैयारी शाम चार बजे तक मतगणना की पूरी प्रक्रिया पूरी कर लेने की है। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र के भीतर डीइओ और आरओ के अलावा किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। मतगणना हॉल में किसी भी पुलिसकर्मी का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पत्रकार मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकेंगे। मतगणना हॉल के भीतर की तस्वीर सिर्फ एक बार कैमरे से अधिकारियों की देखरेख में लेने की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का राउंड जितना कम होगा, उसका परिणाम उतनी ही जल्दी आएगा। उन्होंने बताया कि सबसे कम 13 राउंड की मतगणना तोरपा विधानसभा क्षेत्र की होगी। सर्वाधिक 27 राउंड की मतगणना चतरा विधानसभा क्षेत्र की होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्य के वोटर से लेकर प्रत्याशी और राजनीतिक दल तक कानून का सम्मान करते हैं, इसलिए विजय जुलूस आदि को लेकर झड़प की संभावना न के बराबर है। लेकिन स्थानीय प्रशासन कानून व्यवस्था को बनाये रखने की अपनी तैयारी रखता है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेना है, लेकिन हमारा प्रयास है कि प्रक्रिया को 24 नवंबर तक ही पूरा कर लें। झारखंड में सर्वाधिक मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपने के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये 10 नक्सली

एजेंसी



**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोन्टा के भेज्जी इलाके से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच तड़के मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। साथ ही, जवानों ने मौके से तीन ऑटोमैटिक राइफल और अन्य हथियार भी बरामद किए हैं, जिससे इस ऑपरेशन की सफलता को और भी महत्व मिलता है।

जानकारी के मुताबिक, 22 नवंबर की तड़के डीआरजी (डिस्ट्रीक रिजर्व गार्ड) की एक टीम को यह सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली ओडीशा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नक्सलियों की घेराबंदी की और भेज्जी इलाके में उनकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान, नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षा बलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ के बाद, जवानों ने घटनास्थल से तीन ऑटोमैटिक राइफल सहित अन्य हथियार बरामद किए, ये हथियार नक्सलियों के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले शक्तिशाली शस्त्र थे, जो इलाके में सुरक्षा की स्थिति को चुनौती देते हैं।

हालांकि, इस मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है, लेकिन स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह ऑपरेशन बेहद महत्वपूर्ण है। सुरक्षाबलों की ओर से इलाके में और भी खोजबीन जारी है, ताकि और नक्सलियों का पता चल सके और उनकी गतिविधियों पर काबू पाया जा सके।

यह मुठभेड़ यह भी साबित करती है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी है। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ कई सफल ऑपरेशन किए हैं, जिससे राज्य में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी, नक्सली अपनी गतिविधियों को जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसे ऑपरेशनों की जरूरत है ताकि इन आतंकवादी समूहों को प्रभावी तरीके से नियंत्रित किया जा सके।

## स्वस्थ हुए झारखंड के गौरव पद्मश्री मुकुंद नायक, जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार



**रांची :** झारखंड के गौरव पद्मश्री मुकुंद नायक अब स्वस्थ हैं। हालांकि अगले तीन सप्ताह तक वो डॉक्टर्स की देखरेख में रहेंगे है। उसके बाद वे रांची आएंगे। नई दिल्ली में इलाजरत पद्मश्री नायक से रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान पद्मश्री ने अपने बेहतर इलाज के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। नायक ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की कलाकारों के प्रति संवेदनशीलता है कि मेरे अस्वस्थ होने की खबर पाकर उन्होंने संज्ञान लिया। मेरे लिए इससे बड़ा गौरव का विषय कुछ नहीं हो सकता कि खुद देश के कला और संस्कृतिमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपनी देखरेख में मेरा उपचार करवाया। यह देश के कलाकारों के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता है। पद्मश्री मुकुंद ने प्रधानमंत्री मोदी, कला-संस्कृतिमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रति आभार प्रकट किया है। उनसे मुलाकात के बाद रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि पद्मश्री मुकुंद नायक अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। अभी वह और तीन सप्ताह तक डॉक्टर्स की देखरेख में रहेंगे। उसके बाद हम सबके बीच पुनः उसी ऊर्जा और उत्साह के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुकुंद नायक के उपचार में प्रधानमंत्री ने जो सक्रियता और संवेदनशीलता दिखाई है, उसके लिए हर झारखंडवासी की तरफ से मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। मुकुंद नायक स्वस्थ होकर झारखंड की लोक कलाओं को और शिखर तक ले जाएं, ईश्वर से यही प्रार्थना है। पद्मश्री नायक के स्वस्थ होने की जानकारी सांसद ने गुरुवार देररात जारी विज्ञप्ति में दी।

### एक नजर

#### त्रिपुरा से 12 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा में रेलवे पुलिसऔर बीएसएफ ने 12 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर खोवाई जिले के तेलियामुरा रेलवे स्टेशन से इन्हें गिरफ्तार किया गया। ये सभी अवैध रूप से बांग्लादेश से त्रिपुरा में आकर ट्रेन के जरिए दूसरे राज्यों में जा रहे थे। जीआरपी के सूत्रों ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए 12 बांग्लादेशी नागरिकों में चार पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। उन्होंने खुलासा किया कि ये सभी एक बांग्लादेशी दलाल की मदद से गोमती जिले के सिलाचारी इलाके से त्रिपुरा में दाखिल हुए थे।

## सेना पर नागरिकों को प्रताड़ित करने के आरोपों की उमर अब्दुल्ला ने की पारदर्शी जांच की मांग

एजेंसी



**जम्मू-कश्मीर :** किश्तवाड़ में सेना के जवानों द्वारा पांच नागरिकों को प्रताड़ित करने के कथित मामले ने जम्मू-कश्मीर के विभिन्न राजनीतिक दलों, खासकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की नाराजगी को जन्म दिया है, जिन्होंने पारदर्शी जांच और दोषी पाए गए लोगों के लिए कोर्ट मार्शल की मांग की है।

यह विवाद नगरोटा स्थित XV कोर द्वारा क्षेत्र के कुआथ गांव के पांच निवासियों पर क्रूर अत्याचार के दावों की जांच की घोषणा के बाद शुरू हुआ। ऑनलाइन प्रसारित होने वाले विचलित करने वाले फुटेज में व्यक्तियों को चलने में कठिनाई होती दिखाई दे रही थी, उनके चेहरे पर चोट के निशान थे। 20 नवंबर को, सेना ने आतंकवादी गतिविधियों के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर जिले के मुगल मैदान क्षेत्र में अभियान शुरू किया।

व्हाइट नाइट कोर ने बाद में नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रिपोर्टों को स्वीकार करते हुए कहा, तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की जा रही है। आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए एक गहन और पारदर्शी जांच की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा, यदि इसमें शामिल सैनिकों के खिलाफ सबूत हैं, तो उन्हें कोर्ट मार्शल किया जाना चाहिए और दंडित किया जाना चाहिए।

## महाराष्ट्र कैश कांड : भाजपा नेता विनोद तावड़े ने भेजा खड़गे, राहुल, सुले को मानहानि का नोटिस

एजेंसी



**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पैसे बांटने के आरोपों में घिरे भारतीय जनता पार्टी के नेता और महासचिव विनोद तावड़े ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले को मानहानि का नोटिस भेजा है। विनोद तावड़े ने 21 नवंबर को भेजे इस नोटिस में स्पष्ट कहा कि तीनों नेताओं द्वारा उन पर लगाए गए आरोप "राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित" हैं। इसमें तनिक भी सच्चाई नहीं हैं। लिहाजा तीनों माफी मांगें। अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो कोर्ट मानहानि का मुकदमा चलाएगा। यह मुकदमा 100 करोड़ रुपये का होगा।

विनोद तावड़े ने अपने नोटिस में कहा, मैं पिछले चार दशक से राजनीति में हूं। मेरा राजनीतिक जीवन बेदाग रहा है। इसमें भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। लेकिन, मौजूदा समय में मुझ पर जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं, उनमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। मुझ पर लगाए गए आरोप सरासर गलत हैं। इन आरोपों के जरिए राजनीति में मेरी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जो लोग उन पर राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित होकर आरोप लगा रहे हैं, वे पहले मुझ पर लगाए जा रहे आरोपों की पुष्टि करें। यह साबित करके दिखाएं कि उनमें तनिक भी सच्चाई है।

विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कहा, ...मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और सुप्रिया सुले ने आरोप लगाया कि विनोद तावड़े ने लोगों के बीच पांच करोड़ रुपये बांटे। लेकिन, जब पुलिस ने छानबीन की थी, तो ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया, जिससे यह साफ हो सके कि मैंने लोगों के बीच पैसे बांटे। कांग्रेस की नीति ही यही है कि कैसे भी झूठ बोलो और लोगों को गुमराह करो। इसी को देखते हुए मैंने तीनों नेताओं को मानहानि का नोटिस भेजा है।

## भाजपा को वोट दिया तो मुफ्त बिजली पानी समेत तमाम सुविधाएं बंद हो जायेगी : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को "रेवड़ी पर चर्चा" अभियान शुरू करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दिया तो 24 घंटे बिजली पानी मुफ़्त, शानदार शिक्षा, सरकारी अस्पतालों में शानदार इलाज,महिलाओं को मुफ़्त बस यात्रा और बुजुर्गों को तीर्थयात्रा बंद हो जाएंगी।

श्री केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के चुनाव सिर पर हैं और आज से हम पूरी दिल्ली के अंदर एक नया अभियान शुरू करने जा रहे हैं। पूरी दिल्ली 65 हजार बैठकें की जाएंगी। इस अभियान के दौरान हम गली-गली, मोहल्ले और सोसाइटी में जाएंगे और जनता के बीच अपनी ये सारी बातें रखेंगे। हमें पूरी उम्मीद है कि 15 दिन के अंदर हम दिल्ली का एक-एक घर इस पूरे अभियान से कवर कर लेंगे।

उन्होंने कहा, मोटे तौर पर छह मुफ्त की रेवड़ियां हमने दिल्ली के लोगों को दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कई मंचों से और कई बार यह बोल चुके हैं कि केजरीवाल दिल्ली में मुफ्त की रेवड़ी दे रहा है, यह बंद होनी चाहिए। हम दिल्ली की जनता को बताना चाहते हैं कि हां, हम यह छह मुफ्त की रेवड़ियां दे रहे हैं। दिल्ली की जनता हमें बताए कि यह छह मुफ्त की रेवड़ियां चाहिए या नहीं चाहिए। यह मुफ्त की छह रेवड़ियां, छह सुविधाएं हैं, जो हमने दिल्ली की जनता को दिल्ली की जनता के पैसे से दी हैं।

'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, श्री केजरीवाल के ऊपर बहुत दबाव था कि उसी 2200 करोड़ की रिश्वत देने वाले से बिजली खरीदो, जिसने केंद्र सरकार को और उनके लोगों को रिश्वत खिलाई थी। श्री केजरीवाल ने उनकी चलने नहीं दी इसलिए आपके शहर में बिजली सस्ती है। लोगों को मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिल रही है। अगर वो 2200 करोड़ की रिश्वत खिलाने वाले व्यापारी का और उनके आकाओं की चल जाती, तो मजबूरी में दिल्ली में भी बिजली महंगी हो जाती।

### 'आप' की रेवड़ियां

- बिना पावर कट के बिजली।
- सभी परिवारों को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी।
- फ्री एजुकेशन।
- मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त बस यात्रा।
- मुफ्त तीर्थ यात्रा, महिलाओं को 1000 रुपये मासिक।

## बिहार में ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, चार छात्रों की मौत, तीन की हालत नाजुक

एजेंसी



**पटना :** बिहार में राजधानी पटना के बिहटा में एक बालू लदे ट्रक ने स्कूल के बच्चों से भरी ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार चार बच्चों की मौत हो गई जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। लोगों की सूचना पर पहुंची बिहटा पुलिस ने घायल बच्चों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी और सड़क पर यातायात रोक दिया।

यह दुर्घटना शुक्रवार अपराह्न तीन बजे बिहटा के विष्णुपुरा गांव के पास हुई। यहां स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर ऑटो उनके घर पहुंचाने जा रहा था। दूसरी ओर से आ रहे बालू लदे ट्रक ने ऑटो में सीधी टक्कर मार दी, जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर ही चार बच्चों ने दम तोड़ दिया। हादसे में ऑटो चालक भी बुरी तरह से घायल हो गया।

हादसे के बाद ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भारी नाराजगी दिखी। ग्रामीणों ने पुलिस पर नो एंट्री में ट्रक वालों से पैसे लेने का आरोप लगाया। यही नहीं बिहटा पुलिस के साथ भी गुस्साए ग्रामीणों ने धक्का-मुक्की की। साथ ही बालू लदे ट्रक में आग लगाने के बाद ग्रामीणों ने बिहटा-दानापुर रोड पर जाम लगा दिया। बिहटा थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि बिशनपुरा गांव के पास सड़क हादसे में चार बच्चों की मौत हुई है जबकि तीन बच्चे घायल हैं। एक ऑटो चालक भी घायल है।

# लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लाखे कब्रिस्तान रोड में छह अगस्त को लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक परशुराम प्रसाद की हत्या मामले का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस मामले में शूटर उमेश कुमार पांडे और धनु पासवान को पहले ही जेल भेज चुकी है। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करते इस मामले का खुलासा कर दिया है। इस मामले मे पुलिस ने चतरा जिला टंडवा धनगढदा निवासी विक्की पासवान, इटखोरी थाना के ओमप्रकाश गुप्ता, हजारीबाग जिला बड़कागांव के नापोखुर्द निवासी उमेश्वर साहू और संजय साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी शनिवार को एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि



गिरफ्तार आरोपियों के पास से आधा दर्जन मोबाइल बरामद किए गए हैं। तकनीकी साक्षी और मोबाइल इनपुट के आधार पर उनकी गिरफ्तारी की गई है सभी आरोपियों ने अपने-अपने अपराध को स्वीकार कर दिया है। एसपी ने हत्या के कारण का खुलासा करते हुए बताया कि परशुराम प्रसाद की हत्या अवैध संबंध के कारण की गई है। परशुराम प्रसाद का ओमप्रकाश गुप्ता की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। ओमप्रकाश गुप्ता ने इस हत्याकांड का षड्यंत्र रचा था। उसने हजारीबाग जिला बड़कागांव के नापोखुर्द निवासी संजय साव और उमेश्वर साहू से संपर्क कर इस हत्याकांड को अंजाम देने के लिए तैयार किया था। संजय साव और उमेश्वर साहू ने ओमप्रकाश गुप्ता से तीन लाख रुपए लेकर लातेहार जिला बालूमाथ थाना सेरेगढ़ा निवासी उमेश कुमार पांडे और कोर्रा थाना अंतर्गत डीपुगढा निवासी धनु पासवान और विक्की पासवान को शूटर के रूप में तैयार किया था। उन्हें आर्म्स भी उपलब्ध कराया था। फिर रैकी कर पहचान बताई गई। इसके बाद परशुराम प्रसाद जो लाखे कब्रिस्तान रोड़ मे रहते थे। छह अगस्त को विष्णुगढ़ स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक परशुराम प्रसाद की हत्या कर दी गई। वह ग्राम नोनगाँव पोस्ट थाना पत्थलगड्डा जिला चतरा के स्थायी निवासी थे। जो वर्तमान में लाखे न्यू कॉलनी में रह रहे थे।इस संदर्भ में मुफ्फसिल थाना मे काण्ड संख्या159/24 धारा103 (1)/3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। काण्ड अनुसंधान के क्रम में इस काण्ड के घटना में संलिपत अप्राथमिकी आरोपी उमेश कुमार पाण्डेय उम्र 32 वर्ष पत्ता- ग्राम- सेरैगढ़ा थाना- बालूमाथ जिला लातेहार को दिनांक 17 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल जिसमे दो 7.65 एमएम का जिन्दा गोली लोड एक काला रंग का अपाची मोटरसाईकिल एवं विवो कम्पनी का मोबाईल फोन बरामद किया जा चुका जा चुका है। एंव घटना में सलिप्त अप्रथामिक आरोपी धनु पासवान निवास स्थान दीपुगढ़ा थाना कोर्रा जिला हजारीबाग को टंडवा थाना काण्ड संख्या 268/24 को नौ सितंबर में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिसे इस काण्ड में रिमाण्ड पर लिया गया था। रिमांड में पूछताछ के बाद और अनुसंधान के क्रम में त्वरित कारर्वाइ करते हुए इस काण्ड के घटना में सलिप्त अन्य चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# डीसी ने मतगणना दिवस को लेकर दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव के परिणाम कल आने है, इसे लेकर मतगणना स्थल (बाजार समिति) में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विधि व्यवस्था में कोई कोर कसर न रहे इस संबंध जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह द्वारा नगर भवन में मतगणना दिवस को लेकर दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे बिना वैध प्रवेश पत्र के तथा मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी ज्वलनशील पदार्थ के साथ किसी भी परिस्थिति में किसी भी व्यक्ति को मतगणना हॉल के अन्दर प्रवेश नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस



पदाधिकारियों का यह दायित्व होगा कि प्रतिनियुक्त स्थल पर भीड़-भाड़ न हो साथ ही पास (अधिकृत पास) वाले व्यक्ति ही सुगमतापूर्वक मतगणना केन्द्र में प्रवेश पा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के मतगणना के मद्देनजर सभी पदाधिकारी एवं कर्मी की जिम्मेदारी है कि वे आपस में समन्वय के साथ एक टीम के रूप में काम करते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना सम्पन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखे। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं कर्मी ससमय प्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देंगे। सम्पूर्ण मतगणना अवधि में गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर किसी भी परिस्थिति में ईवीएम डिस्प्ले का फोटो लेना या वीडियो रिकॉर्डिंग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि परिसर में चिकित्सा शिविर, चिकित्सा दल एवं एम्बुलेन्स तैनात रहेंगे। उन्होंने अग्निशाम पदाधिकारी को अग्निशाम वाहन, दस्तों की प्रतिनियुक्ति, सहायक आयुक्त उत्पाद को मतगणना के दिन दिनांक-23/11/2024 को शराब की सभी दुकानों को आदेश के अनुरूप बंद कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मतगणना के दिन सभी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दंगा निरोधी दस्ता, वज्रवाहन, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, लाठी, आसुगैस आदि सुरक्षा उपकरण के साथ क्यूआरटी की प्रतिनियुक्त रहेगी। मतगणना के दिन सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने एवं विधि-व्यवस्था सामान्य बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया गया।

## यक्ष्मा जांच शिविर का आयोजन 29 नवंबर तक रहेगा जारी

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल बरही के द्वारा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर यक्ष्मा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो अगले शुक्रवार अर्थात 29 नवंबर तक प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जायेंगे। शिविर में यक्ष्मा मरीजों की जांच, उसके उपाय और सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी दी जाएगी। शुक्रवार को रसोईया धमना, बेंदगी और पुरहरा में कैंप लगाकर मरीज की जांच की गई। जिसमें एसटीएस रवि शंकर, कादम्बिनी दुबे, आईसीटीसी अनिता कुमारी, एसएस शाहजहां बेगम और एएनएम अनीता कुमारी ने महत्ती योगदान दिया। उक्त जानकारी बीपीएम नारायण राम ने दी। उन्होंने बताया कि डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निदेर्शानुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 25 को केदारुत, 26 को रानीचुआ व कस्तूरबा विद्यालय, 27 को गुड़ियों, 28 को निचितपुर और 29 को मलकोको में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# मतगणना स्थल के अंतिम तैयारियों का जायजा लेने उपायुक्त पहुंची बाजार समिति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत दोनों चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। कल निर्णायक दिन है यानी मतगणना है। मतगणना की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय आज सुबह सुबह बाजार समिति मतगणना सह वज्रगृह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा वार बनाए टेबल व अन्य तैयारियों का जायजा लिया। हजारीबाग जिले के चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 20 बरकट्ठा, 21 बरही,24 मांडू एवं 25 हजारीबाग में हुए मतदान की मतगणना 23 नवंबर को होगी। मतगणना को लेकर बाजार समिति




मतगणना स्थल में तैयारी पूरी कर ली गई है। चार विधानसभा सीट के लिए अलग- अलग काउटिंग हॉल और प्रवेश द्वार बनाये गये हैं। हजारीबाग सदर विधानसभा सीट के लिए मतों की गिनती 21 राउंड में पूरी होगी इसके लिए 24 टेबल लगाये गये हैं। बरही सीट के मतों की गिनती 20 राउंड में पूरी होगा,इसके लिये 20 टेबल लगाये गये हैं। बरकट्ठा सीट की गिनती 23 राउंड में होगी,इसके लिये 21 टेबल लगाये गये हैं। वहीं मांडू विधानसभा सीट की गिनती 22 राउंड में पूरी होगी. इसके लिये 24 टेबल लगाये गये हैं। मतगणना का कार्य सुबह 8.00 बजे से प्रारंभ होगा। सबसे पहले पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती होगी।

# हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान एक दिसंबर से




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा गुरुवार को देर शाम एक अहम बैठक अध्यक्ष करण जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संस्था के विभिन्न कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ वहीं मुख्य चर्चा में इस सर्दी में, संस्था 1 दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक प्रत्येक रविवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में 100-100 कंबल और मुरी का वितरण करेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों को ठंड से राहत पहुंचाना है। यह सराहनीय पहल संस्था द्वारा दूसरी बार आयोजित की जा रही है। इस बार भी कंबल वितरण का पूरा खर्च संस्था स्वयं वहन कर रही है। संस्था ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि इस कार्यक्रम में किसी भी अन्य संगठन, व्यक्ति या बाहरी सहयोग से आर्थिक मदद नहीं ली जा रही है।

# आज होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सपा बिगाड़ सकती है भाजपा-कांग्रेस का खेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा चुनाव के परिणामों के लिए सभी की नजरें 23 नवंबर पर टिकी हुई हैं, जब मतगणना के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी। 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच नजर आ रहा है। सपा के उम्मीदवार उमाशंकर अकेला इस बार भाजपा और कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। बरही विधानसभा से कांग्रेस से टिकट न मिलने पर विधायक उमाशंकर अकेला ने सपा से चुनाव लड़ा है। जिसे लेकर कई







अटकलें लगाई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अल्पसंख्यक, यादव, वैश्य और दलित समाज इस बार निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। अकेला को किस समाज का अत्यधिक वोट प्राप्त होता है इससे तय होगा कि बरही विधानसभा का अगला विधायक कौन होगा? यह भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए झटका साबित हो सकता है।

**मतगणना आज सुबह 8 बजे से होगी शुरू**

चुनाव आयोग के अनुसार, मतगणना 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से हजारीबाग बाजार समिति परिसर में शुरू होगी। बरही विधानसभा के लिए कुल 20 टेबल बनाए गए हैं, और मतगणना 20 राउंड में पूरी होगी। पूरी प्रक्रिया में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है ताकि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से परिणाम घोषित किए जा सकें।

**राजनीतिक समीकरण**

भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं और अपने पारंपरिक वोट बैंक पर भरोसा कर रहे हैं। सपा से उमाशंकर अकेला की एंट्री ने चुनावी गणित को जटिल बना दिया है।

**प्रत्याशियों और जनता में उत्सुकता**

चुनाव के परिणामों को लेकर प्रत्याशियों में उत्सुकता और बेचैनी साफ झलक रही है। सभी उम्मीदवार अपने-अपने तरीकों से समर्थकों के साथ संवाद कर रहे हैं और मतगणना के दिन का इंतजार कर रहे हैं।

**कड़ी सुरक्षा के इंतजाम**

मतगणना स्थल पर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के लिए अधिकारियों ने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।

## एक नजर

### शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वाहन चोर गिरोह सक्रिय

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से लेकर आरोग्यं अस्पताल में वाइक की चोरी हो रही है। गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल में मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नूतन नगर निवासी आशीष कुमार सिन्हा की हीरो होंडा मोटरसाइकिल जे एच 02 एवाई 7290 चोरी का मामला थमा भी नहीं था कि शुक्रवार को आरोग्यं अस्पताल से बड़कागांव हरली निवासी राजकुमार ठाकुर की बाइक चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 11:30 बजे वह बाइक खड़ा कर अस्पताल में भर्ती अपने एक परिजन से मिलने गए थे। जब लौट कर आए तो देखा की उनकी बाइक गायब है। उन्होंने बाईक को आसपास बहुत ढूंढा। अस्पताल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज दिखाने की गुहार लगाई। लेकिन किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने बताया कि सदर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### संविधान दिवस 26 नवंबर को

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच व झारखंड अभिभावक मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 26 नवंबर एक विशेष स्थान रखता है। इसी दिन, वर्ष 1949 में भारत का संविधान संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था। इसे ₹संविधान दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है,26 नवंबर 1949 का दिन आजाद भारत के इतिहास का बड़ा ऐतिहासिक दिन था। इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ और उसे अपनाया गया। इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन की नींव वर्ष 2015 में रखी गई। यह वर्ष संविधान के निमार्ता और जनक डॉ. बीआर आंबेडकर की 125वीं जयंती वर्ष था। 26 नवंबर 2015 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस दिवस को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के फैसले को अधिसूचित किया था। 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ और उसे संविधान सभा द्वारा अपनाया गया। लेकिन इस तारीख के दो माह बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान देश में लागू किया गया। 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस व कानून दिवस होता है और 26 जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस। जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की याद दिलाता है।

### हजारीबाग में जीत के जश्न के लिए बैंड बाजा तैयार

**हजारीबाग :** मतगणना शनिवार को आठ बजे शुरू हो जाएगी। इसे लेकर जीत का सपना देख रहे विधानसभा उम्मीदवार और उनके समर्थक जश्न मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। उन्हें इस बात का आभास है कि जीत उन्हीं की मिलेगी। इसलिए चुनाव परिणाम आने के बाद जश्न मनाने की तैयारी चल रही है। चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी चाहे किसी भी दल के हो वह अक्सर अपनी खुशी को जाहिर करने और जश्न मनाने के लिए बैंड बाजे और ताशा पार्टी का सहारा लेते हैं। जामा मस्जिद चौक पर कई बैंड वालों के ऑफिस हैं, जहां 15 से 20 साजिद इंस्ट्रूमेंट पर रियाज करते दिखे। वह बॉलीवुड की लोकप्रिय गीत कोई जीता कोई हारा जैसे पुराने गीत का प्रैक्टिस कर रहे थे। मेहबूब बैंड के मो. अरमान कहते हैं कि अब मतगणना परिणाम आने में चंद घंटे बचे हैं। वह अचानक मिलने वाले काम के लिए तैयार हो रहे हैं। फिलहाल, किसी प्रत्याशी की ओर से कहीं से भी एडवांस नहीं मिला है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी सुरक्षा बल इकाई का ढेंगा कैंप में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के अधीन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई का ढेंगा स्थित पुनर्वास कॉलोनी कैंप में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 50 से अधिक महिलाएं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए रंग बिरंगी कलात्मक रंगोली बनाई। बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला इकाई संरक्षिका की अध्यक्षा निहारिका द्वारा सफल प्रथम सुरभि, द्वितीय रीता देवी, एवं तृतीय सुबारना को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा निहारिका ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला इकाई के उत्थान के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम आयोजित की जाती है, जिसमें सिलाई, कढ़ाई, बुनाई भांगड़ा, डांस डांडिया इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कर महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक की जाती है। उन्होंने कहा कि इस रंगोली प्रतियोगिता में महिलाओं की कलात्मक एवं गुणात्मक निखार देखने को मिली।

### सीताराम बाबा जैसी दिव्य आत्माओं का जन्म किसी भी क्षेत्र को गौरवान्वित करता है : मुन्ना



**हजारीबाग :** हजारीबाग ज़िले के सदर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के बरगड्डा गांव स्थित स्मृति मंदिर आनंद भवन आश्रम में साधु सीताराम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर साधु सीताराम बाबा के जन्मोत्सव पर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में माथा टेकते हुए मुन्ना सिंह ने क्षेत्र की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, बरगड्डा की भूमि साधु सीताराम बाबा की जन्मस्थली होने के कारण पावन हो गई है। इस भूमि को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने भंडारे में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह नर-नारायण सेवा एक सराहनीय पहल है, जिसमें भाग लेकर वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। जन्मोत्सव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने स्वामी महिमानंद सरस्वती से भी मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि साधु सीताराम बाबा जैसी दिव्य आत्माओं का जन्म किसी भी क्षेत्र को गौरवान्वित करता है। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मुन्ना सिंह के साथ अन्य प्रमुख लोगों में संजय सिंह, अजय कुमार राणा, पप्पू कुमार, शशि कुमार मेहता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### रियायती दर पर होती है जेटेट सहित विभिन्न सरकारी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी : प्रभारी



**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल स्थित स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर (एसआरसी) परिक्षार्थियों के लिए वरदान साबित होने वाला है। जहां सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य के साथ विभिन्न प्रकार के कोर्स भी करवाए जा रहे है। उक्त जानकारी एसआरसी प्रभारी जयदीप कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा और तकनीति विभाग के निदेर्शानुसार विनोबा भावे विश्वविद्यालय के आदेशानुसार इस केंद्र की शुरूआत गई है। जो सीएससी के नियंत्रणाधीन है। जिसमे सरकारी और गैरसरकारी दोनो कार्य किए जाते है। विद्यार्थियों का एबीसी कार्ड, पंजीकरण, नामांकन, परीक्षा, छात्रवृति, श्रम कार्ड, उद्यम, छात्रवृति, जाति, आय, आवासी इत्यादि जैसे प्रमाण पत्र सरकारी दर पर ऑनलाइन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि एसआरसी के माध्यम से सिर्फ ऑनलाइन कार्य ही नही बल्कि विभिन्न प्रकार के सरकारी परीक्षा की तैयारी बिलकुल ही कम शुल्क में करवाए जा रहे है। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के कंप्यूटर कोर्स, स्किल कोर्स, शैक्षणिक या व्यवसायिक कोर्स कम शुल्क में ऑनलाइन और ऑफलाइन करवाए जा रहे हैं। इस कार्य में एसआरसी ऑपरेटर नूपुर कुमारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जेटेट की हो रही है तैयारी : एसआरसी के द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। इसके अलावा नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, ओलंपियाड सहित बैंकिंग, रेलवे जैसे विभिन्न सरकारी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने बताया कि एसआरसी के प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को फॉर्म आदि भरने में सुविधा हुई है। अब विद्यार्थियों को बाहर जाकर अनावश्यक राशि खर्च नही करने पड़ते हैं।

### ठंड का इलाज करेंगी होमियोपैथ की दवाएं

**हजारीबाग :** कोरोना महामारी ने होमियोपैथिक चिकित्सा की विश्वसनीयता को लोगो में बढ़ा दिया है, लोगो का भरोसा तेजी से होम्योपैथिक चिकित्सा पर बढ़ा है। ठंड के मौसम में होमियोपैथिक दवा लोगो में बहुत कारगर होता है,साइड इफेक्ट नहीं होता है। हजारीबाग के आयुष विभाग के प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ आनन्द कुमार शाही ने ठंड से बचने के लिए क्या क्या उपाय है, और साथ ही होमियोपैथिक दवा का नाम भी बताया। ठंड से बचने के लिए ये उपाय अपनाएं : ढीले-गर्म कपड़े पहनें, खासकर ऊनी कपड़े। कानों को ढकने वाली टोपी पहनें। अच्छी फि टिंग वाले जलरोधक जूते पहनें। बाहर जाते समय मुंह ढक लें। गुनगुने पानी का सेवन करें। गर्म पानी से गरारे करें या भाप लें। त्वचा को मॉइश्चराइज करें। खाने से पहले हाथ धोएं। विटामिन सी का सेवन करें। हल्दी वाला गर्म दूध पिएं। रात में च्वनप्राश खाएं। तुलसी, लौंग, अदरक, और काली मिर्च से बनी चाय पिएं। घर में पर्याप्त वेंटीलेशन का ध्यान रखें। पैरों में जुराबें पहनें। सुबह ठंड कम होने पर ही टहलने जाए। बाहर का कुछ ना खाए पिए। फ्रिज में रखें पानी या सामान का सेवन बिलकुल न करें। धूल व गर्दे से बचकर रहे। पूर्वी भारत के ज्यादातर राज्य इन दिनों भीषण ठंड और शीतलहर झेल रहे हैं। दिन का कम तापमान लोगों के लिए ठंड के इस मौसम को काफी कठिन बना सकता है। अत्यधिक ठंडा मौसम न केवल असुविधाजनक होता है बल्कि स्ट्रोक से लेकर दिल के दौरे जैसी गंभीर स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस मौसम में सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, सिर्फ बच्चे-बुजुर्गों के लिए ही नहीं, युवाओं की सेहत पर भी अत्यधिक ठंड-शीतलहर का दुष्प्रभाव हो सकता है।

# रांची में आज होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी, ट्रैफिक रूट में बदलाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों की गणना होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी।

मतगणना के लिए रांची के पंडरा बाजार में मतगणना केंद्र बनाया गया। पंडरा बाजार में ही स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है, जिसमें सभी मतदान केंद्रों से ईवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित रखा गया है। इस स्ट्रांग रूम में तीन लेयर की सुरक्षा की गई है। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से निगरानी भी रखी जा रही है। सबसे पहले सिल्ली विधानसभा का नतीजा आएगा जबकि सबसे अंत में हटिया विधानसभा का नतीजा आएगा।



रांची जिले में काउंटिंग में 3000 पदाधिकारी और कर्मी लगाए गए हैं। रांची नगर निगम के नगर आयुक्त के निदेशानुसार पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर₹ परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ पेयजल के लिए वाटर टैंकर, चलंत शौचलय व कूड़ेदान की व्यवस्था भी की गई है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रूट में कई बदलाव किए हैं ताकि भीड़ और ट्रैफिक जाम से बचा जा सके। साथ ही मतगणना स्थल पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पंडरा बाजार के आसपास 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। तिलता मोड़ और पिस्का मोड़ से आने वाले भारी वाहनों को रूट डायवर्ट कर दिया जाएगा। पंडरा बाजार समिति के मुख्य गेट से 100 मीटर के दायरे में सड़क ब्लॉक कर दी जाएगी। सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक तिलता चौक, पिस्का मोड़ और रिंग रोड पर छोटे मालवाहक वाहन, ई-रिक्शा और बसें नहीं चलेंगी। दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक रांची शहर में सभी छोटे-बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। रातू के तिलता मोड़ से पिस्का मोड़ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को दलादिली और कांके की तरफ मोड़ा जाएगा। न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ होते हुए रातू की ओर जाने वाले वाहनों को कटहल मोड़ की ओर डायवर्ट किया जाएगा। मतगणना को लेकर रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से मतगणना के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सभी मतगणना से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों की ब्रीफिंग करते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## झारखंड में चुनाव की घोषणा के बाद 7.5 लाख लीटर शराब जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की अधिसूचना 15 अक्टूबर को हुई थी। चुनाव की अधिसूचना के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया। इस दौरान विभिन्न एजेंसियों ने राज्य में 7 लाख 50 हजार 717 लीटर अवैध लीकर जब्त किए। जिनकी कीमत 7 करोड़ 95 लाख 75 हजार आंकी गई। झारखंड निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, बरही में सबसे अधिक एक लाख लीटर से अधिक लीकर जब्त किए गए. जिसकी कीमत 86 लाख आंकी गई। वहीं धनवार में 60 लाख, गढ़वा में 49 लाख, कोडरमा में 35 लाख और खरसांवा में 31 लाख के कीमत के लीकर की जब्ती की गई।

**कई जगह महंगे लीकर जब्त**

आंकड़ों के अनुसार, कई विधानसभा क्षेत्रों में महंगे लीकर जब्त किए गए हैं। रांची में 3294 लीटर लीकर 12.93 लाख मूल्य के जब्त हुए। इसका औसत मूल्य निकला जाए तो 364 रुपए प्रति लीटर होगा। वहीं राजमहल में 1 लाख 15 हजार लीटर लीकर के मूल्य 3.70 लाख लगाया गया। राजमहल में जब्त की गई लीकर का औसतन मूल्य 2.59 प्रति लीटर रहा।

## संताल से कोल्हान तक भाजपा की लहर, मिलेगा पूर्ण बहुमत : अजय साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता विनोद पांडे के इस दावे पर प्रतिक्रिया दी है कि इंडी गठबंधन 60 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे दिन में सपने देखने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों से जमीन पर हेमंत सरकार के खिलाफ संघर्ष किया है और परिवर्तन यात्रा के दौरान पार्टी को जनता का मूड स्पष्ट रूप से समझ में आ गया है। उनका दावा है कि झारखंड की जनता परिवर्तन के मूड में है और राज्य में भाजपा की लहर चल रही है, जो संथाल से लेकर कोल्हान तक



दिखाई दे रही है। अजय साह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 51 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। उनके मुताबिक, लोकसभा चुनाव महज एक ट्रेलर था और पूरी फिल्म 23 नवंबर को झारखंड में रिलीज होगी, जब राज्य में ऐतिहासिक परिवर्तन होगा और भाजपा दो तिहाई बहुमत से ज्यादा संख्या के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के युवाओं में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है और यह आक्रोश नतीजों में कई चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। साह का मानना है कि जनता के इस आक्रोश की वजह से हेमंत सोरेन समेत इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता अपनी सीटें गंवा सकते हैं और इंडी गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। भाजपा प्रवक्ता ने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन ने चुनाव के पहले चरण में ही अपनी हार स्वीकार कर ली थी। यही कारण है कि पहले चरण के बाद उनके नेताओं के ऊटपटांग बयान आने शुरू हो गए।

## स्वच्छता ही सेवा भाव हमेशा दिखना चाहिए : राजकुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के डोरंडा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान में महत्वपूर्ण स्थान लाने वाले एनएसएस के स्वयंसेवको का सम्मान कार्यक्रम प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा भाव सभी के अंदर हमेशा दिखनी चाहिए। स्वच्छता के लिए सदैव तत्पर रहने से हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर के द्वार को साफ सुथरा रखते हैं उसी भाव अपने आस पड़ोस को भी स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का प्रमुख हिस्सा बननी चाहिए। हमें स्वच्छ भारत अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के स्वयंसवको से कहा कि यदि सभी स्वच्छता को आत्मसात करेंगे तथा हमारे स्वभाव में स्वच्छता की सोच विकसित होगा तो पूरा देश स्वच्छ दिखेगा। आज के सम्मान कार्यक्रम में पूर्व में हुए विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नायाब फरीदी प्रथम स्थान, आरजू कुमारी द्वितीय और नाहीद सबा तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में ऋषभ कुमार प्रथम, आकाश कुमार द्वितीय और रौनक कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

## ईडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ कराने के आरोपियों को कोर्ट में किया पेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद शुक्रवार को ED की टीम ने बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया। जिसके बाद कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है। अब तक की पूछताछ में एऊ को यह जानकारी मिली है कि बांग्लादेशी मूल के लोगों को झारखंड में घुसपैठ कराने के सिंडिकेट में कौन-कौन शामिल है। एजेंसी ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उसमें - रॉनी मंडल, समीर चौधरी, पिंटू हलधर और पिंकी बासु का नाम शामिल है।

# झारखंड में फिर बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : राष्ट्रीय जनता दल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव के नतीजों में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा और झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से सरकार बने

**हेमंत सोरेन के काम को सराहा**

डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन द्वारा किए गए कार्यों को समझ चुकी है और यह जानती है कि उनके नेतृत्व में राज्य का विकास संभव है। उन्होंने सोरेन सरकार की योजनाओं को झारखंड के नौजवानों और बेरोजगारों के लिए फायदेमंद बताया और कहा कि झारखंडी जनता हेमंत सोरेन को ही अपना नेतृत्व सौंपना चाहती है।




- झारखंडी जनता हेमंत सोरेन को ही अपना नेतृत्व सौंपना चाहती है
- गठबंधन की जीत झारखंड की जनता की उम्मीदों और जरूरतों का प्रतिबिंब होगी
- झारखंडी जनता हेमंत सोरेन को ही अपना नेतृत्व सौंपना चाहती है

**भाजपा पर निशाना**

डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए इसे जुमलेबाजों की पार्टी और झूठ बोलने वालों की पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड और देश की जनता अब भाजपा की नीतियों और उसके चाल-चरित्र को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने भाजपा की रणनीतियों को ख्याली पुलाव और दिवा स्वप्न बताते हुए कहा कि झारखंडी जनता हेमंत सोरेन को ही अपना नेतृत्व सौंपना चाहती ह

**भविष्य की राह**

डॉ. मनोज ने विश्वास जताया कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन की जीत झारखंड की जनता की उम्मीदों और जरूरतों का प्रतिबिंब होगी।

**झारखंड की राजनीति का नया अध्याय**

राष्ट्रीय जनता दल के इस दावे के साथ झारखंड की राजनीति में परिणामों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब देखना होगा कि जनता का समर्थन किसे मिलता है और झारखंड की बागडोर कौन संभालता है।

## एक नजर

### कांग्रेस ने नियुक्त किए तीन पर्यवेक्षक



**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद के परिदृश्य पर नजर रखने के लिए कांग्रेस के तीन नेताओं को झारखंड में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। इनमें तारिक अनवर, मल्लू भट्टी विक्रममार्क और कृष्णा अल्लावुरु शामिल हैं।

### बढ़ने वाली है ठंड, सर्द हवाएं ठिठुरन बढ़ाएगी



**रांची :** झारखंड समेत पूरे देश में ठंड का असर दिखने लगा है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी मैदानी इलाकों का पारा घटा रही है। वहीं सुबह शाम कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम होती जा रही है। झारखंड में मौसम विभाग के मुताबिक 23 नवंबर को सुबह कोहरा तो दिन में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। इसके बाद अगले 2 दिन तक मौसम का यही हाल रहेगा। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। सर्द हवाएं ठिठुरन बढ़ायेंगी। वहीं बीते 3 रोज से गुमला के बिशनपुर प्रखंड में शीत लहरी के साथ कंपकपी वाली ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने लोगों को अलर्ट रहने को कहा है। वहीं मौसम आईएमडी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में कुछ हलचल दिखाई दे रही है। जिसका असर नवंबर के अंत तक देखने को मिल सकता है। आने वाले दिनों में पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

### ओरमांझी में अपराधियों ने 2 युवकों को मारी गोली, हालत गंभीर



**रांची :** रांची जिले के ओरमांझी में बाइक सवार अपराधियों ने जमीन करोबार से जुड़े 2 युवकों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार देर शाम को ओरमांझी के बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास हुई। गोली से घायल युवकों का नाम आजाद अंसारी और जावेद अंसारी है। दोनों को स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, आजाद और जावेद रांची के एक बड़े जमीन कारोबारी के लिए काम करते हैं। ओरमांझी में जमीन कारोबारी का एक बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा है। आजाद और जावेद उसी प्रोजेक्ट से लौट रहे थे, तभी बाइक सवार अपराधियों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आजाद के पैर में और जावेद के पेट में गोली लगी है। पुलिस को बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से घटना में शामिल अपराधियों के सुराग हासिल हुए हैं। जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पासवा के प्रतिनिधिमंडल ने रवि कुमार से मिलकर दी बधाई



**रांची :** पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में पासवा के प्रतिनिधिमंडल ने धुर्वा चुनाव कार्यालय में मुख्य चुनाव पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिलकर उन्हें बधाई दी एवं अप्रिशिएऐसन लेटर के माध्यम से पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। दुबे ने कहा कि झारखंड निर्वाचन आयोग को हाल ही में संपन्न हुए चुनाव को सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए उन्होंने मुख्य चुनाव पदाधिकारी एवं झारखंड निर्वाचन आयोग को बधाई दी। इतने बड़े पैमाने पर चुनाव का आयोजन बिना किसी बाधा के सम्पन्न कराना झारखंड निर्वाचन आयोग के समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रतिनिधिमंडल में कुमुद रंजन, विशाल सिंह, अमित कुमार, जाबिर राजा, खालिद राजा, मेंहुल दूबे शामिल रहे।

### कांग्रेस के पूर्व महासचिव मदन मोहन शर्मा का निधन



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मदन मोहन शर्मा का रांची के बरियातू रोड स्थित रामप्यारी हॉस्पिटल में शुक्रवार को निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेता मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बधाया। साथ ही शोक जताते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर कांग्रेस के कई नेताओं ने शोक जताया है।

### आरपीएफ की ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी ने शराब किया जब्त




**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी ने ट्रेन से शराब बरामद किया है। एस्कॉर्टिंग पार्टी के इंचार्ज एएसआई आरएन यादव ने शुक्रवार को बताया कि आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत ट्रेन संख्या 18624 हटिया–इस्लामपुर एक्सप्रेस की ड्यूटी पर मौजूद एस्कॉर्टिंग पार्टी और आरपीएफ पोस्ट रांची के स्टाफ ने ट्रेन के मुरी रेलवे स्टेशन से गुजरने के बाद एन–1 कोच में एक संदिग्ध नीले रंग का ट्रॉली बैग देखा। बैग के दावेदार का पता लगाने के प्रयास किए गया लेकिन कोई दावेदार नहीं मिला। इसके बाद ट्रॉली बैग की जांच की गई और उसमें कुल 17 बोतल शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की कीमत 12 हजार 500 रुपये आंकी गई। सभी शराब को जब्त कर आरपीएफ पोस्ट बोकारो को सौंप दिया गया है।

### हत्या के आरोपी माता-पिता का सुराग नहीं छापेमारी जारी



**रांची :** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में मदन पाहन हत्या मामले में फरार आरोपित पिता और सौतेली मां का तीन दिनों बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। हत्या के बाद दोनों आरोपित फरार चल रहे हैं। पुलिस माता–पिता की तलाश के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपित अपने रिश्तेदार के यहां सिकिदिरी थाना क्षेत्र के एक गांव में पनाह लिए हुए हैं, लेकिन पुलिस के आने की भनक लगते ही वे वहां से फरार हो गए। दोनों के पास मोबाइल फोन नहीं है, जिस कारण पुलिस की टेक्निकल टीम भी उनका लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रही है। दोनों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस संबंध में शुक्रवार को ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को घरेलू विवाद में सौतेली मां और पिता ने मिलकर धारदार हथियार से अपने पुत्र मदन पाहन(20) की हत्या कर दी थी।

### दुमका और नाला की काउंटिंग विशेष आब्जर्वर की निगरानी में हो : भाजपा



**रांची :** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी नेता सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व चुनाव आयोग पहुंचा और मांग किया कि दुमका और नाला विधानसभा क्षेत्रों में जो मतगणना होगी वह विशेष पर्यवेक्षक की नियुक्ति में किया जाए। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि दुमका विधानसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी बसंत सोरेन हैं, जो वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई हैं। इस कारण प्रशासन के एक–एक लोग उनके इशारे पर कार्य कर रहे हैं। इस कारण इसकी संभावना बहुत ज्यादा है कि मतगणना के समय आरओ को दबाव देकर कुछ ना कुछ गड़बड़ी कराया जा सकता है। इसके अलावा नाला विधानसभा सीट से झामुमो के उम्मीदवार रविंद्र नाथ महतो हैं, जो वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष हैं, उनके क्षेत्र में भी एक–एक प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मचारी सब उनके इशारों पर चलते हैं तो इसकी भी पूरी संभावना है कि नाला में मतगणना के समय कुछ गड़बड़ी हो सकती है। इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना के समय भाजपा कार्यकताओं के साथ हिंसा भी हो सकती है। इस मामले में चुनाव आयोग ने जांच का आदेश दिया है।

## एक नजर

### खूंटी में ससुर की हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**खूंटी:** खूंटी थानांतर्गत पोसेया ग्राम निवासी रमय पाहन ने किसी विवाद में वृद्ध ससुर सतीश नाग (75) की गुरुवार को घर के सामने ही कुदाल से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मुरहू के सीटी लोहाडीह गांव निवासी सतीश नाग गत बुधवार को बेटी के घर ग्राम पोसेया आया था। गुरुवार को दोपहर में खाना खाने के बाद किसी बात पर सतीश नाग की दामाद रमय पाहन के साथ विवाद हो गया। इसी विवाद में आरोपित रमय राम ने वृद्ध ससुर सतीश नाग पर कुदाल से जोरदार वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के समक्ष आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में आरोपित के विरुद्ध खूंटी थाने में हत्या का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

### ट्रक दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत



**गिरिडीह :** गांडेय–जामताड़ा मुख्य मार्ग पर बेलाटांड़ गांव के समीप सिमेंट लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। मृत चालक की पहचान धनबाद जिले के भागा निवासी विकास कुमार के रूप में हुई। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित दो घरों की दीवार तोड़ते हुए घर में घुस गया। घरवाले सुरक्षित बच गए। गांव के कोटन यादव व नेपाल यादव के घर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे की बताई जाती है। सूचना पाकर अहिल्यापुर थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंची और ट्रक के नीचे दबे चालक को निकालने में जुट गई। करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक की स्टेरिंग के साथ दबे चालक के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है।

## AFFIDAVIT

I, **PRITI KUMARI**, Aadhar No. 4349 5431 3770, aged about-26 years, Wife of **Pratik Kumar Singh**, Daughter of **Mahabir Mahto**, by faith-Hindu, Residing at- Janak Nivas, Hirak Road, Ratari, Mahavir Chauk Ratari, Dugdha, P.O.-Dugdha Coalwashery, P.S.- Dugdha, District-Bokaro, Jharkhand-828404, do hereby solemnly affirm on oath and declare by affidavit no.- 2318 date 19.10.2024 as follows:-

**1.** That, my name has been mentioned in my Aadhar Card vide No. 4349 5431 3770 as **PRITI KUMARI**, D/o Mahabir Mahto, Resident of- Tarmi, P.O.-Bhandaridah, District- Bokaro, Jharkhand- 829132.

**2.** That, now I want to change my surname, spouse name and residential address in my aforesaid Aadhar Card as **PRITI SINGH**, Wife of **Pratik Kumar Singh** in my above adress.

**3.** That, **PRITI KUMARI** and **PRITI SINGH** is the name of same and one identical lady i.e. myself.

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण

- ऑब्जर्वर रूम, डीईओ रूम, मीडिया सेंटर में हाई स्पीड इंटरनेट लगाने का निर्देश
- मीडिया कर्मी समाहरणालय परिसर में करेंगे वाहनों की पार्किंग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कृषि बाजार स्थित काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने 38 सिंदरी, 39 निरसा, 40 धनबाद, 41 झरिया, 42 टुंडी तथा 43 बाघमारा विधानसभा के काउंटिंग हॉल, विधानसभा वार बनाए गए पोस्टल बैलट व इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। इस क्रम में काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों के बैठने, आरओ टेबल, कंप्यूटर सिस्टम सेटअप, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, लाइट, पंखे, स्ट्रांग रूम से हॉल तक पहुंचने वाले मार्ग में बैरिकेडिंग इत्यादि का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रत्याशियों के बैठने, मीडिया सेंटर, हेल्प डेस्क, मेडिकल डेस्क, दीदी किचन समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी छह विधानसभा के जनरल ऑब्जर्वर के रूम, जिला निर्वाचन पदाधिकारी का रूम व मीडिया सेंटर में टेलीविजन के साथ हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाने का भी निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने सिविल सर्जन को काउंटिंग सेंटर में सभी आवश्यक दवाइयों के साथ 3 मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति तथा काउंटिंग सेंटर में 2 एवं काउंटिंग सेंटर के बाहर 2 एंबुलेंस की तैनाती करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना के दिन मीडिया कर्मी अपने वाहनों की पार्किंग समाहरणालय परिसर में करेंगे। समाहरणालय से कृषि बाजार जाने के लिए रिंग बस या रिंग कार की व्यवस्था रहेगी। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, 38 सिंदरी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेंद्र कुमार बंका, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संपूर्ण ओपीएस प्राप्ति तक संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा : ईसीआरकेयू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) ने शुक्रवार सुबह गया ब्रिज के समीप टी आर डी डिपो में जनसंपर्क अभियान चलाया और गेट मीटिंग की। कर्मचारी यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि उपस्थित वक्ताओं ने रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि संपूर्ण ओल्ड पेंशन स्कीम की तरह यूनिफाइड पेंशन स्कीम जब तक नहीं होता है तब तक संघर्ष और आंदोलन जारी रखेंगे। रेल कर्मचारियों के हर दुख तकलीफ में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन साथ देता आया है और साथ देता रहेगा। यूनियन के सक्रिय सदस्यों ने 4,5 और 6 दिसंबर 2024 को झंडा छाप में मोहर लगाकर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को विजय बनाने के अपील किया गया। रेलकर्मियों से जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित इस गेट मीटिंग में पूर्व केन्द्रीय पदाधिकारी राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार साव, एन के खवास, राकेश कुमार,टी के साहू,ए के दा, सुदर्शन महतो, परमेश्वर कुमार,मंटू महतो, विश्वजीत मुखर्जी, रितलाल गोप, सि एस प्रसाद, प्रशांत बनर्जी, सुरेंद्र कुमार चौहान, विमान मंडल, पिंटू नंदन,भानु प्रकाश, रविंदर रवानी राजकुमार, नवनीत कुमार, शिव जी प्रसाद, रमेश तिवारी, अरविंद कुमार, सोनू रजक, बी.प्रमाणिक, मोनोजित सान्याल, सुभाष कुमार, सौरव कुमार, विक्रांत कुमार सिंह उपस्थित थे।

## ओपी लाल की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस नेता स्व ओपी लाल की चौथी पुण्यतिथि पर राकोमयू के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे के आवसीय कार्यालय मे शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, राकोमयू के महामंत्री एके झा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामप्रीत यादव, कांग्रेस जिला महासचिव राजकुमार महतो स्व ओपी लाल की पुत्रवधू शकुंतला लाल सहित उपस्थित लोगो ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे भावभिनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि आज के दिन उनको याद करना नैतिक जम्मेवारी है,वे मशहुर मजदूर नेता व कर्मठ व्यक्ति थे। उनसे मेरा बहुत ही मधुर संबध था। वे अपनी दिल की बात शेयर करते थे। वे आज हमारे बीच नही है। लेकिन उनके विचार आज भी जीवित है। पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि वे सात्विक जीवन के मिशाल थे। उनसे बहुत कुछ सिखा है। एक महापुरूष मे सौम्यता, सरलता, सादगी, मृदभाषी, सहनशीलता जितना गुण होता है। वे सभी गुण उनमे मौजूद थे। उनके पदचिन्हो पर चलना ही बहुत बड़ी बात है। एके झा ने कहा कि लाल साहब बहुत संघर्षशील, मेहनती, लड़ाकू व जमीनी नेता थे। वे लंबे समय तक कांग्रेस व इंटक के लिए संर्घष किया। उनके लिए मजदूर हीत सर्वोपरि था। सभा को रामप्रीत यादव, लगनदेव यादव, भोला राम, चंद्रदीप यादव, राजकुमार महतो, सुरेश लाल आदि ने संबोधित किया।

## सीबीएसई द्वारा हैप्पी क्लासरूम विषय पर प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में सीबीएसई की ओर से हैप्पी क्लासरुप विषयक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस व रिसोर्स पर्सन भावेश झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि शिक्षकों को कक्षा का बेहतर तरीके से प्रबंधन करना चाहिए। इन्हें कक्षा का बेहतर माहौल तैयार करना चाहिए। शिक्षक खुश रहेंगे तो कक्षा का माहौल खुशनुमा रहेगा। तभी बच्चों को शत-प्रतिशत सफलता मिलेगी। कहा कि एक खुशनुमा कक्षा केवल हंसी व उल्लास से भरा स्थल नहीं होता है, बल्कि यह ऐसा माहौल होता है, जहां बच्चे सीखते, बढ़ते व कामयाब होते हैं। एक अनंदमय व सकारात्मक कक्षा का माहौल शैक्षणिक अनुभव को बढ़ाता है। साथ ही छात्रों में सफलता व सीखने के प्रति जज्बा पैदा करता है। रिसोर्स पर्सन भावेश झा ने ने कहा कि शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक संबंध बनाना खुशनुमा कक्षा की नींव है। विद्यार्थी अपने शिक्षक से समर्थित महसूस करते हैं, तो इनमें सीखने की प्रक्रिया बढ़ती है। छात्रों की उपलब्धियों पर इनकी प्रशंसा करनी चाहिए। शिक्षक अपने पाठ में खेल, चुटकुले आदि को शामिल कर सकते हैं, जिससे सीखना आनंददायक अनुभव बन जाता है। हंसी व शांत वातावरण से तनाव का स्तर कम होता है। कक्षा में दयालुता व सहानुभूति की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। इन्होंने वीडियो क्लिप के माध्यम से कक्षा की वास्तविक स्थिति से शिक्षकों को परिचित कराया। शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी कक्षा को खुशनुमा बनाने के संबंध में अपना विचार व्यक्त किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थी व शिक्षक के रुप में अपना अनुभव बांटा। मौके पर उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, प्रशिक्षण समन्वयक चंचल कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्वर्ण व्यवसाई से 20 लाख का सोना लेकर अपराधी फरार



- बाइक सवार दो अपराधियों की तस्वीर कैद
- सीमा सील कर सघन छापेमारी जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास थाना क्षेत्र के वंशीडीह मोड़ के पास शुक्रवार दिनदहाड़े ग्यारह बजे बाइक सवार दो अपराधी स्वर्ण व्यवसाई दिनेश कुमार का लगभग 20 लाख रुपए का सोना चांदी का गहना लेकर फरार हो गए। 20 लाख का गहना लेकर फरार हुए दोनों अपराधियों की तस्वीर दिनेश ज्वेलरी शॉप के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में कैद है। जिसके आधार पर चास पुलिस जिले की सीमा को सील कर अपराधियों की धरपकड़ में जुट गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्वर्ण व्यवसाई दिनेश कुमार सुबह ग्यारह बजे बाइक से दुकान पहुंचे, बाइक खड़ा कर दुकान खोला। इस बीच दो अपराधी बाइक से पहुंचे, उनके बाइक का डिक्की खोलकर अंदर बैग में रखे 20 लाख के गहने निकालकर बाइक से हवा की रफ्तार से फरार हो गए। स्वर्ण व्यवसाई चीखते चिल्लाते रहे, अपराधी आंख से ओझल हो गए तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# डीईओ सह डीसी ने मतगणना केंद्र की तैयारियों का लिया जायजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने लिया जायजा, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने मतगणना केंद्र में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को किया ब्रीफ 1581 मतदान केंद्रों में प्राप्त मतों की होगी गणना, 48 प्रत्याशियों के किस्मत का होगा फैसला कल, चाक चौबंद है मतगणना केंद्र की व्यवस्था मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास की ओर जाने वाले सड़कों पर यातायात व्यवस्था में किया गया है परिवर्तन विधानसभा आम निर्वाचन 2024 जिला अंतर्गत 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना 23 नवंबर शनिवार को होनी है। इसको लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास में तैयारियों का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने लिया। उन्होंने मतगणना कर्मियों एवं काउंटिंग एजेंट के प्रवेश निकासी की जानकारी ली। विधानसभा वार टेबलों की संख्या, पोस्टल बैलेट,ईटीबीपी टेबल गणना की जानकारी ली। इस दौरान वज्रगृह से मतगणना हाल कंट्रोल यूनिट को ले जाने एवं गणना के पश्चात ईवीएम-वीवीपैट को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में तैयारियों की जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचीस, लाइटर, वॉटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंग गम आदि लेकर प्रवेश वर्जित रहेगा। इसको लेकर सभी जगह जांच दल तैनात रहेंगे, पर्याप्त मात्रा में साइनेज लगाया गया है। वहीं, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज स्वर्गियारी से मतगणना केंद्र एवं आस-पास की सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली। एसपी ने मतगणना केंद्र में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफ मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास परिसर में शुक्रवार को मतगणना केंद्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा ब्रीफ किया गया। वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। डीईओ सह डीसी ने कहा सभी कर्मी,पदाधिकारी जिन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसका धैर्य पूर्वक निर्वहन करेंगे। संयुक्त कायार्देश जारी किया गया है, जिसमें सभी की प्रतिनियुक्ति स्थल एवं कार्य,दायित्व की जानकारी स्पष्ट दी गई है, उसी अनुरूप सभी कार्य करेंगे। ड्यूटी निष्पादन में कोई किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं करेगा।


## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय रेड क्रॉस समिति ने ब्लड डोनेशन कैंप एवं चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**धनबाद:** शुक्रवार को ब्लड डोनेशन कैंप एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के द्वारा रेमकी नगर निगम अपशिष्ट बरटांड परिसर में आयोजित शिविर में लोगों की सेवा में कौशलेंद्र कुमार सिंह चेयरमैन, कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य एवं चेयरमैन सलाहकार भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक,नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन बेनजीर परवीन, नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डा. जिम्मी अभिषेक, नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार एवं अनिल भगत, आजीवन सदस्य रंजीत सिंह, वीरेंद्र कुमार,मोहम्मद इरशाद आलम एवं रेमकी के देवेन्द्र कुमार महतो, मोहम्मद तबशीर अनवर खान, अश्वनी, शैलेश पांडे, श्रुती राज, सुनील कुमार एवं अन्य उपलब्ध रहें। जरूरतमंदों के सहयोग हेतु इस चिकित्सा शिविर में 50 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच पड़ताल कराया। जरूरतमंदों को मर्ज के अनुसार दवाईयां दी गई एवं 20 युनिट रक्त संग्रह किया गया।

### बोकारो जिला के 48 प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला आज




**बोकारो:** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 शनिवार 23 नवंबर को रिजल्ट जारी किया जाएगा। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। वोटों की काउंटिंग के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों की गणना होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी. मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के सख्त इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि प्रदेश में इस बार सिर्फ दो चरणों में चुनाव संपन्न कराया गया है। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। वोटो की गिनती चास के सदर बाजार में होनी है जिसमें बोकारो के चार विधानसभा गोमिया, बेरमो, बोकारो और चंदनक्यारी है जिसमें कुल 48 प्रत्याशी का भाग्य चुनावी वॉलेट में बंद है ।

### भाजपा उत्तरी नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक

**बोकारो :** चास टाईगर फोर्स कार्यालय में शुक्रवार को बूथ समीक्षा भाजपा उत्तरी नगर अध्यक्ष अमर स्वर्णकार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वार्डवार बूथ स्तरीय समीक्षा हुई। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को लेकर लोगों को बधाई दिया गया। कहा कि निगम क्षेत्र के लोग जात,धर्म आदि से ऊपर राज्य को मजबूत और विकसित राज्य बनाने को लेकर पर योगदान दिया है। राज्य में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

### गोंदली पोखर में मटन हांडी हाउस का हुआ उद्घाटन



**अनगड़ा:** गोंदली पोखर राजधानी होटल के समीप चंपारण हांडी मटन हाउस का का उद्घघाटन भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू मंडल अध्यक्ष सुनील महतो आजसू नेता रोशन लाल मुंडा दुर्गा महतो संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया मौके पर चंपारण हांडी मटन ओनर गौरव जायसवाल ने बताया की इस क्षेत्र में लोगो को अच्छी सुविधा मिलेगी यह पहला गोंदली पोखर में हांडी मटन हाउस खुला है मौके पर गोविंद जायसवाल राजू प्रामाणिक विजय साहू सुरेश महतो धनकिशोर साहू आदि शामिल थे।

### सादगी के साथ मना झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस



**रांची :** शुक्रवार को हर वर्ष झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाता है। चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सादगी के साथ झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया गया। विधानसभा स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर झारखंड विधानसभा के स्थापना काल को स्मरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने झारखंड विधानसभा के पदाधिकारियों और कर्मियों को शुभकामनाएं दी।,

### प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहा टोटो जब्त चालक गिरफ्तार

**गिरिडीह :** गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बरवाडीह के पास गुरुवार को प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहे टोटो को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। पुलिस ने प्रतिबंधित मांस लदे टोटो के चालक को गिरफ्तार कर लिया और टोटो व चालक को थाना ले गई। उससे पूछताछ की गई। बताया गया कि चालक टोटो की दोनों सीटों के बीच करीब 3 किलो प्रतिबंधित मांस छुपाकर बरवाडीह की ओर ले जा रहा था। रास्ते में टोटो ने एक बच्चे को धक्का मार दिया। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने टोटो को घेर लिया। टोटो से दुर्गंध आने पर लोगों को शक हुआ। जांच करने पर सीट के नीचे छुपाकर रखा मांस दिखा। यह देख लोग उग्र हो गए।

## एक नजर

### मतगणना कर्मी का द्वितीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**साहिबगंज:** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत पोस्टल बैलेट काउंटिंग स्टाफ और ईवीएम काउंटिंग स्टाफ का द्वितीय प्रशिक्षण का आयोजन सिद्धों कान्हू सभागार, जिला पंचायती राज कार्यालय, उत्क्रमित नगर पालिका कन्या विद्यालय में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने पोस्ट बैलेट काउंटिंग स्टाफ और ईवीएम काउंटिंग स्टाफ का द्वितीय प्रशिक्षण का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रशिक्षण में मतगणना के पश्चात ईवीएम/वीवीपीएटी तथा अन्य दस्तावेजों को सील करना जैसे बीयू का सीलिंग सीयू का सीलिंग वीवीपीएटी का सीलिंग, पौकेटस संख्या 01 से 04 को सील बंद करना, बैलेट यूनिटस और कंट्रोल यूनिटस का संग्रहण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत /प्रशिक्षक के रूप में मनोहर शर्मा, शंकर साह, विनय कुमार, रविन्द्र कुमार झा, प्रभात कुमार सिंह, संजय कुमार पासवान उपस्थित थे।

### महज 10 लोगों ने जमा कराए दस्तावेज




**साहिबगंज:** जिला में चीटफंड कंपनियों की जांच के लिए पहुंची सीबीआई टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गुरुवार को केवल 10 लोगों ने जांच टीम के समक्ष अपने दस्तावेज उपलब्ध कराए। मालूम हो कि सीबीआई टीम चीटफंड मामले को लेकर 21 और 22 नवंबर तक दस्तावेज जमा करने को कहा था। मेसर्स साईं प्रसाद फूड्स लिमिटेड, मेसर्स साईं प्रसाद प्रॉपर्टीज लिमिटेड, मेसर्स साईं प्रसाद कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा मेसर्स एसपी किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध मिली शिकायतों को लेकर सीबीआई जांच करने साहिबगंज पहुंची है।

### नेताजी सुभाष मेडिकल अस्पताल में एक माह में 70 गंभीर मरीजों का सफल ऑपरेशन संपन्न

**सरायकेला :** नेताजी सुभाष अस्पताल में एक माह पूर्व ऑपरेशन थियेटर की शुरूआत हुई थी। इस एक माह में 70 गंभीर मरीजों का सफल ऑपरेशन हुआ है। यह जानकारी नेताजी सुभाष मेडिकल अस्पताल की एमडी विभा सिंह और चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने शुक्रवार को दी। अस्पताल की एमडी विभा सिंह ने बताया कि नेताजी सुभाष ग्रुप के मेडिकल कॉलेज अस्पताल आदित्यपुर का शुभारंभ होने से गरीब तबके के मरीजों को सुपर हॉस्पिटेलिटी का लाभ मिल रहा है . यहां प्रबंधन ने ओपीडी फ्री कर रखा है जिसके वजह से यहां प्रतिदिन 1100 के करीब मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। अस्पताल के चेयरमैन मदन मोहन सिंह। पटना के बिहटा में 650 बेड का नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल पूर्व से ही संचालित हो रहा है। वहां पांच सौ छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। वहां अब पीजी की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। चेयरमैन एमएम सिंह का कहना है कि यह अस्पताल गरीबों के लिए खुला है। यहां कम खर्चे में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष ग्रुप आदित्यपुर में 650 बेड के नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शुरूआत की है। पर्याप्त संख?या में डाक्टरों के अलावा प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ भी अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# गढ़वा में मोबाइल दुकान से 16 लाख की चोरी का खुलासा, दो अरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गढ़वा :** पुलिस ने गढ़वा के मझिआंव बाजार स्थित मोबाईल दुकान से 16 लाख के मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में कृष्ण चौधरी और मुकेश कुमार शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर दो बोरी में भरा सीलबंद 96 मोबाईल और कांड में चोरी गये 4 मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने शुक्रवार को बताया कि गत 13 नवम्बर की रात मझिआंव बाजार के मां वैष्णवी मोबाईल दुकान में वेन्टीलेटर तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा करीब 16 लाख कीमत के 105 पीस स्मार्टफोन चोरी किया गया था। घटना के संबंध दुकानदार सुमित कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले के खुलासा के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में संलिप्त आरोपितों का पता लगाने और मोबाईल की बरामदगी के लिए विभिन्न जगहों पर लगातार छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में कृष्णा कुमार चौधरी को पकड़ा गया। उसके पास से चोरी किया गया विवो कंपनी का एक मोबाईल बरामद किया गया। पुलिस को पूछताछ में आरोपित ने बताया कि इस घटना में उसका पत्नी का भाई मुकेश कुमार वेन्टीलेटर तोड़कर दुकान में घुसकर दो बोरी मोबाईल चोरी किया और दोनों बोरी को मुकेश चौधरी एवं बसंत चौधरी अपने बाइक में साथ लेकर गये थे। पुलिस की टीम मुकेश कुमार के घर छापेमारी कर मोबाईल से भरा हुआ एक बोरा बरामद किया। इसके बाद आरोपित मुकेश कुमार को पकड़ा गया। उसने पुलिस को बताया कि चोरी किया गया एक बोरा मोबाईल गढ़वा थाना क्षेत्र के डटमा गांव में बड़े जीजा बसंत चौधरी के घर में छिपा कर रखे हैं। पुलिस की टीम ने डटमा में बसंत चौधरी के घर पर छापेमारी कर मोबाईल से भरा हुआ बोरा बरामद किया। आरोपित बसंत चौधरी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में गढ़वा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, सुनील कुमार तिवारी, आकाश कुमार , चंदन प्रधान, आलोक कुमार, नीरज कुमार पांडे सहित अन्य शामिल थे।

## एडिटेड वीडियो वायरल कर मेरी छवि को धूमिल करने की साजिश : प्रभात




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखण्ड क्षेत्र के पारगामा निवासी सह कुड़मी समाज के जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के समय का एक एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर मेरा छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के समय चोरी से ये वीडियो बनाया गया था,उस समय मुझे रोककर जबरन डराया धमकाया गया यहां तक कि मुझे जान से मारने की धमकी दी गई, मुझे उकसाया गया ताकि में गुस्से में आकर गाली गलौज करूं। ये घटनाक्रम लगभग 30 मिनट तक चली, और ये वायरल वीडियो सिर्फ एक से डेढ़ मिनट का है, इसको काट छांट कर पेश किया गया। कुड़मी समाज मैं में जिला प्रभारी हूं और रेल टेका, डहारे टुसू आदि सामाजिक आंदोलन में सक्रिय रूप में भाग लिया हूं,जिसका मेरे ऊपर पुलिस केस भी है मेरी प्रतिष्ठा और लोकप्रियता को देखते हुए मेरे विरोधियों द्वारा ये एक षड्यंत्र के तहत मुझे बदनाम करने की कोशिश है। में कुढ़मी के सभी साथियों को कहना चाहता हूं कि में समाज के हित में था, हूं, ओर समाज हित में हमेशा काम करता रहूंगा। और जो भी मेरे विरुद्ध इस तरह का षड्यंत्र किया है जल्द ही उनलोगों के विरुद्ध मानहानि का मामला दर्ज कराऊंगा।

## पुराने रंजिश में आपस में भिड़े दो भाजपा नेता, मारपीट में कई लोग हुए घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** प्रखंड में गुरुवार की रात करीब 10:00 बजे के आसपास बरहरवा बाजार स्थित हाटपाड़ा रोड में कमल भगत के घर के पास दो भाजपा नेताओं के बीच मारपीट होने का मामला आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के साहिबगंज जिला के पूर्व अध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल कृष्ण भगत के बीच व्हाट्सएप ग्रुप में किसी चीज को वायरल कर दिए जाने तथा विगत विधानसभा चुनाव में आजसू प्रत्याशी से चुनाव खर्चा के नाम पर मोटी रकम लेने की बात को लेकर पिछले कई दिनों से झगड़ा चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों नेता एवं उनके समर्थक गुरुवार की रात को आपस में भिड़ गए एवं जमकर मारपीट हुई बताया जाता है कि इस घटना में वैद्यनाथ सिंह को गंभीर चोटे आई हैं। जबकि इस घटना में न्यूज 11 के पत्रकार सुधाकर उर्फ पिंकू को भी बीच बचाव के दौरान चौटे लगने की बात कही जा रही है। जबकि दूसरे पक्ष का दावा है कि उन्हें भी चोट आई हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि वैद्यनाथ सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस घटना को लेकर बरहरवा में कमल भगत तथा वैद्यनाथ सिंह के समर्थक जितने मुंह उतनी बातें कर रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी बरहरवा सुमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें देर रात मिली है दोनों ही पक्ष के तरफ से थाने में लिखित शिकायत की गई है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज करने से संबंधित कोई समाचार नहीं मिला था। इस घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चचाएं भी सुनने को मिल रही है।

## एनटीटीएफ में दो दिवसीय खेल का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोलमुरी :** गोलमुरी स्थित आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में 2 दिवसीय खेल आयोजन नाइट एवं परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के भारतीय वायु सेना अधिकारी हड हरि सिंह मौजूद रहे। आयोजित 'स्पोर्ट्स फेस्ट' का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवम् संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में खेलकूद को जीवन की जरूरत बताते हुए कहा कि खेल जीवन में ऊर्जा का संचार करता है एवं जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता इच्छाशक्ति की मजबूती एवं संघर्ष ही आपको लक्ष्य तक पहुंचाता है। फिर प्राचार्य प्रीता जॉन द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुछ दे सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य ने कहा कि लीडरशिप एवं टीम स्पिरिट को समझने के लिए खेलकूद एक महत्वपूर्ण जरिया है। कार्यक्रम में फुटबॉल, वॉलीबॉल, टग ऑफ वॉर, बैडमिंटन जैसे खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन देते हुए छात्रों ने टीम स्पिरिट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। आयोजित ' स्पोर्ट्स फेस्ट ' में मुख्यतः आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय, बाल ज्ञान पीठ स्कूल, पीपल हाई स्कूल, साउथ प्वाइंट स्कूल, विद्या भारती चिन्मया, सिस्टर निवेदिता इंग्लिश स्कूल, उत्कल समाज हाई स्कूल,विवेक विद्यालय, शिक्षा निकेतन,विग स्कूल,गुलमोहर हाई स्कूल, गुरु गोविंद सिंह हाई स्कूल हिंदी हिंदुस्तान मित्र मंडल है। फुटबॉल फाइनल मैच विनर विद्याभारती चिन्मया विद्यालय स्कोर ऑफ 4-2 इन पलेंटी शूटआउट एंड सेकंड प्लेस डिस कम इढट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स बैडमिंटन फर्स्ट प्राइज श्रुति काशीडीह हाई स्कूल स्कोर 10-8 मानशी कुमारी सेकंड स्कोर रिया कुमारी थर्ड प्लेस। खेलकूद के आयोजन में रमेश राय वाईस प्रिन्सिपसल, शिवाप्रसाद, बीपी आचार्य, लक्ष्मण सोरेन, हिरेश अजीत कुमार शशि है रंजन मिश्रा, पंकज गुप्ता, पल्लवी चौधरी शिल्पा स्मृति मिश्रा प्रीति, मंजुला, एवं अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

## अवैध बालू लदे चार हाइवा को वन विभाग ने किया जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी के वन प्रमंडल पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग के अध्किारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार कीर देर रात तोरपा थाना क्षे के गिड्डुम जंगल में छापेमारी कर अवैध बालू लदे चार हाइवा को जब्त कर लिया। पकड़े गये हाइवा में (जेएच 01 बीएक्स 1764), (जेएचच 01 डीएम 0501), (जेएच 01 ढफजी 8523) और (जेएच 02 एवी 5630) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, खूंटी के डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि गिड्डुम जंगल के पास कारो नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर उसका परवहन किया जा रहा है। डीएफओ के निदेश पर तोरपा और रनिया के विन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम का गठन कर जंगल में छामेमारी कर इन चारों हाइवा को जब्त किया गया। इस संबंध में वन विभाग ने शुक्रवार को सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। छामेपारी टीम में प्रभारी वनपाल नितेश केशरी, प्रभारी वनपाल विनोद लुगुन, खूंटी के प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह और राकेश सिंह के अलावा अन्य वनकर्मी शामिल थे।

# डीसी-एसपी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गोड्डा :** गोड्डा जिले में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है. जिले की तीनों विधानसभा सीटों गोड्डा, महगामा व पोड़ैयाहाट की मतगतणना पॉलिटेक्निक कॉलेज, सिकटिया में बनाए गए मतणना स्थल पर शनिवार की सुबह 8 बजे से शुरू होगी। गोड्डा डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी जिशान कमर व एसपी अनिमेष नैथानी ने शुक्रवार को मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रही तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। डीसी ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। इसके लिए पोड़ैयाहाट व महागामा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10-10 टेबल बनाए गए हैं। गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के लिए 12 टेबल बनाए गए हैं। दूसरे चरण में ईवीएम के मतों की गणना की जाएगी। महागामा विधानसभा क्षेत्र के लिए 18 और गोड्डा व पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए 16-16 टेबल बनाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग सहायक और माइक्रो-ऑब्जर्वर की ड्यूटी रहेगी। ईवीएम को वज्रगृह से मतगणना केंद्र तक लाने के लिए विधानसभावार अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। मतगणना केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। काउंटिंग एजेंट व काउंटिंग स्टाफ के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। अनधिकृत व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। सघन जांच के बाद ही कर्मियों व एजेंटों को अंदर जाने की इजाजत होगी। डीसी व एसपी ने संबंधित अधिकारियों को मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था व अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तुरुप के पास घायल अवस्था में मिला अज्ञात व्यक्ति



**अनगड़ा :** तुरुप रिंग रोड के समीप एक अज्ञात व्यक्ति चार दिनों से सड़क के किनारे पड़ा था और उस व्यक्ति के राइट पर गहरा जख्म था चल फिर नहीं सकता था इस बात की जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यच जलेश्वर उर्फ मार्शल ने 108 पर कॉल कर एम्बुलेंस बुलाया नहला धुला कर इलाज के लिए रिम्स भेजवाया। मौके पर सालहन मुखिया सरिता तिर्की जगेसर महतो युवा नेता गोतम चौधरी आदि शामिल थे।

### प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद, आज खुलेगा पिटारा




**साहिबगंज:** राजमहल, बोरियो और बरहेट विधानसभा क्षेत्रों में हाल ही में हुए मतदान के बाद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें उस ऐतिहासिक दिन पर टिकी हैं, जब मतगणना के दौरान यह पिटारा खुलेगा। 23 नवंबर 2024 का दिन इन तीनों क्षेत्रों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेगा। चुनाव प्रचार के दौरान हर प्रत्याशी ने अपने वादों और योजनाओं के साथ जनता का भरोसा जीतने की पूरी कोशिश की। राजमहल से लेकर बरहेट तक, हर गली-मोहल्ले में चुनावी चचाएं चरम पर रहीं। अब मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं। 23 नवंबर को होने वाली मतगणना में साफ हो जाएगा कि जनता ने किसे अपना जनप्रतिनिधि चुना है। हर सीट पर मुकाबला बेहद रोमांचक रहा है, और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि किसे जनता का आशीर्वाद मिलता है।यह दिन केवल चुनावी नतीजों का नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और बदलाव की दिशा तय करने वाला भी होगा। प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा जब खुलेगा, तब स्पष्ट होगा कि क्षेत्र के लोगों ने किसे अपने सपनों और उम्मीदों का नेतृत्व सौंपा है। अब सभी की निगाहें 23 नवंबर पर टिकी हैं, जब ईवीएम का रहस्य खुलेगा और यह तय होगा कि कौन बनेगा राजमहल, बोरियो और बरहेट का अगला विधायक।

### कार और बाइक की टक्कर में दंपति की मौत, सड़क पर लगाया जाम



**दुमका:** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे पर कुंजी गांव के समीप बाइक और कार की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर होते ही महिला दूर जा गिर गई की और उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार व्यक्ति दोनों पति-पत्नी थे। वे बाइक होंडा एसपी 125 (जेएच 04एक्स 2903) से हंसडीहा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार टाटा पंच कार (डब्ल्यूबी 40 एवी 6616) श्राद्ध का कार्ड का वितरण करने के लिए नोनीहाट कचुआ, कुसुमडीह आ रही थी। इस बीच कुजी गांव के पास कार चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कार और बाइक में टक्कर हो गई। यह घटना ट्रक को ओवरटेक करने के क्रम में हुई। मृतक हंसडीहा थाना क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी झारो राय (30) और उसकी पत्नी हीरा कुमारी (24) हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद हंसडीहा थाना पुलिस मौके पर पहुंच घायल दंपति को जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट ले गयी, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस कार को जब्त कर हंसडीहा ले आयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। अधिकारियों के सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजे देने के आश्वासन पर जाम हटा और परिचालन सुचारू हुआ।

### सरायकेला व खरसावां विधानसभा क्षेत्र की 15 और ईचागढ़ की 17 राउंड में पूरी होगी मतगणना



**सरायकेला:** सरायकेला-खरसावां जिले की तीनों विधानसभा सीट की मतगणना शनिवार 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां सरायकेला विधानसभा और खरसावां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वोटों की गिनती 15 राउंड में जबकि ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वोटों की गिनती 17 राउंड में पूरी होगी। मतगणना कार्य में 111 ईवीएम काउंटिंग सुपरवाइजर, 115 ईवीएम काउंटिंग असिस्टेंट, 56 पोस्टल काउंटिंग असिस्टेंट एवं 26 पोस्टल सुपरवाइजर को लगाया है। साथ ही 128 ईवीएम माइक्रो ऑब्जर्वर तथा 26 माइक्रो आब्जर्वर की भी तैनाती की गई है। सुबह 9 बजे पहला रुझान आएगा। जिसके बाद हर आधे घंटे में मतों की गिनती होती रहेगी और राउंडवार इसकी जानकारी आम लोगों को दी जाएगी। मतगणना स्थल पर सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, मोबाइल आदि ले जाने पर पाबंदी लगाई गई है।

# पार्टियों के लिए चुनाव जीतने का एकमात्र फंडा मुफ्त रेवड़ी कल्चर



मनोज कुमार अग्रवाल

**मतदाता को ही सोचना होगा कि ऐसी रेवड़ियां भले फायदेमंद लगें मगर इनसे सरकारी कोष पर पड़ने वाला भार देर सबेर उसी से वसूला जाता है। सड़क बिजली पानी जैसे अधोसंरचनात्मक विकास के प्रभावित होने और महंगाई बेरोजगारी बढ़ने जैसे अन्य प्रभाव भी अंततः उसी के सिर पड़ने वाले हैं। अंत में मामला कुल मिलाकर इस हाथ दे और उस हाथ ले वाला ही साबित हो जाना है। यह जागरूकता जितनी जल्द आए उतना अच्छा होगा।**

मप्रदेश सरकार अटल ग्रह ज्योति स्कीम में बिजली सब्सिडी घटाने की तैयारी में है। वर्तमान पात्रता 150 यूनिट है जिसे 100 करने का प्रस्ताव है जिससे लगभग 62 लाख उपभोक्ता स्कीम से बाहर हो जाएंगे। किसानों को झटका देने की तैयारी भी है जिन्हें लगभग दोगुनी महंगी बिजली मिलेगी। करदाता के पैसे से मुफ़्त रेवड़ी बांटकर वोटों की फसल काटने के लिए सारे देश में मिसाल बन चुकी सरकार का यह कदम आश्चर्यजनक है। लगता है कि चुनाव की वैतरणी पार कर लेने के बाद अब सरकार को अपनी जेब में हुए छेद की फि क्र सताने लगी है।

मध्यप्रदेश सरकार की मुफ़्त पैसा बांटने वाली लाड़ली बहना जैसी ग्यारंटीड चुनावी सक्सेस वाली योजना ऐसी मिसाल है जिसका विधानसभा चुनावों में देश के तमाम राजनीतिक दलो ने अंधानुकरण किया है। ताजा नजीर महाराष्ट्र की है जहां भाजपा, शिंदि शिवसेना और अजित पवार की साझा सरकार ने एन चुनाव के पहले बहनों के वोट बटोरने का न सिर्फ ऐसा ही दांव खेला है बल्कि एक कदम आगे बढ़कर भाइयों को भी इसमें शामिल कर लिया है। बहरहाल महाराष्ट्र वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्य है और अपनी औद्योगिक और व्यापारिक अधोसंरचना के चलते ऐसी योजनाएं चलाने में सक्षम साबित हो सकता है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। औद्योगीकरण के लिए जरूरी अधोसंरचना का शुरू से अभाव रहा है और अभी तक का इतिहास देखें तो इस दिशा में हुए प्रयास ज्यादा सफल नहीं रहे हैं। औद्योगीकरण आकर्षित करने के तमाम सरकारी आयोजनों के बावजूद स्थापित उद्योग मूलतः मध्यम और लघु श्रेणी के ही हैं। आर्थिक बदहाली के कारण समय पर सब्सिडी न मिलने से ये उद्योग भी बदहाली का शिकार हैं। नतीजतन उनसे पैदा होने वाले रोजगार की संभावनाएं धूमिल हो रही हैं।

मुफ़्त रेवड़ी कल्चर पर होने वाली बहस में अक्सर प्रश्न उठता है : इनसे सरकारें मतदाता को भ्रष्ट बनाती हैं या




मतदाता का लालच सरकारों को ऐसे भ्रष्टाचार के लिए मजबूर करता है ? इनमें होने वाला गड़बड़ झाला परिचय का मोहताज नहीं है। कन्यादान योजना में दी जाने वाली एकमुश्त रकम की लालच में विवाहित जोड़ों का पुनः विवाह और दहेज में दिए जाने वाले सामान की सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां रही हैं। सरकारी खर्च पर दी जाने वाली मंगलसूत्र जैसी पवित्र वस्तु की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार होता रहा है। निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले वंचित वर्गों के छात्रों की छात्रवृत्ति के वितरण में भी करोड़ों का भ्रष्टाचार होता रहा है। फायदा उठाने वाले चुपचाप जो मिल रहा है बहुत है की भावना से आधा पाकर पूरे पर दस्तखत कर देते हैं। सरकारी कारिंदे और उनके आका बाकी आधा अंदर करते हैं। नेता भी मजे से अपना हिस्सा वसूलता है और वोट की फसल बोता है। रेवड़ी कल्चर पर बहस में यह भी कहा जाता है कि इससे उत्पादकता में कमी होती है। भारतीय समाज मूल रूप से संतोषी स्वभाव का है। आज का इंतजाम हो जाए , कल की कल देखेंगे की मानसिकता वाला। ऐसे में मुफ़्त की रेवड़ियों से उत्पादकता प्रभावित होने का अंदेशा स्वाभाविक है।

इन लोक लुभावन योजनाओं पर कितनी भी बहस हो, एक बात तय है। जिस तरह से तमाम राजनीतिक दलों ने इन्हें अंगीकार किया है, ऐसी योजनाएं जल्द जाने वाली नहीं हैं। नित नए कलेवर में आती रहेंगी। वंचित और कमजोर वर्गों की सहायता बुरी नहीं है बशर्ते वह सुपात्रों तक पहुंचें और भ्रष्टाचार का साधन न बने। स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी का रुपए में से मात्र पंद्रह पैसे ही गरीब आदमी तक पहुंचने वाला बयान आज भी सामयिक है। बैंक खाते में सीधे जमा होने वाली सब्सिडी रकम के जरिए यह भ्रष्टाचार कम हो सकता है।? आधार और जन-धन खातों ने इसे सुगम भी बनाया है। ऐसी मदद पूरी तरह सीधे गरीब तक पहुंचती है।? रास्ते में होने वाला भ्रष्टाचार भी रुकता है।? मगर आदमी का दीर्घकालिक फायदा सड़क बिजली पानी जैसी अधोसंरचना के विकास में है। मुफ़्त रेवड़ियां फौरी राहत तो देती हैं मगर उनकी कीमत पर विकास का पिछड़ना सार्वजनिक हित में नहीं है। प्रदेश सरकार लगभग पौने चार लाख करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबी हुई है। बीस हजार करोड़ प्रतिवर्ष से अधिक की राशि सिर्फ ब्याज चुकाने में जा रही है। उस पर गाहे-बगाहे कर्ज उठाने की खबरें आती रहती हैं। सरकारी नुमाइंदे कहते हैं कि कर्ज अभी भी रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित शर्तों के अंदर है। मगर सिर्फ इस आधार पर और कर्ज उठाना ठीक नहीं बैठता। बढ़ते कर्ज और ब्याज का बोझ अंततः विकास प्रभावित करता है। मुद्रास्फीति महंगाई बढ़ाती है जिसका भार अंततः आम आदमी पर पड़ता है।

मध्यप्रदेश सरकार का बिजली सब्सिडी में कमी का प्रस्ताव बताता है कि अब ऐसी योजनाएं राजकोषीय घाटे को इस हद तक प्रभावित करने की स्थिति में आ गई हैं कि सरकारें सोचने पर मजबूर हों। सौभाग्य से देश में रिजर्व बैंक जैसी दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन को देखने वाली संवैधानिक स्वायत्त संस्था है जो सच्चे अर्थों में राजनीतिक हितों से परे रहकर निर्णय लेती है। तात्कालिक चुनावी फायदा देखने वाले राजनैतिक दलों से उम्मीद बेमानी है। मतदाता को ही सोचना होगा कि ऐसी रेवड़ियां भले फायदेमंद लगें मगर इनसे सरकारी कोष पर पड़ने वाला भार देर सबेर उसी से वसूला जाना है। सड़क बिजली पानी जैसे अधोसंरचनात्मक विकास के प्रभावित होने और महंगाई बेरोजगारी बढ़ने जैसे अन्य प्रभाव भी अंततः उसी के सिर पड़ने वाले हैं। अंत में मामला कुल मिलाकर इस हाथ दे और उस हाथ ले वाला ही साबित हो जाना है। यह जागरूकता जितनी जल्द आए उतना अच्छा होगा।

## संपादकीय

### महायुद्ध का खतरा

रूस के खिलाफ यूक्रेन को लंबी दूरी के मिसाइल की खुली छूट कर अमेरिका, ब्रिटेन सहित अन्य पश्चिमी देश 'कयामत' को न्योता दे रहे हैं। अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की स्टार्म में शैडो मिसाइलों की आपूर्ति की है जिसका रूस के अंदरूनी हिस्सों में इस्तेमाल किया गया है। बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को एंटी पर्सनल लैंडमाइन का इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी है। ये सभी कार्रवाई



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उकसाने वाली है। यदि अमेरिका और पश्चिमी देशों की रूस को भड़काने वाली नीतियां जारी रही तो पुतिन उन्हें अवश्य दंडित करेंगे। जाहिर है इससे यूरोप में बड़े पैमाने पर जंग छिड़ सकती है जिसमें परमाणु हथियारों के प्रयोग से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यूक्रेन को अमेरिकी मदद से नाराज राष्ट्रपति पुतिन देश की परमाणु नीति में बदलाव किया है, जिसके तहत प्रावधान किया गया है कि अगर किसी एटमी ताकत की मदद से गैर-एटमी देश रूस पर पारंपरिक हथियारों से भी हमला करता है तो रूस जवाबी कार्रवाई में एटमी हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। यूक्रेन द्वारा अमेरिका और ब्रिटेन के मिसाइलों के इस्तेमाल के बाद रूस ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। इसके बाद अमेरिका सहित इटली, स्पेन और ग्रीस ने यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित अपने दूतावासों को बंद कर दिया है। अमेरिका और पश्चिमी देश परमाणु युद्ध के खतरे को नजरअंदाज कर रूस-यूक्रेन युद्ध की आग में घी डालने पर आमादा हैं। यूक्रेन संकट के बाद दुनिया का क्या खाका बनेगा अभी यह निश्चित नहीं है। घटना कोई भी रूप ले सकती है। यूक्रेन का घटनाक्रम कुछ दिनों या कुछ महीनो का नतीजा नहीं है। बरसों से सुलग रहा ज्वालामुखी फटा है। विश्व नेताओं की यह अदूरदर्शिता है कि उन्होंने बरसों तक भावी संकट से बचाव का कोई उपाय नहीं किया। इसके विपरीत उन्होंने इसका इस्तेमाल दुनिया पर अपना दबदबा बनाए रखने के लिए किया। विश्व शांति और स्थिरता बनाए रखने की बजाय अपना वर्चस्व स्थापित करने का यह स्वाभाविक नतीजा था कि महाशक्तियां आमने-सामने आ जाएं। भारत ने इस घटनाक्रम पर जो रवैया अपनाया है वह दुनिया के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। भारत का जोर टकराव टालने और संघर्ष को रोकने के लिए कूटनीति और बातचीत का सहारा लेने का रहा है।

## चिंतन-मनन

### अहिंसा का स्वरूप

सामान्यतः अहिंसा को निषेधार्थक माना जाता है। 'न हिंसा -अहिंसा'- हिंसा का अभाव अहिंसा है, यह इसकी एकांगी परिभाषा है। इसको सर्वांगीण रूप से परिभाषित करने के लिए इसके विधेयार्थ और निषेधार्थ दोनों को समझना जरूरी है। किसी प्राणी के प्राणों का वियोजन नहीं करना, इस सूत्र का हिंसा के संदर्भ में जितना मूल्य है, उससे भी अधिक मूल्य है किसी भी प्राणी के प्रति अनिष्ट चिंतन के बहिष्कार का।

असत विचार हिंसा है। असत् वचन सा है। जितना कुछ झूठ बोला जाता है, वह हिंसा की प्रेरणा से ही बोला जाता है। असत् चिंतन और असत वाणी की तरह असत व्यवहार मात्र हिंसा है, चाहे वह किसी के भी प्रति हो। मनुष्य की प्रवृत्ति सत् और असत् दोनों प्रकार की होती है। जिस प्रवृत्ति के साथ असत शब्द का योग हो जाता है, वह हिंसा-संवलित ही होती है।

दूसरों के प्रति द्वेष की भावना, ईर्ष्या, उन्हें गिराने का मनोभाव और उनकी बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को रोकने के सारे प्रयत्न हिंसा में अंतर्गर्भित हैं। दूसरों के मन में भय उत्पन्न करना, उनके सामने दुखद परिस्थितियां उभार देने, उनके विकास के मार्ग में बाधा पहुंचाना आदि प्रवृत्तियां भी हिंसा की परिधि में समाविष्ट हैं। इन प्रवृत्तियों का सर्वथा निरोध अहिंसा का आदर्श है। यह अहिंसा का नेगेटिव पक्ष है।

अपने पॉजिटिव पक्ष में अहिंसा समता, मैत्री, संयम आदि उदात्त वृत्तियों से अनुबंधित है। यहां अहिंसा का वाच्यार्थ न मारने तक की सीमा में आबद्ध नहीं है। जहां यह प्रतिबद्धता जुड़ जाती है, अहिंसा का व्यापक अर्थ एक छोटे-से संदर्भ में समा जाता है। समता का धरातल असीम है। मैत्री की पौध इसी धरातल पर फली-फूली रह सकती है। इससे आत्मौपम्य की भावना जागृत होती है। आत्मतुला की बुद्धि से प्रेरित व्यक्ति कही अहिंसा को समझ सकता है और उसका पालन कर सकता है। जो व्यक्ति छोटे और बड़े, अनुकूल और प्रतिकूल हर प्राणी के प्रति समत्व बुद्धि का विकास करता है, वह अहिंसक होता है।

# आतंकवादियों के निशाने पर पाकिस्तान अर्थात् बोया पेड़ बबूल का आम कहां से होय



डॉ. हिदायत अहमद खान

आतंकवादी हमला चाहे जहां भी हो, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। इस समय पाकिस्तान आतंकवादियों के निशाने पर है। पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में आतंकवादियों ने बड़े हमले कर न सिर्फ अपनी मौजूदगी को पुख्ता तौर पर दर्ज कराने का काम किया बल्कि अपनी ही सरकार के प्रति नाराजगी को भी बतला दिया है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि आतंकवाद पाकिस्तान की अपनी खुद की उपज है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक दिन पहले ही आतंकियों ने पैसेंजर वैन पर गोलियां बरसाकर करीब 50 लोगों को हलाक कर दिया। इस हमले में एक पुलिस अधिकारी सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं। हमले के संबंध में बताया गया कि पैसेंजर वैन जैसे ही लोअर कुर्रम के ओचुट काली और मंदुरी के करीब से गुजरी, वहां पहले से घात लगाकर बैठे आतंकियों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस हमले से पहले आतंकवादियों ने पाकिस्तानी सेना की पोस्ट में एक आत्मघाती हमला किया था, जिसमें 12 सैनिकों की मौत हो गई थी। इस दौरान 6 आतंकी भी मारे गए थे। इन आतंकी हमलों की पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कड़ी निंदा की और मृतकों के शोक संतप्त



परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। यह दस्तूर है जिसे हर आतंकी हमले के बाद सरकार को निभाना पड़ता ही है। इन घटनाओं के अलावा भी पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में आतंकी हमलों की खबरें लगातार आ रही हैं, लेकिन सवाल यही है कि आखिर आतंकवादियों ने पाकिस्तान में अचानक तो प्रवेश नहीं किया है। सच तो यह है कि आतंकवाद आज पाकिस्तान के लिए जो नासूर बन गया है, वह पहले कभी इसकी ढाल हुआ करता था। इन आतंकियों को लेकर पाकिकस्तान पर सदा से आरोप लगते रहे है कि पड़ोसी मुल्कों को डराने और धमकाने के साथ सरकारों को अस्थिर करने के लिए बड़ी तादाद में हमले कराने का काम पूर्व में पाकिस्तान के द्वारा किया जाता रहा है। आतंकवादियों के हमलों से सदा परेशान रहने वाले भारत ने तो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अनेक दफा पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को प्रश्रय देने का मामला उठाया। यह अलग बात है कि इस समस्या का कोई पुख्ता हल न तब निकला और न अब निकल रहा है। हल इसलिए भी नहीं निकल सकता क्योंकि पाकिस्तान में स्थित सरकार का सदा से टोटा रहा है। पाकिस्तान में सेना द्वारा लोकतांत्रिक सरकारों को बूटों तले रौंदने की परंपरा का पालन होता आया है। ऐसे में आतंकवादियों को पालने और उनके बेजा इस्तेमाल से इंकार नहीं किया जा सकता है। जहां वर्दी से काम नहीं लिया जा सकता वहां यही आतंकवादी काम आते हैं।

यहां कहना गलत नहीं होगा कि जिस आतंकवाद रुपी सांप के सपोले को दूध पिलाकर पाकिस्तान ने बड़ा किया अब वह खतरनाक अजगर का रुप धारण कर चुका है। वह अजदहा अपनी भूख मिटाने के लिए अपने ही पालने वालों को निगल रहा है। इसके बाद इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमले कौन सा आतंकी संगठन कर रहा है या कौन करवा रहा है, क्योंकि यह समस्या पाकिस्तान ने खुद की इजाद की हुई है। बावजूद इसके आतंकवाद किसी भी स्तर पर हो और कहीं पर भी हो सही नहीं ठहराया जा सकता है। इसलिए आतंकी हमलों की जितनी भर्तसना की जाए कम होगी। जहां तक पाकिस्तान की नीति का सवाल है तो इस पर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। हद तो यह है कि लंबे समय से पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी बता रही हैं कि सऊदी अरब ने उनके पति को सत्ता से बेदखल करने के लिए साजिश रची थी। उसी साजिश का नतीजा है कि आज इमरान जेल में हैं और उन पर शिकंजा कसा जा रहा है। बुशरा बीबी ने एक वीडियो संदेश जारी कर बताया कि पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा से कथित तौर पर सऊदी अरब के अधिकारियों ने इमरान के खिलाफ जहर उगला था। बुशरा बीबी ने याद दिलाते हुए बताया, कि जब इमरान खान सऊदी अरब की धार्मिक यात्रा पर मदीना नंगे पांव गए थे तभी जनरल बाजवा को फोन आने शुरू हो गए थे। उनका दावा है कि सऊदी अधिकारियों ने बाजवा से तब कहा था कि ये अपने साथ किस आदमी को उठा लाए...? उनका कहना था कि वो तो शरीयत का निजाम खत्म करना चाहते हैं और वाजवा शरीयत के ठेकेदारों को उठा लाए। इस संदेश में कितनी सच्चाई है, यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन इससे एक बात तो साफ हो गई कि आजादी से लेकर अब तक पाकिस्तान का राजनीतिक गलियारा साजिशों और अपनी ही सरकारों को कमजोर करने और हिंसा के जरिए गिराने वाली घटनाओं से इतिहास भरा हुआ है। इन हालात में कहना गलत नहीं होगा कि जब बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय वाली स्थिति में पाकिस्तान है। आतंकवाद रुपी समस्या पाकिस्तान की अपनी उपज है, जिससे अब वो दो-चार हो रहा है। इसका अब भी यदि हल नहीं निकाला गया तो पाकिस्तान एक बार फिर दो टुकड़ों में बंट सकता है, जिस पर किसी को हैरानी भी नहीं होगी।

# कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य द्वदुर्घटना से देर भलीद्ध पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका द्वद लांसेटद्ध में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं। भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती हैं, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं? जो भी हो, सवाल यह भी है कि इस तरह की तेज रफ्तार सड़कों पर लोगों की जिंदगी कब तक इतनी सस्ती बनी रहेगी? सचाई यह भी है कि पूरे देश में सड़क परिवहन भारी अराजकता का शिकार है। सबसे भ्रष्ट विभागों में परिवहन विभाग शुमार है। भारत में साल 2022 में सड़क हादसों में 1,68,491 लोगों की मौत हुई थी. वहीं, साल 2023 में सड़क हादसों में करीब 1,73,000 लोगों की मौत हुई. यानी, साल 2023 में हर दिन औसतन 474 लोगों की मौत हुई। परिवहन मंत्रालय की ऐसी जानकारी चौंकाती भी है एवं शर्मसार भी करती है। इन त्रासद आंकड़ों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर कर दिया कि आधुनिक और बेहतरीन सुविधा की सड़के केवल रफ्तार एवं सुविधा के लिहाज से जरूरी हैं या फिर उन पर सफर का सुरक्षित होना पहले सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगुनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी। खूनी सड़कों में सबसे शीर्ष पर है यमुना एक्सप्रेस-वे। इस पर होने वाले जानलेवा सड़क हादसे कब थमेंगे? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस पर होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यही नहीं, देश की अन्य सड़के इसी तरह इंसानों को निगल रही है, मौत का ग्रास बना रही है। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत यही बताती है कि अपने देश की सड़कें कितनी अधिक जोखिम भरी हो गई हैं। बड़ा प्रश्न है कि फिर मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा रहे हैं? सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय लोगों के सहयोग से वर्ष 2025 तक सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाना चाहता है, लेकिन यह काम तभी संभव है जब मार्ग दुर्घटनाओं के मूल कारणों का निवारण करने के लिए ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। कुशल ड्राइवरों की कमी को देखते हुए ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल खोलने की तैयारी सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ करना होगा। हमारी ट्रेफिक पुलिस एवं उनकी जिम्मेदारियों से जुड़ी एक बड़ी विडम्बना है कि कोई भी ट्रेफिक पुलिस अधिकारी चालान काटने का काम तो बड़ा लगन एवं तन्मयता से करता है, उससे भी अधिक रिश्वत लेने का काम पूरी जिम्मेदारी से करता है, प्रधानमंत्रीजी के तमाम भ्रष्टाचार एवं रिश्वत विरोधी बयानों एवं संकल्पों के यह विभाग धड़ल्ले से रिश्वत वसूली करता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों को कोई प्रशिक्षण या सीख दी हो, नजर नहीं आता। यह स्थिति दुर्घटनाओं के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है। जरूरत है सड़कों के किनारे अतिक्रमण को दूर करने की, आवारा पशुओं के प्रवेश एवं बेघड़क घुमने को भी रोकने की। ये दोनों ही स्थितियां सड़क हादसों का कारण बनती है। यह भी समझने की जरूरत है कि सड़क किनारे बसे गांवों से होने वाला हर तरह का बेरोक-टोक आवागमन भी जोखिम बढ़ाने का काम करता है। इस स्थिति से हर कोई परिचित है, लेकिन ऐसे उपाय नहीं किए जा रहे, जिससे कम से कम राजमार्ग तो अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात से बचे रहें। इसमें संदेह है कि उलटी दिशा में वाहन चलाने, लेन की परवाह न करने और मनचाहे तरीके से ओवरटेक करने जैसी समस्याओं का समाधान केवल सड़क जागरूकता अभियान चलाकर किया जा सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं फैशन का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती या फैशन है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है?

एक नजर

## लोहरदगा डीसी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**लोहरदगा** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज कृषि उत्पादन बाजार समिति लोहरदगा में 72-लोहरदगा (एसटी) के लिए बनाये गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा की तैयारी, मतगणना के लिए निर्धारित टेबलों की तैयारी समेत अन्य तैयारियों का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिए।निरीक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, निवार्ची पदाधिकारी 72-लोहरदगा (एसटी) सह अनुमण्डल पदाधिकारी लोहरदगा अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## मतगणना के दिन किसी के उकसावे व भ्रम में नहीं पड़ें भाजपा कार्यकर्ता : पुष्पा देवी

**छतरपुर(पलामू)** : छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने कार्यकर्ताओं को मतदान के दिन शांति व्यवस्था बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि छतरपुर भाजपा के सभी कार्यकर्ता व समर्थक किसी भी वाद विवाद में नहीं पड़ें। अनुशासन बनाए रखेंगे। मतगणना एक संवैधानिक प्रक्रिया है। इसे शांति पूर्वक संपन्न होने देना सभी का संवैधानिक जिम्मेवारी है। 23 नवंबर को मतगणना होगा। सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मतगणना केंद्र पर शांति व प्रशासन के सहयोग की भावना से उपस्थित रहेंगे। किसी भी प्रकार के उकसावे व भ्रम में न पड़ें व अपने को सुरक्षित रहें।

## सुआ गांव में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**मेदिनीनगर (पलामू)** : मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव में रेलवे ट्रैक पर एक यूवक का शव पुलिस ने किया बरामद । मृतक यूवक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदों गांव निवासी लखराज सिंह ने 35 वर्षीय पुत्र राजू सिंह के रूप में की गई है। सूचना पाते ही सदर थाना के एएसआई भरथ भूषण सामद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। मृतक के पिता चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो गांव निवासी लखराज सिंह ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार था उसका इलाज रांची के डॉक्टर के परामर्श के अनुसार चल रहा था।

## लातेहार के कुम्हारमरा घाटी में पलटा ट्रक चालक घायल



**लातेहार** : जिले के बारेसाढ़ थाना क्षेत्र में कुम्हारमरा घाटी के पास गुरुवार की देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में चालक को गंभीर चोट लगी है। ट्रक पर लोड मक्का पूरी तरह बिखर गया। घटना के बाद चालक ने घटना की जानकारी रात में ही ट्रक मालिक को दी। इसके बाद देर रात ट्रक चालक को अस्पताल ले जाया गया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। बताया गया कि ट्रक पर लगभग 35 टन मक्का लोड था। अत्यधिक लोड के कारण ही घाटी में उतरने के दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया और खाई में जा पलट गया।

# हार-जीत चुनावी प्रक्रिया का अंग, आर्म्स लहराने या हर्ष फायरिंग करने पर होगी कार्रवाई : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू)** : 23 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। शुक्रवार को पलामू जिले के विभिन्न विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सभी आरओ समेत विभिन्न पदाधिकारियों की मौजूदगी में काउंटिंग का ड्राईरन का आयोजन किया गया। इसके पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रंजन ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित व्रज गृह व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रैकेडिंग,



पंडाल व अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, काउंटिंग हॉल तक जाने वाले रास्ते, मीडिया सेंटर, मेडिकल सेंटर,खाने का स्टॉल व मतगणना कक्ष के कमरों की विभिन्न सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से जारी प्रवेश पत्र के माध्यम से ही मतगणना केंद्र पर प्रवेश कराया जायेगा। मतगणना केंद्र में तैनात मजिस्ट्रेट व्यक्ति की पहचान पत्र की सत्यता की जांच करने के पश्चात ही उसे एंट्री करायेंगे। तीन स्तर पर जांच होने के पश्चात कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र में अनुमति कर सकेगा। मतगणना से जुड़े कर्मियों सहायकों व पर्यवेक्षकों को 23 नवंबर की सुबह 5 बजे से रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। ज्ञातव्य है कि पलामू जिला अंतर्गत कुल 5 विधानसभा क्षेत्र की मतगणना हेतु 96 टेबल बनाये गये हैं।वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना हेतु 40 टेबल( प्रत्येक विधानसभा 8) बनाये गये हैं। 23 नवंबर को होने वाले मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर इंटरनेट व बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कल मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन के पश्चात टेबल का निर्धारण कर लिया जायेगा जिसके बाद मतों की गणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों पर एफएसटी की पैनी नजर रहेगी। किसी भी कीमत पर अनलॉफूल एक्टिविटी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हार-जीत चुनावी प्रक्रिया का अंग है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस में आर्म्स लहराने या हर्ष फायरिंग करने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## पाण्डु थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : पलामू जिला में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को लेकर पाण्डु थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने क्षेत्र की जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है वहीं थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन एवं सड़क सुरक्षा सब की व्यक्तिगत जिम्मेवारी है। उन्हों ने वाहन चालकों को बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रिपल लोड वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति से वाहन न चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक रूल्स का पालन करने से 80 फीसदी तक सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। वहीं थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने कहा



कि सड़क पर चलने वाले सभी लोग यदि यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें तो सड़क दुर्घटनाएं शून्य हो जाएगी। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर के ही सड़क पर चलें। जल्दबाजी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सड़क पर लापरवाही बरतने वाले लोगों की वजह से दुर्घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसीलिए देर से सही परंतु यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित पहुंचने की आम जनता से पाण्डु थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने अपील की।

## लाखों के अफीम की तस्करी में महिला समेत तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षाबल ने लाखों की अफीम की खेप को पकड़ी है। अफीम की यह खेप चंडीगढ़ ले जाई जा रही थी। अफीम की तस्करी के आरोप में आरपीएफ ने एक महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार तस्करों ने रेलवे सुरक्षा बल को कई महत्वपूर्ण जानकारी विधि है एवं तस्करों के नेटवर्क के बारे में भी बताया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर निगरानी रखे हुई थी। इसी क्रम में सूचना मिली की अफीम की तस्करी होने वाली है। आरपीएफ ने सूचना के



आधार पर संदिग्धों की तलाशी ली तो उनके पास से डेढ़ किलो अफीम बरामद हुआ है। मौके से पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के उदयपुरा गोइंदी के रहने वाले ज्ञांती देवी, नागेंद्र पासवान एवं वीरेंद्र साव को गिरफ्तार किया गया। पूरे मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने एफआईआर दर्ज करते हुए आगे का अनुसंधान शुरू किया है। इस छापेमारी में गढ़वा चेक पोस्ट के प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव, उपनिरीक्षक मुन्ना कुमार, महिला कांस्टेबल शिवज्योति कुमार समेत कई अधिकारी शामिल थे। गिरफ्तार तस्करों ने आरपीएफ को बताया है कि वह पंजाब के चंडीगढ़ में अफीम की डिलीवरी देने वाले पैसेंजर ट्रेन से अफीम के खेप को चंडीगढ़ ले जा रहे थे। इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली है। अफीम को पंजाब के चंडीगढ़ ले जाया जा रहा था। एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा करीब डेढ़ किलो अफीम बरामद हुआ है।

## रामगढ़ के रजरप्पा थाने में एनडीए प्रत्याशी की मॉब लींचिंग की कोशिश का मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की हत्या करने के नियत से भीड़ को भड़काने का मामला प्रकाश में आया है। भीड़ पर अंगरक्षक का हथियार छीनने का भी आरोप लगा है। अंगरक्षकों ने कड़ी मशक्कत से प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भीड़ से बचाकर बाहर निकाला। इसके बाद उनके अंगरक्षक के बयान पर रजरप्पा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मामले में छह से अधिक युवकों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जबकि सैकड़ों अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के अंगरक्षक दशरथ सिंह ने रजरप्पा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि मतदान के दिन करीब तीन बजे अपराह्न




आजसू पार्टी प्रत्याशी सुनीता चौधरी दुलमी प्रखण्ड के बूथ संख्या 182 एवं बुथ संख्या 183 का निरिक्षण कर रही थीं। इसी क्रम में ग्राम कुल्ही, प्रखड दुलमी, जिला रामगढ़ निवासी रवि कुमार, अशोक कुमार, बबलु कुमार, यत्तन महतो, नितिश कुमार, ग्राम पोटमदगा, प्रखण्ड- दुलमी निवासी संतोष कुमार महतो, ग्राम मुर्राम कलां रामगढ़ निवासी देवानन्द महतो, एवं अन्य 100 से अधिक अज्ञात, व्यक्तियों ने पहले प्रत्याशी के विरुद्ध अमर्यादित शब्दों के साथ गाल गलौच प्रारम्भ किया। इसके बाद भीड़ ने प्रत्याशी सुनिता चौधरी पर जानलेवा हमला कर मॉब लिचिंग करने का प्रयास किया। दशरथ के मुताबिक, उन्होंने और उनके सहयोगी सुरक्षा कर्मी विकास कुमार सिंह ने सुनीता चौधरी को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपितों ने उनका और उनके साथी सुरक्षा कर्मी विकास कुमार सिंह का हथियार भी लुटने का भी प्रयास किया। पुलिस ने कांड संख्या 183/24 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## पलामू में 96 राउंड में होगी मतगणना सबसे ज्यादा 20 राउंड डालटनगंज में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : जिले में विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती में अब 14 घंटे का समय बच गया है। आंकड़ों के गणित में अब भी प्रत्याशी और उनके समर्थक उलझे हुए हैं। एक तरफ जहां मतगणना की तैयारी में जिला प्रशासन जुटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल और उम्मीदवार भी मतों की गिनती पर पैनी निगाह रखने के लिए अपने एजेंट की सूची तैयार कर चुके हैं। एजेंट के लिए मतगणना हॉल में इंट्री के लिए पास बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। तीन तरह के मतों की गिनती होगी, जिसमें पोस्टल बैलेट, राज्य के बाहर रहने वालों का ऑनलाइन वोट (ईटीबीपीएस) और ईवीएम के वोट सम्मिलित हैं। ऑनलाइन वोटों की गिनती में कोई चूक न हो, इसलिए राजनीतिक दल तकनीक की जानकारी रखने वाले एजेंट को काउंटिंग टेबुल पर रखेंगे। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती होगी। जिसमें सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने जाएंगे। उम्मीद है कि नौ बजे तक पलामू जिले के पांचों विधानसभा पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद से कौन आगे और कौन पीछे इसका रुझान मिलने लगेगा। करीब एक हजार कर्मी मतगणना कार्य में लगाए गए हैं। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में शनिवार को पांचों विधानसभा के लिये 96 राउंड में मतों की गणना की जायेगी। इसमें सबसे ज्यादा डालटनगंज में 426 बूथों के मतों की गिनती 20 राउंड में पूरी होगी। इसके अलावा पांकी के 326 बूथ, विश्रामपुर के 367, छत्तरपुर के 335 और हुसैनाबाद के 342 बूथ के वोट 19 राउंड में गिने जाएंगे। पांकी में विधनसभा के लिए 18, डालटनगंज के लिए 22, विश्रामपुर के लिए 20, छत्तरपुर और हुसैनाबद के लिए 18 टेबल बनाये गये हैं।

# मतगणना को ले जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी आरओ समेत विभिन्न पदाधिकारियों संग की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू)** : विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी आरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों संग विचार-विमर्श किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था,मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश




द्वार, बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी का अधिष्ठापन, सहित अन्य विषय पर विमर्श किया गया। उन्होंने स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल तक ईवीएम के परिवहन को लेकर मैनपावर को चिन्हित करने की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी के टी-शर्ट पर नंबरिंग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि काउंटिंग हॉल में किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा- मोबाइल आदि लेने जाना पूर्ण प्रतिबंधित है,इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावे उन्होंने कर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद रिजल्ट की घोषणा की जानी है अतः माईकिंग का उच्चतम गुणवत्ता का रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि काउंटिंग में किसी प्रकार की छोटी गलती भी न हो,यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी प्रातः 7 बजे काउंटिंग स्थल पहुंचे यह भी सुनिश्चित होना चाहिये। इसके अलावे उन्होंने पोस्टल बैलेट व ईटीबीपीएस की काउंटिंग हेतु भी सारी व्यवस्थाएं को तयसमय पर दुरुस्त कर लेने की बात कही। इस अवसर पर पांचो आरओ, सभी एआरओ समेत विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## हम पार्टी सेक्युलर का पूरे पलामू में बूथ स्तर तक होगा विस्तार : आशुतोष तिवारी



**मेदिनीनगर(पलामू)** : हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के बैनर तले स्थानीय रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में पलामू प्रमंडल स्तरीय एकदिवसीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्द्रू राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी एवं एससी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार भुइयां उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्षता आशुतोष कुमार तिवारी ने की तथा संचालन भरत कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर सौदागर अंसारी, अबू फैजल, वारिस आलम, मजहर शाह, अकबर शाह, मनिका विधायक प्रत्याशी अतुल कुमार सिंह, छतरपुर विधानसभा प्रत्याशी कन्हाई राम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। समीक्षा में मुख्य रूप से सभी विधानसभा सीटों पर प्रत्याशीयों का समीक्षा किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्टी का विस्तार बूथ स्तर तक होगा एवं पूरे पलामू प्रमंडल में दस हजार सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर इंटक के नेता प्रवीण कुमार गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभी लोगों ने माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया।

## जनकल्याण ट्रस्ट के कार्यालय में शोक सभा का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर(पलामू)** : जनकल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय कार्यालय एमपी भवन अघोर आश्रम सुदना में समय 6:00 बजे शोक सभा का आयोजन किया गया ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार जी का आकस्मिक दुर्घटना में निधन हो जाने के कारण यह आयोजन किया गया शोक सभा में ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे संरक्षक स्वीटी सिंह उपकोषाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार संगठन सचिव नंदलाल दुबे पलामू जिला प्रभारी महिला वंदना देवी एवं जिला प्रभारी बंटी गुप्ता उपस्थित रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार का निधन ट्रस्ट परिवार के लिए काफी दुखद का यह पल असहनीय महसूस हो रहा है उन्होंने अपने कार्यकाल में मेडिकल कैंप ब्लड डोनेट कैंप एवं डोर टू डोर जाकर गरीबों के लिए आवाज उठाया एवं उनका लाभ दिलाने में उनकी समस्या में उन्होंने बढ़-चढ़कर निदान करने में अपना भूमिका निभाया यह कार्य उनका ट्रस्ट परिवार के लिए काफी प्रेरणादायक है। दुख का घड़ी में जनकल्याण ट्रस्ट सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उनके परिवार के साथ तन्मयता के साथ खड़ा रहेंगे साथ ही जिला के उपयुक्त महोदय से मिलकर जिस प्रतिष्ठान में उनका सेवाकाल ले रहा है। उसे प्रतिष्ठा के वरीय पदाधिकारी से मिलकर उनके परिवार को जो मिलने वाले उचित लाभ है। उसे दिलाने के लिए बरिए पदाधिकारी से अनुरोध करने का भी कार्य करेंगे साथ ही उन परिवार के साथ ट्रस्ट की सभी पदाधिकारी हर पल हर क्षण खड़ा रहेंगे।

## बीकेबी मेमोरियल स्कूल में गौरव दिवस के रूप में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



**खूंटी** : तोरपा स्थित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा के जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के झारखंड के प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक सहित अन्य शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुसाफिर विश्वकर्मा ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही वीर रस से ओत-प्रोत गीत गाकर बच्चों में उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व बाल संसद के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर लच्छुधान बोदरा (उप सचिव), प्रभंजन नाग, सत्येंद्र कुमार गोप, मोबशीर खान, सावित्री कुमारी, रजनी तोपनो, दीपमाला कुमारी सहित बाल संसद के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विवादित जमीन को लेकर हुआ हमला, कुछ ग्रामीण हुए घायल



**छतरपुर(पलामू)** : छत्तरपुर थाना अन्तर्गत ग्राम डडटुटा में अपराधकर्मियों के द्वारा विवादित जमीन में रंगदारी पूर्वक जमीन का काम कराया जा रहा था इसी दौरान ग्रामिणों ने इसका विरोध किया तो सभी अपराधकर्मी के द्वारा ग्रामिणों के उपर जान मारने के नियत से हमला किया कुछ ग्रामिण घायल हो गये। आवेदिका के दिये आवेदन के आधर पर छत्तरपुर थाना में काण्ड दर्ज कर मार पीट में शामिल कुल 06 अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतू भेजा गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम- शमीम पवरिया उर्फ शमीम अब्बासी उम्र 30 वर्ष पिता सफीक पवरिया ग्राम खाटि। चंदन कुमार उर्फ चंदन पटेल उम्र 24 वर्ष पिता राम राज राम ग्राम नौडीहा। अकाश कुमार सिंह उम्र 21 वर्ष पिता रिंकु सिंह उर्फ धर्मेन्द्र सिंह ग्राम बारा। प्रियाशु राज सिंह उर्फ राज उम्र 20 वर्ष पिता सुनील सिंह ग्राम रामगढ। हमिद राजा उम्र 22 वर्ष पिता आशिक हुसैन ग्राम पूर्णवास रामगढ़। सुनिल कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह उम्र 31 वर्ष पिता कपिलदेव सिंह ग्राम मसिहानी थाना छत्तरपुर जिला ।

# ओला इलेक्ट्रिक 500 से अधिक कर्मचारियों की कर सकती है छंटनी

**नई दिल्ली ।**

ओला इलेक्ट्रिक ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि कंपनी की 500 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की संभावना है। इसका मुख्य कारण मार्जिन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने आईपीओ के लिए दस्तावेज दायर किए थे, जिसमें यह बताया गया था कि कंपनी मार्च 2024 तक 4,011 कर्मचारियों के साथ काम कर रही है। इसके बावजूद ओला इलेक्ट्रिक अभी तक कोई लाभ नहीं कमा पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च लागत और ईवी सब्सिडी में कटौती के कारण कंपनी लाभ नहीं कमा पा रही है। हालांकि, ओला ने भविष्य की योजनाओं को लेकर विश्वास जताया है कि वह इन-हाउस बैटरी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके लागत कम करेगी और मुनाफा बढ़ाएगी। पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत के बाद ओला इलेक्ट्रिक में कुछ सुधार नहीं हो रहा है। इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनी की धाक कम हो रही है। राज्यों ओला इलेक्ट्रिक की सर्विसेज और प्रोडक्ट क्वालिटी की जांच भी की गई है। कंपनी के प्रतिद्वंदी भी इसके चारों ओर घूमकर कंपनियों से किनारा कर रहे हैं। गुरुवार को ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 3 फीसदी गिरकर 67.23 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह कंपनी के सबसे कम बंद भाव को दर्शाता है, जिसके कारण वित्तीय विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि और जोरदार गिरावट हो सकती है। ओला इलेक्ट्रिक की आने वाली कार्रवाई और मुद्रा बाजार में उसका प्रभाव देखने योग्य होगा।

वहीं, कंपनी ने अपने आगामी योजनाओं के संदर्भ में अनुमान लगाने के लिए स्थिर धारणा दिखाई है कि वह अपनी स्थिति सुधारने की कड़ी चाह में है।

# टाटा नेक्सन ईवी 45 की रियल रेंज का हुआ खुलासा

**नईदिल्ली ।**



अगर आप टाटा मोटर्स की नेक्सन ईवी मॉडल को खरीदने की तैयारी कर रहे हैं, तब आपको पता होना चाहिए कि नेक्सन ईवी 40.5 केडब्ल्यूएच की तुलना में इसकी रेंज कितनी ज्यादा है। नेक्सन ईवी 45 के नाम से पता चलता है कि इसमें 40.5केडब्ल्यूएच की तुलना में 45केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया है।

कंपनी का कहना है कि नया बैटरी पैक 15 प्रतिशत ज्यादा एनर्जी-डेंसिटी वाला है, इसलिए यह 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट जितनी ही जगह लेता है, लेकिन इसका वजन थोड़ा ज्यादा है। इस तरह, इसकी अराई सर्टिफाइट रेंज 489केएम है, जो 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट की तुलना में 24केएम ज्यादा है। टाटा का कहना है कि नेक्सन ईवी 45 के लिए रियल-वर्ल्ड सी 75 साइकिल रेंज लगभग 350 से 370केएम है। ब्रांड के सी75 चक्र को लगभग रियल वर्ल्ड की ड्राइविंग रेंज का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया जाता है। रियल वर्ल्ड रेंज की बात करें तो 7.9केएम के डब्ल्यूएचकी एवरेज सिटी इफिसियंसी और 7.67केएम/केडब्ल्यूएच की एवरेज हाईवे इफिसियंसी हासिल की। इसके चलते फुल चार्ज पर 350केएम (सिटी और हाईवे) रेंज प्राप्त हुई। इसकी तुलना में 40.5केडब्ल्यूएच वर्जन से 273केएम की रेंज मिली। ये टेस्टिंग ईको मोड में की गई। जहां टॉर्क कुल आउटपुट के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित है। इसकी टॉप स्पीड भी सीमित है।

रीजन ब्रेकिंग को शहर में लेवल 2 और हाईवे पर लेवल 1 (सबसे कम अग्रेसिव) पर सेट किया गया था। बड़ी बैटरी के साथ, अपडेटेड नेक्सन ईवी 5एचपी अधिक बनाता है। इसमें एक नया पैनोरमिक सनरूफ है। 10 से 80प्रतिशत से चार्ज होने का समय भी 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट के 56 मिनट के बजाय 48 मिनट रह गया है। टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो में नेक्सन ईवी पॉपुलर मॉडल है। कंपनी ने इस मॉडल को बड़े बैटरी पैक, जायादा पावर और ज्यादा फीचर्स के साथ अपडेट किया है। इस मॉडल को नेक्सन ईवी 45 नाम दिया गया है।

# भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक पैसा निकाल कमा रहे मोटा मुनाफा

**-आईपीओ और प्रीफरेंशियल शेयर में लगाए 11.5 बिलियन डॉलर, बनाया रिकॉर्ड**

**मुंबई।**



विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से लगातार पैसे निकाल रहे हैं। इसी साल अक्टूबर में निवेशकों ने शेयर बाजार से पैसा निकालना शुरू किया था, वह अभी भी जारी है लेकिन वह यह पैसा किसी दूसरे देश में नहीं बल्कि आईपीओ में लगा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि इस साल अभी तक उन्होंने आईपीओ और प्रीफरेंशियल शेयर की खरीद में 11.5 बिलियन डॉलर लगा चुके हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा रेकार्ड है। इससे पहले साल 2021 में विदेशी निवेशकों ने सबसे ज्यादा पैसे आईपीओ में लगाया था। जानकारों का कहना है कि विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से ही कमाई का नया तरीका अपनाया है। अब वे सेकंडरी मार्केट से पैसा निकालकर प्राइमरी मार्केट में लगा रहे हैं और उससे मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। इसका मतलब है कि एफपीआई का फोकस आईपीओ से पैसा बनाने पर है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड ने बीते दिनों आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार विदेशी निवेशक अब आईपीओ और प्रिफरेंशियल शेयर सेल्स सहित उनकी प्राइमरी मार्केट में जम कर खरीदारी कर रहे हैं। विदेशी निवेशकों की इस साल की खरीदारी 11.5 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। आईपीओ बाजार में निवेश का पुराना रिकार्ड साल 2021 में बना था। अब उन्होंने साल 2021 का अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2021 में विदेशी निवेशकों ने प्राइमरी मार्केट में 10.8 बिलियन डॉलर लगाए थे। इसके विपरीत इस साल ग्लोबल फंड्स ने शेयर बाजार के दोनों एक्सचेंजों पर 13 बिलियन डॉलर से ज्यादा के शेयर बेचे हैं। तभी तो बीएसई और एनएसई के प्रमुख सूचकांकों में करेक्शन दिख रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में डीआरचोकसी फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि विदेशी निवेशक अब कई कंपनियों के आईपीओ में निवेश कर रहे हैं, क्योंकि उनमें बहुत तेज गति से रिटर्न जेनरेट करने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर सेकंडरी मार्केट में मुनाफावसूली का प्रमुख कारण हाई वैल्यूएशन है।

# अगले हफ्ते खुलेगा आभा पावर एंड स्टील का आईपीओ

**- आईपीओ का प्राइस बैंड 75 रुपये प्रति शेयर है**

**नई दिल्ली ।**

छत्तीसगढ़ स्थित आभा पावर एंड स्टील कंपनी अपना पहला पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 27 नवंबर को खोलेगी। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 38.5 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। आईपीओ का प्राइस बैंड 75 रुपये प्रति शेयर है और इसमें 41.39 लाख फ्रेश इश्यू शेयर और प्रमोटर सुभाष चंद अग्रवाल द्वारा 10 लाख शेयर के ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) का मिश्रण है। यह एक फिक्स प्राइस इश्यू है और निवेशक न्यूनतम और अधिकतम 1,600 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आईपीओ में निवेश की सीमा को 2 लाख रुपये तक रखा गया है, जिससे एक बड़ी भागीदारी के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। आभा पावर एंड स्टील का आईपीओ 27 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने जा रहा है और सब्सक्राइब की तारीख 29 नवंबर है। आईपीओ का आवंटन 2 दिसंबरको होने की उम्मीद है। इसकी लिस्टिंग तारीख 4 दिसंबर है, जिस पर इसे एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट किया जाएगा। आभा पावर एंड स्टील कंपनी छत्तीसगढ़ में दो




मैन्युफैक्चरिंग प्लांट संचालित करती है, जिनकी कुल इंस्टॉल्ड क्षमता 14,400 एमटीपीए है। कंपनी लोहे और स्टील के कस्टमाइज्ड उत्पादों की कास्टिंग और निर्माण करती है। इसके अलावा, कंपनी आरडीएसओ प्रमाणित वेंडर है और भविष्य में अपनी निर्भरता घटाने की योजना बना रही है।

# 2025 में शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी होने का अनुमान

**- घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान**

**मुंबई ।** इस समय घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है लेकिन गोल्डमैन सैक्स ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपना अनुमान जताया है कि 2025 में भारतीय शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही निफ्टी 50 के 27,000 तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि सितंबर 2024 के शिखर से वर्तमान में 9.5 फीसदी की गिरावट से उबरने की संभावना है। उन्होंने आईटी और फार्मा सेक्टर्स को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया है। इन सेक्टर्स को क्रमशः ओवरवेट और मार्केट वेट में बढ़ाया गया है। आईटी और फार्मा सेक्टर्स को वैश्विक मांग में सुधार, कमजोर रुपए और उनकी रक्षात्मक विशेषताओं से लाभ हो सकता है। आईटी सेक्टर को ओवरवेट में अपग्रेड किया गया है, खासकर निर्यात पर केंद्रित कंपनियों के कारण, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय राजस्व में सुधार का लाभ मिल रहा है। फार्मा को मार्केट वेट में बढ़ाया गया है, इसके रक्षात्मक गुण और स्थिर मार्जिन की वजह से। अनुमान के मुताबिक निफ्टी 50 अगले तीन महीनों में केवल 2 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,000 तक सीमित रह सकता है। ब्रोकरेज ने कहा कि एमएससीआई इंडिया का फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात 8 फीसदी गिरकर 22.7 गुना पर आ गया है। घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 में 6.7 फीसदी से कम है।

# ज़किा लॉजिस्टिक्स का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

**- बीएसई पर शेयर की शुरुआत निर्गम मूल्य से 2.21 प्रतिशत बढ़कर 279.05 रुपए पर हुई**

**नई दिल्ली ।** ट्रक संचालकों के लिए जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस लिमिटेड ने एक उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। जिनके शेयर शुक्रवार को बीएसई पर लॉन्च हुए और लगभग तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। इसके निर्माण में शेयर की शुरुआती कीमत 2.21 प्रतिशत ऊपर बैंड करने के बावजूद, बाद में शेयर में 3.44 प्रतिशत की गिरावट आई। एनएसई पर शेयर 2.89 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध हुए, लेकिन इसके बाद गिरकर 264.65 रुपये पर पहुंच गए। इन संकेतों के बावजूद जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसमें बिक्री का मूल्य 259-273 रुपये प्रति शेयर रखा गया था। कंपनी ने आईपीओ में 550 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी किए गए, जिससे 2.06 करोड़ शेयरों की बिक्री हुई। इस सफलता से स्पष्ट होता है कि ट्रक संचालकों को डिजिटल मंच पर बहुत उम्मीद है और उन्हें इस नवाचारिक सॉल्युशंस से बहुत लाभ हो सकता है।



# एचएमएसआई सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयां वापस मंगाएगी

**नई दिल्ली ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कहा कि वह थ्रॉटल ऑपरेशन (इंजन) से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयों को वापस मंगा रही है। कंपनी ने कहा कि स्वैच्छिक वापसी वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप है। यह निर्देश फरवरी, 2022 और अक्टूबर, 2022 के बीच बनीं इस रोमांचक मोटरसाइकिल की कुछ इकाइयों को प्रभावित करेगा। एचएमएसआई ने कहा कि कंपनी ने मोटरसाइकिल की इंजन संबंधी एक खामी की पहचान की है। इसमें कहा गया है कि एक्सीलरेशन के दौरान, पहिया नियंत्रण प्रणाली अप्रत्याशित रूप से सक्रिय हो सकती है, जिससे कुछ मामलों में संतुलन बिगड़ सकता है। एचएमएसआई ने कहा कि सुधारात्मक उपाय के रूप में होंडा प्रभावित मोटरसाइकिलों में ईसीयू सॉफ्टवेयर को सही प्रोग्रामिंग के साथ अपडेट करेगी। बयान में कहा गया है कि वाहन की वारंटी स्थिति पर ध्यान दिए बिना यह कार्य निःशुल्क किया जाएगा।

# जेप्टो ने घरेलू वित्तपोषण चरण में जुटाए 35 करोड़ डॉलर

**- वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शा मिल हुए**

नई दिल्ली ।

त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह अपने हालिया वित्तपोषण (फंडरेजिंग) दौर में 35 करोड़ डॉलर जुटाएगा। कंपनी ने इसे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर 100 प्रतिशत घरेलू वित्तपोषण जुटाने का प्रतीक बताया है। इस चरण में भारतीय एचएनआई, पारिवारिक कार्यालय और अग्रणी वित्तीय संस्थानों से निवेश शामिल हैं। इस वित्तपोषण दौर का नेतृत्व विशेष रूप से मोतीलाल ओसवाल के प्राइवेट वेल्थ डिवीजन द्वारा किया गया। इस वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शा मिल हुए। जेप्टो ने कहा कि यह दौर परिवर्तनकारी स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए भारतीय निवेशकों की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेप्टो ने कहा कि यह ऐतिहासिक वित्तपोषण ऐसे समय में हुआ है जब भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू स्तर पर संचालित वृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रही है। जेप्टो के एक व रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब हमने यह उद्यम शुरू किया था, तो घरेलू निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता सीमित थी, खासकर 18 साल के युवाओं पर भरोसा करने की। आज हम भारत की आर्थिक वृद्धि में एक ऐसे स्थान पर पहुंचकर गौरवान्वित हैं, जहां हमने न केवल उस भरोसे को बढ़ावा दिया है, बल्कि इस परिमाण के धन जुटाने का भी नेतृत्व किया है। उम्मीद है कि आने वाले स्टार्टअप के लिए यह एक मिसाल कायम करेगा।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद

**सेंसेक्स 1961, निफ्टी 557 अंक ऊपर आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को भारी बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आया है। इसके साथ ही आज घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद और अमेरिकी बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से भी बाजार को बल मिला। बैंक ऑटो और आईटी शेयरों में तेजी से भी बाजार ऊपर आया । दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1961.32 अंक करीब 2.54 फीसदी बढ़कर 79,117.11 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 557.35 अंक तकरीबन 2.39 फीसदी ऊपर आकर 23,907.25 पर बंद हुआ। आज बाजार में सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में बढ़त देखी गई। एसबीआई, टीसीएस, टाइटन, आईटीसी और इंफोसिस सेंसेक्स के सभी बढ़त वाले शेयरों में रहे। वहीं निफ्टी के 50 में से 49 शेयर तेजी पर बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाइटन कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त




आई। केवल बजाज ऑटो के शेयर ही नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार भारतीय बाजार में बड़ी कंपनियों के स्टॉक्स में सस्ते दाम पर खरीदारी से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी से भी आईटी स्टॉक्स की मांग बढ़ी ।

इसके अलावा, महाराष्ट्र चुनाव के एग्जिट पोल्स में महायुति गठबंधन को बढ़त मिलने की संभावना से भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा है। वहीं गत कारोबार सत्र में बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार देखा जा रहा है। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 750 अंक की तेजी के साथ 77,920 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 230 अंक की तेजी है, ये 23,580 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.02 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 1.10 फीसदी की तेजी है। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.46 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। गत दिवस अमेरिका का डाओ जोंस 1.06 फीसदी चढ़कर 43,870 पर और एसएंडपी 500 0.53 फीसदी बढ़कर 5,948 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.033 फीसदी चढ़कर 18,972 पर बंद हुआ।

# ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं: आरबीआई

**- स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इसके रेपो दरों में कटौती करने की तैयारी में है, लेकिन इसकी कोई संभावना अभी तक दिख रही है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दोहराया है कि मुद्रास्फीति के खिलाफ केंद्रीय बैंक की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। दास ने ग्लोबल साउथ के केंद्रीय बैंकों के सम्मेलन में अपने भाषण में कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने की प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही हमें सहनशीलता सीमा के भीतर रहना पर्याप्त नहीं है। गवर्नर ने कहा कि मजबूत विकास ने हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने की जगह दी है ताकि इसे 4 फीसदी के लक्ष्य तक स्थायी रूप से लाया जा सके। स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है और विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। वाणिज्य मंत्री और वित्त मंत्री दोनों ने हाल ही में कम मुद्रास्फीति के लिए जोर दिया है, जबकि आरबीआई ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया है। कमी में ब्याज दरों में इसी मिसाल दी गई है जिसे सूचित करने का सुझाव दिया गया है। यह बड़ी रणनीतिक बदलावों के दौर में सूचित करता है जो मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए किए गए हैं।

# केन्या सरकार ने अडानी ग्रुप के प्रोजेक्ट्स को रद्द करने का ऐलान किया

**- अडानी समूह के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का मामला**

**नई दिल्ली ।**

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने अडानी ग्रुप से जुड़ी दो प्रमुख परियोजनाओं को रद्द करने की घोषणा की। यह कदम अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद उठाया गया है। उन पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने का आरोप है। पहला केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार के लिए खरीद प्रक्रिया थी, जबकि दूसरा पावर ट्रंसमिशन लाइनों के निर्माण के लिए 700 मिलियन डॉलर का ऊर्जा सौदा था, जिस पर पहले ऊर्जा मंत्रालय ने अडानी समूह की सहायक कंपनी के साथ हस्ताक्षर किए थे। बिजनेसमैन गौतम अडानी पर अमेरिकी कोर्ट ने भारत में सोलर कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए मन मुताबिक शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपए) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी तथा उनके भतीजे सागर अडानी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। अडानी समूह ने 2021 में स्थानीय रूप से विनिर्मित सौर सेल और मॉड्यूल आधारित संयंत्रों का उपयोग करके उत्पन्न 8,000 मेगावाट (आठ गीगावाट) बिजली की आपूर्ति के लिए बोली जीती थी, लेकिन समूह बिजली खरीदने वाली राज्य सरकारों की मूल्य अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका। अमेरिकी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों में अडानी पर रिश्वत देने और प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।



इसमें न्यूयॉर्क की एक अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग की तरफ से दायर एक आपराधिक मामला है। इसमें उन पर और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम और सागर अडानी तथा एज्योर पावर के एक कार्यकारी पर संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी रोधक प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस बीच अडानी समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और उन्हें निराधार बताया है।

# अदाणी समूह के ज्यादातर शेयर दूसरे दिन भी टूटे

**- अदाणी पावर के शेयरों में 6.38 प्रतिशत की गिरावट आई**

**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से आठ के शेयरों में शुक्रवार को सुबह के कारोबार के दौरान गिरावट दर्ज की गई। गौतम अडानी पर अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि वे सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने की योजना का हिस्सा थे। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी 10.95 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 8.57 प्रतिशत लुढ़ककर 52 सप्ताह के निचले स्तर 637.85 रुपये पर आ गए। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6.98 प्रतिशत लुढ़ककर 52 सप्ताह के निचले स्तर 2,030 रुपये पर आ गया। अदाणी पावर के शेयरों में 6.38 प्रतिशत की गिरावट आई, अदाणी टोटल गैस में 6.11 प्रतिशत की गिरावट आई, अदाणी पोर्ट्स में 5.31 प्रतिशत की गिरावट आई। अदाणी विल्मर के शेयर में 5.17 फीसदी की गिरावट आई और यह एक साल के निचले स्तर 279.20 रुपये पर आ गया और एनडीटीवी में 3.41 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके विपरीत एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स शुरुआती सौदों में गिरावट के बाद भी दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

# ब्रिक्सटन लांच की अपनी 4 नई बाइक्स

**नईदिल्ली ।**

भारतीय बाजार में ब्रिक्सटन कंपनी ने अपनी 4 नई बाइक्स लॉन्च की हैं। इन बाइक्स का मुकाबला रॉयल एनफील्ड, केटीएम और हार्ले डेविडसन जैसी कंपनियों से होगा। आस्ट्रेलियाई कंपनी ब्रिक्सटन ने क्रॉसफायर और क्रॉमवेल रेंज की बाइक्स पेश की हैं, जिनकी कीमतें 4.74 लाख रुपये से लेकर 9.11 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक हैं। कंपनी इन बाइक्स को कंप्लीटली नॉक्ड डाउन रूट के जरिए भारत में लाएगी, और इन्हें कोल्हापुर स्थित केएडब्ल्यू वेलोस मोटर्स की फैक्ट्री में असेंबल किया जाएगा। यही कारण है कि इन बाइक्स की कीमत थोड़ी ज्यादा है, लेकिन कंपनी भारत में लोकल प्रोडक्शन शुरू करने की योजना बना रही है, जिससे भविष्य में इनकी कीमतें कम हो सकती हैं। बाइक्स की डिलीवरी जनवरी 2025 से शुरू होने की संभावना है। क्रॉसफायर 500एक्स और 500एक्ससी मॉडल नियो-रेट्रो डिज़ाइन में हैं। इन बाइक्स में 486 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन है, जो 46 बीएचपी की पावर और 43 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इनकी कीमत क्रमशः 4.74 लाख रुपये और 5.19 लाख रुपये रखी गई है। क्रॉमवेल 1200 और 1200एक्स मॉडल में 1222 सीसी का पैरलल ट्विन इंजन है, जो 82बीएचपी पावर और 108 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। क्रॉमवेल 1200 की कीमत 7.84 लाख रुपये और 1200एक्स की कीमत 9.11 लाख रुपये है।

# बहन ले रही थी फेरे, भाई की गोली मारकर हत्या

## प्रेमिका की शादी से नाराज था प्रेमी, दुल्हन ने खोजा तो पता चला पोस्टमॉर्टम हो रहा है





**भोजपुर ।** बहन की शादी वाले दिन ही उसके भाई राज सिंह की गोली मारकर हत्या कर गई। पुलिस ने मामले की जब जांच की तो पता चला कि बहन के प्रेमी साकेत (24) ने ही उसकी हत्या की है। हालांकि, राज की बहन किम्मी सिंह इस घटना से अनजान थी। अगले दिन बहन की विदाई हो रही थी तो वहीं उसके भाई का पोस्टमॉर्टम हो रहा था। बहन ने जब भाई के बारे में पूछा तो पता चला की उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने गुरुवार को खुलासा करते हुए बताया कि साकेत पिछले डेढ़ साल से 23 साल के राज की हत्या की प्लानिंग कर रहा था। राज की बहन और साकेत बचपन से एक दूसरे से प्यार करते थे। साकेत आपराधिक छवि का था। इसलिए राज नहीं चाहता था कि बहन की शादी उससे हो, लेकिन साकेत अपनी प्रेमिका से शादी करने के लिए कुछ भी करने को तैयार था। पिछले शनिवार को राज की बहन की शादी थी। दुल्हन समेत पूरे परिवार को स्कॉर्पियो में बैठाकर लॉज के लिए भेज दिया था। बारात भी आ गई थी। राज अपने चाचा के साथ बाइक से विवाह स्थल पर जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में साकेत ने 4 अपराधियों के साथ मिलकर कारनामेपुर बस स्टैंड के पास उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।कारनामेपुर थाना इंचार्ज चंदन कुमार से मिली जानकारी के मुताबिक, राज की बहन के साथ साकेत का प्रेम प्रसंग था। साकेत और किम्मी ने स्कूल से लेकर कॉलेज तक की पढ़ाई एक साथ की थी। शादी के एक दिन पहले तक दोनों की आपस में बात हो रही थी। चंदन कुमार ने बताया, 'साकेत अपनी प्रेमिका की शादी किसी दूसरे से नहीं होने देना चाहता था। जब उसे पता चला कि किम्मी की शादी तय हो गई है, तो उसने राज को धमकी भी दी थी। ये पहली बार नहीं था, जब साकेत ने राज को धमकी दी थी। वारदात के दिन भी सुबह से साकेत अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर राज की हत्या के लिए गांव में रेकी किया था। कारनामेपुर थाना इंचार्ज चंदन कुमार ने हत्या में शामिल बक्सर जिले के नैनीजोर थाना क्षेत्र के महुआर गांव के रहने वाले ललन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य आरोपी साकेत कुमार ने आरा कोर्ट में सरेंडर किया है। आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी साकेत कुमार को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दी जाएगी, जिससे हत्या की गुत्थी सुलझ सके। मृतक के चाचा ईश्वरपुरा ने साकेत कुमार सिंह, ललन सिंह समेत पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। राज अपने एक भाई युवराज, दो बहन आंचल और किम्मी से तीसरे स्थान पर था। मां पम्मी देवी घर में है। किम्मी सिंह की शादी विक्रमगंज के धारुकपुर गांव के रहने वाले प्रकाश सिंह से हो रही थी। पूरा परिवार बारात का स्वागत कर रहा था। इसी बीच दुल्हन की भाई की हत्या हो गई। राज की हत्या के बाद घरवालों ने बिना बताए ही बहन किम्मी की विदाई कर दी। हालांकि, सुबह होते ही नई नवेली दुल्हन बनी किम्मी को पूरे वारदात की जानकारी हो गई।

# नाले से मिला बिल्डर का शव



**पटना ।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में एक बिल्डर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। नाले से शव बरामद हुआ है।

मृतक की पहचान मोहम्मद शब्बीर के तौर पर हुई है। जो नौहसा का रहने वाला था। घटना मौर्य बिहार कॉलोनी की है। जानकारी के मुताबिक शब्बीर पैसों के लेनदेन का भी काम करता था। परिजनों का कहना है कि जिस नाले से शव मिला है, उसकी लंबाई और चौड़ाई इतनी नहीं है कि डूबने से किसी की मौत हो जाए। हत्या के बाद शव को किसी ने नाले में फेंक दिया है। बिजनेस पार्टनर और उसके मित्र पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया का नाले की गहराई करीब 8 फीट है। 5 फीट से अधिक उसमें पानी भरा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि हत्या हुई है या पानी में डूबने से मौत।

# प्रेग्नेंट रेप पीड़िता का कराया अबॉर्शन, मौत



**बेतिया ।** 15 साल की प्रेग्नेंट रेप पीड़िता की 19 नवंबर यानी मंगलवार को मौत हो गई। रेप का आरोपी पीड़िता का जीजा है। गुरुवार को इस मामले में नया खुलासा हुआ है। लड़की की मौत अवैध तरीके से अबॉर्शन कराने से हुई है। सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया, 'आरोपी जीजा ने एक महिला दाई की मदद से पीड़िता को निजी जीवनदीप हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां 3000 रुपए देकर लेकर उसका अबॉर्शन कराया। इस दौरान कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। ब्लीडिंग होने पर जीजा उसे 12 नवंबर को छोड़कर भागा गया।' घटना घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। इस घटना की सूचना पीड़ित लड़की के परिजनों को मिली। परिवार के लोगों ने उसे दूसरे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो 17 नवंबर को जीएमसीएच लेकर पहुंचे। वहां इलाज के बाद हल्का सुधार हुआ। जीएमसीएच की अधीक्षक डॉ सुधा भारती ने बताया, 'लड़की के परिजन 18 नवंबर को उसे बिना डिस्चार्ज कराए घर ले गए। घर पर लड़की की तबीयत बिगड़ी और 19 नवंबर को उसकी मौत हो गई।' एसपी डॉ. शौर्य सुमन और सदर एसडीपीओ विवेक ने गुरुवार को जीवनदीप नर्सिंग होम में रेड की। छापेमारी के दौरान कई सबूत मिले हैं। एसपी ने एफएसएल की टीम को भी बुलाकर जांच कराई है। हालांकि, अधिकारियों के आने की सूचना मिलते ही हॉस्पिटल कर्मी भाग निकले। एसपी ने बताया, 'नाबालिग का किसी वजह से अबॉर्शन करना ही था तो प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए था। इससे कम से कम उसकी जान बच जाती।' एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया, 'मुख्य आरोपी करनमेया निवासी कासिम गद्दी और नर्सिंग होम में दाई का काम करने वाली महिला कलामुन नेशा को गिरफ्तार किया गया है।'

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पीड़िता की मां ने बताया कि 'चार दिन पहले बेटी ने आपबीती बताई थी। उसने कहा था- जुलाई में एक दिन घर में अकेली थी। इसी दौरान ममेरे जीजा कासिम गद्दी पहुंचे और जबरन अपने घर ले जाकर रेप किया। डर की वजह से यह बात किसी से नहीं कही। महीने भर पहले प्रेग्नेंट होने का पता चला तो इसकी जानकारी जीजा को दी। 12 नवंबर को जीजा ने जीवनदीप हॉस्पिटल में अबॉर्शन करवाया। अबॉर्शन के दौरान ब्लीडिंग हुई तो वह भाग गया।'

# हिस्ट्रीशीटर बोला: बाहर आकर दो और मर्डर करूंगा


## भागलपुर पुलिस के सामने कहा- बचपन से डॉन बनने का शौक है, बनकर रहूंगा





**भागलपुर ।** नवगछिया में 20 अक्टूबर को रविंद्र कुमार की हुई हत्या में पुलिस ने कुख्यात अपराधी दिलखुश यादव को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए नवगछिया एसपी पूरण कुमार झा ने कहा- 'दिलखुश ने अपने मामा के कहने पर नया टोला में बेतिया के लोगनाहा निवासी अशर्फी चौधरी के बेटे रविंद्र कुमार की हत्या की थी।' वहीं पकड़े गए कुख्यात दिलखुश ने पुलिस के सामने ही कहा- 'बचपन से डॉन बनने का शौक था। डॉन बनकर रहेंगे। मेरे मामा छोटू यादव भी डॉन हैं। जेल से बाहर निकलने के बाद दो और लोगों की हत्या करनी है। वे मेरे टारगेट में हैं।' दरअसल, दिलखुश यादव एक हिस्ट्रीशीटर है और कुख्यात अपराधी छोटू यादव का भांजा है। दिलखुश यादव के खिलाफ हत्या के कई मामले दर्ज है। इसके अलावा रंगदारी, लूट, धमकी, आर्म्स एक्ट सहित कई मामलों में वो आरोपी है। कुछ दिनों पहले ही दिलखुश यादव जेल से बाहर आया था। दिलखुश यादव को पुलिस ने नवगछिया के रंगरा स्थित एनएच 31 स्थित एक होटल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और 8 जिंदा गोलियां मिली हैं। गिरफ्तार दिलखुश ने रविंद्र कुमार के मर्डर में अपना जुर्म स्वीकार किया है। उसने कहा- 'रविंद्र कुमार ने जेल में मेरे नाना रामरती यादव से मारपीट की थी। सजायाफ्ता मामा कुख्यात अपराधी छोटू यादव के कहने पर हम लोगों ने साजिश रचकर घटना को अंजाम दिया। घटना का मास्टरमाइंड बिजेंद्र है।' हालांकि मामले में बिजेंद्र की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है, पुलिस उसकी तलाश में है। एसपी पूरण कुमार झा ने बताया कि 'मृतक रविंद्र की पत्नी के बयान पर नवगछिया थाना में दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की गई थी। मामले के खुलासे के लिए गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान कर घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।' फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। गुरुवार को कुख्यात अपराधी गोपालपुर थाना क्षेत्र डिमहा निवासी विजय यादव के बेटे दिलखुश यादव को गिरफ्तार किया गया।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप



**बांका।** जिले के रजौन थाना क्षेत्र में दहेज को लेकर एक महिला की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान चकरोशन गांव निवासी स्वर्गीय सौरभ कुमार की पत्नी पूजा देवी के रूप में हुई है। घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एक साल पहले पूजा देवी के पति सौरभ कुमार की मौत हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद, परिवार की सहमति से दो महीने पहले पूजा ने अपने देवर अभिषेक से शादी कर ली थी। शादी के बाद से ही अभिषेक के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य इस शादी का विरोध कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में पैसे की मांग कर पूजा पर दबाव बना रहे थे। जब पूजा ने इसका विरोध किया, तो ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद, मृतका के परिजनों को जब इस बारे में पता चला, तो वे घर पहुंचे और देखा कि पूजा का शव खाट पर पड़ा हुआ था। उनका आरोप है कि पूजा देवी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतका के परिजन शव को लेकर स्थानीय रजौन थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाना प्रभारी रवि कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक ससुराल पक्ष के सभी सदस्य फरार हो चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी चंद्रदीप कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में महिला की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। मृतका के मायके वालों ने दहेज को लेकर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है।

## संक्षिप्त डायरी

### पत्नी के जन्मदिन पर की फायरिंग, अब गए जेल

**सारण ।** अवैध हथियार के प्रदर्शन और हर्ष फायरिंग को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। आए दिन इस तरह की वीडियो और फोटो सामने आने पर लोगों के ऊपर कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में नया गांव थाना क्षेत्र के महमुदचक गांव निवासी सोनू कुमार पिता जयदीप साहनी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके द्वारा जन्मदिन के वक्त पत्नी के साथ अवैध हथियार से फायरिंग किए जाने का बीडीओ वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि आरोपी सोनू अवैध हथियार से अपनी पत्नी के साथ मिलकर हवाई फायरिंग कर रहा है। सोनू के हवाई फायरिंग का वीडियो उसके किसी दोस्त द्वारा बना कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। जिसके पास पुलिस मामले को जांच करते हुए 24 घंटे के अंदर सोनू को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में जेल भेजना की कार्रवाई कर रही है।यह जानकारी एसपी कुमार आशीष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है। एसपी ने बताया कि नयागांव थानाध्यक्ष को एक वीडियो प्राप्त हुई जिसमें 1 व्यक्ति 1 महिला के साथ किसी समारोह में पिस्टल से गोली फायर करते हुए दिख रहे हैं। उक्त वीडियो के सत्यापन उपरांत वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान सोनू कुमार, पिता- जयदीप सहनी, ग्राम- महमूद चक, थाना- नयागांव, जिला- सारण के रूप में की गयी। सोनू कुमार के घर छापेमारी कर उसे हिरासत में लेकर उक्त वीडियो के बारे में पूछताछ की गयी। पूछताछ में सोनू कुमार ने बताया कि यह वीडियो इनकी पत्नी के जन्मदिन का है जिसमें पति-पत्नी मिलकर पिस्टल से जन्मदिन मनाने के क्रम में पिस्टल से फायर किया था। वीडियो के सत्यापन उपरांत पकड़ाये व्यक्ति सोनू कुमार के विरुद्ध नयागांव थाना कांड संख्या- 242/24 दिनांक-20.11.24 धारा- 25(9)/30 आर्म्स एक्ट दर्ज कर सोनू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

### अररिया में पुलिस टीम पर हमला, 3 घायल: बदमाश को गिरफ्तार कर लौटने के दौरान किया अटैक

**अररिया ।** सिमराहा थाना क्षेत्र के औराही पूरब में गुरुवार शाम ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस घटना में सिमराहा थाना के अपर थानाध्यक्ष इम्तियाज खान, पीटीसी मसूद आलम और चौकीदार संतोष कुमार पासवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल इम्तियाज खान को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल रेफर किया गया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ऋषिदेव टोला में अपराध की योजना बनाने के लिए अपराधियों का जमावड़ा हो रहा है। इस पर अपर थानाध्यक्ष इम्तियाज खान के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने एक अपराधी को हिरासत में लेकर वापस लौटने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले के दौरान ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों और चौकीदार के साथ मारपीट की और हिरासत में लिए गए अपराधी को छुड़ाकर ले गए। घटनास्थल पर अपनी सुरक्षा में पुलिस ने तीन राउंड फायरिंग भी की। सिमराहा थानाध्यक्ष प्रेम कुमार भारती और फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। प्रेम कुमार भारती ने बताया कि मामले की जांच जारी है और हमलावर ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह घटना अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में बाधा डालने का प्रयास है। ग्रामीणों और अपराधियों के इस हिंसक रवैये से क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आगे की कार्रवाई तेज कर दी है।

### जननी बाल सुरक्षा योजना में पीएचसी आगे

**बगहा।** जननी बाल सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन में बगहा अनुमंडल के पीएचसी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अनुमंडलीय अस्पताल इस योजना के लाभ पहुंचाने में पिछड़ा साबित हो रहा है। अनुमंडल के शहरी पीएचसी, बगहा-दो, रामनगर, पिपरासी, मधुबनी, भितहा और ठकरहा पीएचसी पूरी तरह से अद्यतन हैं। लेकिन बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में पिछले छह महीने से इस योजना के तहत लाभुकों को राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। लाभुकों को योजना की राशि के लिए अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन उनके खातों में पैसे नहीं पहुंच रहे हैं। लाभुकों का कहना है कि पहले अस्पताल प्रशासन आवंटन न होने का हवाला दे रहा था, और अब प्रबंधक और अकाउंटेंट के पद पर प्रभार की समस्या बताई जा रही है। पीएचसी में अद्यतन, अनुमंडलीय अस्पताल में ढाई हजार लंबित भुगतान पीएचसी रामनगर के प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि उनके यहां लगभग 385 लाभुकों का भुगतान लंबित है। वहीं, शहरी पीएचसी और बगहा-दो पीएचसी के प्रबंधक विकास कुमार ने जानकारी दी कि उनके यहां योजना के सभी भुगतान अद्यतन हैं। मधुबनी, भितहा, और ठकरहा पीएचसी भी पूरी तरह से अपडेट हैं। इसके विपरीत, बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में लगभग ढाई हजार लाभुकों का भुगतान अभी तक लंबित है। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि फंड के अभाव के वजह से आवंटन नहीं किया जा रहा है। वहीं अस्पताल के प्रभारी प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि पहले आवंटन की कमी के कारण भुगतान में देरी हुई थी।

# हथियार के साथ वीडियो पोस्ट किया, युवक गिरफ्तार



**मोतिहारी ।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामला मोतिहारी के नगर थाना क्षेत्र का है। एस पी स्वर्ण प्रभात को सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो डाला हुआ एक युवक दिखा। एसपी ने सदर डीएसपी जितेश पांडेय के नेतृत्व में एक टीम गठित कर वीडियो पोस्ट करने वाले युवक की पहचान कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया, जिसके बाद डीएसपी ने नगर थाना के साथ मिलकर वीडियो में दिख रहे युवक के सत्यापन करते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की। वीडियो में दिख रहे युवक को नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मदन कुमार बताया। वहीं उसकी निशानदेही पर वीडियो में दिखने वाले देशी कट्टा और गोली को भी बरामद कर लिया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील किया है कि आप अपने बच्चों पर निगरानी रखे और उन्हें सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट कर रहे हैं। इस पर भी ध्यान दें, अगर आप नहीं ध्यान देंगे तो आपके बच्चे का संगती खराब होगा और आगे चल कर आप लोगों को जवाब देही होगी।

# बाहुबली पप्पू यादव एक घंटे कोर्ट कटघरे में खड़े रहे

## गाजीपुर में कराई जमानत, लॉरेंस बिश्नोई के सवाल पर बोले- आज भी मिली धमकी



**गाजीपुर ।** एमपी/एमएलए कोर्ट में गुरुवार को बिहार के पूर्णिया के बाहुबली सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पेश हुए। शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने बताया, 'सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह ने पप्पू यादव को एक घंटे कोर्ट के कटघरे में खड़ा रखा। पप्पू के वकील ने जब प्रार्थना पत्र दिया, तो 50 हजार के मुचलके पर उन्हें रिहा किया गया। मुकदमे की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी।' सुनवाई से लगातार गैर हाजिर रहने पर एमपी/एमएलए कोर्ट ने पप्पू यादव समेत 11 लोगों के खिलाफ 22 अक्टूबर को एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) जारी किया था। मामला 8 नवंबर, 1993 का है। मुहम्मदाबाद थाने में सांसद पप्पू समेत 11 लोगों के खिलाफ आचार संहिता का केस दर्ज हुआ था। रिहाई के बाद मीडिया ने लॉरेंस बिश्नोई की धमकियों से जुड़े सवाल पूछे। जवाब में पप्पू यादव ने कहा, धमकियां लगातार मिल रही हैं। आज भी मिली है। हालांकि उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया कि धमकी किससे मिल रही? सांसद पप्पू यादव ने कहा, 'मुझे लगातार धमकियां मिल रही हैं। आज भी कोर्ट आते समय रास्ते में फोन कर धमकी दी गई। कहा गया गाजीपुर पहुंच गए हो...।' मीडिया के सामने अपना फोन दिखाते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे उर्दू में मैसेज कर धमकियां दी जा रही हैं। पाकिस्तान और मलेशिया से धमकी आ रही है। 24 घंटे रेकी की जा रही है। मैं डरने वाला नही, मैं सच बोलता रहूंगा। मैं राजनीति में जाति-धर्म नहीं करता।' पप्पू यादव ने यह दावा भी किया कि झारखंड और महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन की सरकार बन रही है। 8 नवंबर, 1993 को उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों के दौरान पप्पू यादव और उमेश पासवान बक्सर बिहार की तरफ से गाजीपुर आ रहे थे। मुहम्मदाबाद विधानसभा में शहनिंदा चौकी के पास पप्पू यादव की गाड़ियों के काफिले को पुलिस ने रोक लिया। इसे लेकर उनकी पुलिस से नोकझोंक हुई। मुहम्मदाबाद थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष बीएन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्हें इनपुट मिला था कि बिहार के दो विधायक पप्पू यादव और उमेश पासवान अपने साथ बड़ी संख्या में अवांछनीय तत्वों लेकर उत्तर प्रदेश में अपने विरोधी राजनीतिक दलों के चुनाव सभाओं में गड़बड़ी पैदा करने के लिए उजियार घाट की ओर से होते हुए गाजीपुर में एंट्री करने वाले हैं। इस पर बीएन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने काफिले को रोका, तो पप्पू यादव जाम लगाकर बैठ गए। सभी को चुनाव और शांति व्यवस्था के बारे में बताने के बाद थानाध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चार्जशीट पेश की। जहां से सभी आरोपियों को 31 जुलाई, 2023 को बरी कर दिया गया था। इसके बाद जिला शासकीय अधिवक्ता कृपाशंकर राय ने आदेश के खिलाफ जिला जज की अदालत में 6 सितंबर, 2023 को अपील दाखिल की। जिला जज की अदालत ने मामले को एमपी/एमएलए की अदालत में सुनवाई के लिए भेज दिया था। जहां पर बहस चल रही है। 6 सितंबर, 2023 को दाखिल याचिका के बाद हुई कई सुनवाई में पप्पू यादव समेत कोई आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए 22 अक्टूबर को सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सहित 11 लोगों के विरुद्ध गैरजमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करते हुए 4 नवंबर को सुनवाई तय की थी। इस बीच 10 आरोपी इस मुकदमे में हाजिर हो गए और गैर जमानती वारंट निरस्त करा लिए। लेकिन पप्पू यादव हाजिर नहीं हुए थे। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि पप्पू यादव की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। इस पर कोर्ट ने मुहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक को स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया था।

# एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर : सुष्मिता सेन



बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने एक बार फिर अपने प्रेरणादायक दृष्टिकोण से फैंस का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर सुष्मिता सेन ने एक प्रेरक संदेश साझा करते हुए लिखा, एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर है।

सुष्मिता ने अपने पोस्ट में बताया कि सपने देखना जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक जरूरी है उन्हें हकीकत में बदलने का प्रयास करना। उन्होंने कहा, इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है, लेकिन बिना गति के यह बेकार है। उनका संदेश इस बात पर जोर देता है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ी उपलब्धियों का आधार बन सकते हैं। हाल ही में सुष्मिता को दांत के दर्द के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक के पास जाते हुए देखा गया। जब क्लिनिक के बाहर पैपराजी ने उनसे बातचीत की, तो उनकी आवाज में लड़खड़ाहट स्पष्ट थी, जो दर्द और एनेस्थीसिया का परिणाम थी। इसके बावजूद उन्होंने अपनी खास गर्मजोशी और विनम्रता से पैपराजी का अभिवादन किया, जो उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता है। सुष्मिता का यह संदेश उनके फैंस के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अपने जीवन और करियर में साहसिक और प्रभावशाली कदम उठाने वाली सुष्मिता ने यह साबित किया है कि इरादों को अमल में लाने की ताकत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। बता दें कि सुष्मिता सेन को अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित वेब सीरीज आर्या में उनके दमदार अभिनय के लिए खूब सराहना मिली। इसके अलावा, उन्होंने बायोग्राफिकल ड्रामा ताली- बजाऊंगी नहीं, बजाऊंगी में ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत की भूमिका निभाई। यह सीरीज मुंबई की ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट के संघर्ष और उनके जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाती है।



# सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना प्रेरणादायक: जान्हवी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नयनतारा की बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने खुलकर तारीफ की है। नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, एक सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना सबसे प्रेरणादायक होता है। इस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 18 नवंबर को हुआ, जिसमें नयनतारा के करियर और निजी जीवन की चुनौतियों का विवरण दिया गया है। डॉक्यूमेंट्री में नयनतारा और उनके पति विग्नेश शिवन के बीच की प्रेम कहानी और फिल्म इंडस्ट्री में उनके संघर्ष को भी दर्शाया गया है। जान्हवी कपूर ने नेटफ्लिक्स की पोस्ट को साझा करते हुए नयनतारा को एक साहसी और प्रेरणादायक महिला के रूप में सम्मानित किया। हालांकि, जान्हवी की पोस्ट उस समय आई है, जब नयनतारा और अभिनेता धनुष के बीच एक विवाद चल रहा था। 16 नवंबर को, नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर एक खुला पत्र शेयर किया, जिसमें उन्होंने धनुष पर कई गंभीर आरोप लगाए। नयनतारा ने दावा किया कि धनुष उनके प्रयासों से ईर्ष्या करते हैं और उनके सार्वजनिक रूप से दोस्ताना दिखने के बावजूद उनका असल स्वभाव बिल्कुल अलग है। इस पत्र में नयनतारा ने धनुष को 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करने पर भी कड़ी आलोचना की। यह विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ था जब नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में नानुम राउडी धान के एक 3 सेकंड के क्लिप का उपयोग किया गया था, जो कि धनुष द्वारा निर्मित फिल्म थी। नयनतारा ने इस पर गुस्से में लिखा कि धनुष का कानूनी नोटिस चौंकाने वाला था, क्योंकि उस क्लिप का उपयोग सोशल मीडिया पर पहले से ही सार्वजनिक किया गया था। इस विवाद के बीच, नयनतारा के समर्थन में कई अन्य साउथ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां, जैसे श्रुति हासन, ऐश्वर्या राजेश, अनुपमा परमेश्वरन, और पार्वती थिरुवोथु, खड़ी नजर आई हैं। बता दें कि नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई है, जिसे काफी सराहा जा रहा है।



# अभिनेत्री नयनतारा हुई 40 साल की


अभिनेत्री नयनतारा 40 साल की हो गई है। एक्ट्रेस धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री का डॉक्यूमेंट्री विवाद भी छाया हुआ है। अभिनेत्री की जिंदगी पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल' को लेकर लेडी सुपरस्टार नयनतारा और धनुष के बीच भी तकरार बढ़ती जा रही है। दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में फिल्म नानम राउडी धान का एक गाना डालने पर प्रोड्यूसर और एक्टर धनुष ने नोटिस दिया है। नानम राउडी धान फिल्म के प्रोड्यूसर धनुष थे। जिस पर अभिनेत्री ने धनुष को जमकर खरी खोटी भी सुनाई और सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में इंडस्ट्री के कई दोस्तों के क्लिप शामिल हैं, जिन्होंने अपना सहयोग दिया है, लेकिन दुख की बात है कि इसमें सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म नानम राउडी धान शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि दो साल तक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए अभिनेता से जूझने और डॉक्यूमेंट्री रिलीज के लिए उनकी मंजूरी का इंतजार करने के बाद टीम ने आखिरकार फिर से एडिटिंग करने और मौजूदा वर्जन के लिए समझौता करने का फैसला लिया है। बता दें कि इससे पहले भी लेडी सुपरस्टार कई बार सुर्खियों मे आ चुकी हैं। बात साल 2014 की है, जब नयनतारा का एक एमएमएस लीक हो गया था। इस वीडियो में नयनतारा एक्टर सिंबू को किस करती नजर आ रही थीं। यह वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले नयनतारा ने एक इवेंट में ब्राउन कलर की स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर ग्लैमरस अंदाज में शिरकत की थी। अभिनेत्री को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। हालांकि, फिल्म जगत के तमाम सितारों ने अभिनेत्री का समर्थन किया और ट्रोलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।



# दया, सम्मान और आपसी समर्थन रिश्ते के अहम पहलू: भूमि पेडनेकर

हाल ही में अपने प्रशंसकों के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने पिछले कुछ दिनों के अनुभव साझा किए। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी की झलक पेश की। अभिनेत्री भूमि ने अपनी पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ दिन- सेट पर रहने से लेकर यह पता चलने तक कि मेरी सोल सिस्टर की शादी हो रही है। इसके साथ उन्होंने कई तस्वीरें पोस्ट की, जिनमें वह अलग-अलग पोज़ देती नजर आ रही हैं। इससे पहले भूमि ने एक सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा था, सेल्फी गेम स्रसोमवार मोड। भूमि हाल ही में एक टॉक शो में नजर आई। शो में उन्होंने रिश्तों और साथी में प्राथमिकताओं को लेकर खुलकर बात की। भूमि ने कहा कि उनके लिए दया, सम्मान और आपसी समर्थन किसी भी रिश्ते के सबसे अहम पहलू हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसा साथी चाहती हूं जो दयालु हो, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करे, और जो मेरे काम पर गर्व महसूस करे। भूमि इन दिनों अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी व्यस्त हैं। उनका हालिया प्रोजेक्ट, क्राइम थ्रिलर भक्त, में वह एक उग्र पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जो सच्चाई उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके अलावा, वह मुदस्सर अजीज की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह के साथ नजर आएंगी। भूमि की अन्य महत्वाकांक्षी परियोजना नेटफ्लिक्स की रोमांटिक सीरीज द रॉयल्स है। इस सीरीज में ईशान खट्टर, जीनत अमान, नोरा फतेही और मिलिंद सोमन जैसे स्टार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहता: सुधांशु पांडे



छोटे परदे की एक्ट्रेस रुपाली गांगुली के लिए बीते कई महीने मुश्किलों भरे रहे हैं। एक्ट्रेस पर पहले कई को-स्टार्स ने बुरा व्यवहार करने के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उनकी सौतेली बेटी ने उनपर मारपीट और डराने के कई गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर एक्ट्रेस की सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने एक्ट्रेस पर उनका घर तोड़ने और उनके पिता को छीनने का आरोप लगाया था। इन सबके बीच रुपाली गांगुली के को-स्टार रहे सुधांशु पांडे ने एक्ट्रेस पर लगे इन आरोपों पर रिएक्ट किया है। बातचीत के दौरान सुधांशु पांडे ने उनकी को-स्टार रही रुपाली गांगुली पर लगे आरोपों पर रियेक्ट किया है। एक्टर ने डिटेल में बात करने से इनकार करते हुए कहा कि वो उनकी निजी जिंदगी है और वो किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट नहीं करना चाहते हैं। बातचीत के दौरान सुधांशु कहते हैं, 'मैं इस बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि ये किसी का बहुत ही निजी मामला है। किसी के पर्सनल मैटर के बारे में बात करना सही बात नहीं है।' वो आगे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि इसकी जरूरत नहीं है। हम सबके जीवन में ऐसी चीजें होती हैं और हम अपने-अपने तरीकों से इससे डील करते हैं। बाकी सब भगवान पर छोड़ देते हैं'। बता दें, सुधांशु पांडे के शो छोड़ने के पीछे एक्ट्रेस रुपाली गांगुली को बताया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस से लड़ाई का बाद ही उन्होंने शो छोड़ा। सुधांशु के बाद मदालसा शर्मा सहित कई एक्टर्स ने शो छोड़ा और कई ने रुपाली पर पॉलिटिक्स करने के आरोप भी लगाए। कई सितारों ने दावा किया कि रुपाली सेट पर काफी राजनीति करती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने इन बयानों पर चुप्पी साधी हुई है।

# एल्बम ग्लोरी के गाने में नजर आएगी नोरा फतेही



अभिनेत्री नोरा फतेही और रैपर यो यो हनी सिंह की जोडी अपने नए सहयोग से एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही है। नोरो रैपर हनी सिंह के बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी के गाने पायल में नजर आएगी। नोरा ने सोशल मीडिया पर म्यूजिक वीडियो का टीज़र शेयर करते हुए लिखा, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो, जिसे हनी सिंह ने गाया है और जिसमें मैं फीचर कर रही हूं, कल रिलीज़ होगा। वीडियो में नोरा के शानदार डांस मूव्स और हनी सिंह के यूनिक बीट्स ने फैंस को बेसब्री से इंतजार में डाल दिया है। हनी सिंह ने पर्दे के पीछे की शूटिंग का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस के कठोर तापमान में फिल्माया गया। उन्होंने नोरा के समर्पण और प्रोफेशनलिज्म की तारीफ करते हुए उन्हें महान और बेहद मेहनती कलाकार कहा। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली नोरा हर प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उनकी हालिया तेलुगु फिल्म मटका को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावा, पेरिस फैशन वीक 2024 में नोरा ने लुई वुइटन के शो में अपनी उपस्थिति से तहलका मचा दिया। नोरा की अगली बड़ी अंतर्राष्ट्रीय परियोजना में जेसन डेरुलो के साथ एक और म्यूजिक वीडियो शामिल है, जो जल्द ही रिलीज़ होगा।


# सोनी सब के शो 'तेनाली रामा' के लिये कृष्णा भारद्वाज ने सिर मुंडवाया



सोनी सब के शो तेनाली रामा के लिये अभिनेता कृष्ण भारद्वाज ने अपना सिर मुंडवाकर भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। एक बार फिर तेनाली रामा के किरदार में कदम रखने के लिए तैयार कृष्ण भारद्वाज ने कहा, मैं एक ब्राह्मण परिवार से आता हूं, और हमें अपना सिर मुंडवाने की अनुमति नहीं है, जब तक कि घर में कोई त्रासदी न हो। मेरी मां ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'यह अशुभ है!', लेकिन उन्होंने यह भी समझा कि मैं अपने काम के प्रति समर्पित हूं और उन्होंने मेरे निर्णय में मेरा समर्थन किया। कृष्णा भारद्वाज ने कहा, इस बार मुझे रात में सोने में कठिनाई हो रही है क्योंकि मेरे सिर और तकिये के बीच घर्षण हो रहा है और जब से मैंने अपना सिर मुंडवाया है, तब से मुझे खुजली और अजीब लग रहा है। साथ ही मेरा लुक पूरी तरह से बदल गया है। आपका रूप आपके व्यक्तित्व का एक बड़ा हिस्सा है, खासकर एक अभिनेता के लिए। जब पहला सीज़न समाप्त हुआ, तो मैंने अपने बाल वापस उगाने की कोशिश की, लेकिन वे पहले की तरह घने नहीं हुए। इस बार गंजा होना कठिन लगा क्योंकि मैंने अपने बालों को फिर से उगाने और बनाए रखने के लिए बहुत मेहनत की थी। फिर भी, मैं हमेशा खुद को समझाता हूं कि गंजा होने के बाद भी मैं सुंदर दिखता हूं। तेनाली रामा दिसंबर में सोनी सब पर रात आठ बजे प्रसारित होगा।

# मानुषी ने शेयर किया दिल छू लेने वाला वीडियो

वर्तमान में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की 7वीं सालगिरह का जश्न मना रही हैं। मानुषी को 7 साल पहले मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल था। हरियाणा के रोहतक में जन्मी मानुषी की इस सफलता ने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया और आज जब वह अपनी यात्रा को याद कर रही हैं, तो उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, मानुषी को देख कर युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलती है, जो उनके नक्शेकदम पर चलने और वही अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करने का सपना देखती हैं। इस खास मौके पर मानुषी ने सोशल मीडिया के जरिए मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'इन वीडियो को भेजने के लिए मिस इंडिया को धन्यवाद, धन्यवाद मिस वर्ल्ड, यह हमेशा मेरे लिए सबसे खास पल रहेगा। मैं एक छोटी लड़की थी जब मैंने ताज पहनने और भारत को गौरवान्वित करने का सपना देखा था! मुझे बच्चों के बड़े सपने देखने और उसमें मेरी भूमिका निभाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नही मिलती।' मानुषी ने आगे कहा कि ये वीडियो एक विरोधाभास जैसा लग सकता है, लेकिन इसे विनम्रतापूर्वक लिया जाना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो में केक खाते और प्रियंका कुमारी और साना दुआ से उसे खिलाते हुए खुद को दिखाया, जबकि दूसरे वीडियो में वह अपनी टीम के साथ फिटिंग करती दिखाई दीं। खिताब जीतने के बाद से मानुषी ने सिर्फ ब्यूटी क्वीन के रूप में ही नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस के तौर पर भी भारत को गर्वित किया है। वह अब अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तेहरान की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ अभिनय कर रही हैं।





# जैकी श्रॉफ फिल्म फेस्टिवल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

आगामी 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऑल लिविंग थिंग्स एन्वायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल का अभिनेता जैकी श्रॉफ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस महोत्सव में फिल्मी हस्तियां और प्रोडक्शन बैनर जैसे इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस, अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर, फिल्म निर्माता रिची मेहता, पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुरेश वाडकर, वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर गौतम पांडे सहित कई अन्य कलाकार और फिल्ममेकर्स भी भाग लेंगे।

एएलटीईएफएफ का उद्देश्य सिनेमा की शक्तिशाली छवि के माध्यम से जलवायु जागरूकता बढ़ाना है, और इस दिशा में जैकी श्रॉफ का विचारशील योगदान महोत्सव के मुख्य उद्देश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी नियुक्ति पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मुझे एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है, और विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट एक्शन पर काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्में लोगों को जोड़ने का एक शानदार तरीका हैं, और अगली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए प्रेरित करने के लिए हमारे अपने फिल्मों से बेहतर क्या हो सकता है। एएलटीईएफएफ एक फिल्म महोत्सव से कहीं अधिक है, यह हम सभी का एक बड़ा सहयोग है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। एएलटीईएफएफ 2024 में रेड कार्पेट मोमेंट्स, सिनेमा की एक शाम, क्लाइमेट एक्शन के आसपास समुदाय और संवाद, एएलटीईएफएफ 2024 बेस्ट ऑफ फेस्टिवल फिल्म की स्क्रीनिंग और एक पुरस्कार समारोह जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ की हालिया ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में उनके नेगेटिव किरदार उमर हफ़ीज़ को शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में बब्बर शेर का किरदार निभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले लुक का रिवील किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी: पहला दिन रहा गेंदबाजों के नाम

## भारत पहली पारी 150 , ऑस्ट्रेलिया 67/7

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से यहां पर्थ में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट शुरु हुआ। इसमें पहले दिन का खेल गेंदबाजों के नाम रहा। जहां भारतीय टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में ही अपनी पहली पारी में 150 रनों पर सिमट गई। वहीं इसके बाद मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भी दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 67 रनों पर ही 7 विकेट खो दिये। स्टंप्स के समय मिचेल स्टार्क 6 , एलेक्स कैरी 19 रनों पर खेल रहे थे।

इस प्रकार पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी भी भारतीय टीम से 83 रन से पीछे है। इस मैच में गेंदबाज इस कदर हावी रहे कि एक ही दिन में 17 विकेट गिर गये जबकि दोनो ही टीमों ने कुल मिलकर 227 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से कप्तानी करते हुए जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज ने दो और हर्षित राणा ने एक विकेट लिया। वहीं इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। बुमराह ने दोनों ओपनरों उस्मान ख्वाजा (8), नाथन मैकस्वीनी (10), स्टीव स्मिथ (0) और पैट कमिंस (3) का विकेट लिया। एक विकेट हर्षित राणा के नाम रहा जिन्होंने ट्रेविस हेड को 11 रन पर अपना शिकार बनाया। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट अपने नाम किए जिसमें मिशेल मार्श (6) और मार्नस लाबुशाने (2) शामिल थे

ऋषभ पंत 37 , केएल राहुल 26 और नीतिश कुमार रेड्डी 41 के अलावा भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजनवुड ने 4 विकेट लिए। भारतीय टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज सशस्वी जायसवाल आज असफल रहे। यशस्वी और देवदत्त पड्डिकल खाता भी नहीं खोल पाये जबकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी पांच रन ही बना पाये।

मैच में ऋषभ और नीतिश के बीच सातवें विकेट के लिये 48 रन की साझेदारी हुई। पंत ने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर एक बड़ा छक्का भी लगाया।

स्टार्क और जोश हेजलवुड ने भारतीय शीर्षक्रम को टिकने ही नहीं दिया। स्टार्क ने 11 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये जबकि हेजलवुड ने 13 ओवर में 29 रन देकर चार विकेट लिए। कमिंस ने 15.4 ओवर में 67 रन देकर दो विकेट लिए। ऋषभ और नीतिश ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले। इन दोनों के अलावा विराट सहित अन्य बल्लेबाज सहज नहीं दिखे।

राहुल 26 रन बनाकर जम ही रहे थे कि वह एक विवादित फैसले के कारण आउट दिये गये। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पड्डिकल तो खाता भी नहीं खोल पाये। मिचेल मार्श ने पांच ओवर में 12 रन देकर ध्रुव जुरेल 11 और वॉशिंगटन सुंदर 4 के विकेट लिए। यशस्वी इस मैच में स्टार्क का सामना नहीं कर पाये और उनकी शॉर्टलैंग्थ गेंद से परेशान हो गये।

वहीं देवदत्त पड्डिकल भी मेजबान गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये।



# जोस बटलर की अबू धाबी टी10 में धमाकेदार बल्लेबाजी, महज 14 गेंदों में जड़ा अर्धशतक



**अबू धाबी (यूएई) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने अबू धाबी टी10 के 2024 संस्करण में अपना क्लास दिखाया जो जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। उन्होंने चेन्नई ब्रेव जैगुआर्स के खिलाफ डेक्कन ग्लैडिएटर्स के लिए पहले मैच में कुछ बेहतरीन स्ट्रोक खेले और 24 गेंदों पर 4 चौकों और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए। इस तरह उन्होंने 142 रनों के विशाल लक्ष्य को 7 विकेट से हासिल कर लिया। दाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने महज 14 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और जीत दर्ज करने पर खुशी जताई।

जोस बटलर ने अबू धाबी टी10 की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमें अच्छा लग रहा है कि हमने लक्ष्य हासिल कर लिया है।' ग्लेडिएटर्स ने शुरूआती कुछ विकेट खो दिए लेकिन बटलर ने टॉम कोहलर-कैडमोर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। बटलर ने कैडमोर की जमकर तारीफ की जिन्होंने अपनी शानदार पारी के लिए सिर्फ 24 गेंदों में 51 रन बनाए।

मैच के बाद बटलर ने कहा, 'वह पिछले कई सालों से टी10 में शानदार प्रदर्शन कर रहे है। टूर्नामेंट में इतनी अच्छी शुरुआत करना उनके लिए बहुत बड़ी बात है।' इंग्लैंड टीम के व्हाइट-बॉल कप्तान इंग्लिश बल्लेबाजों के बल्ले से प्रदर्शन से काफी खुश हैं और इसे राष्ट्रीय टीम के लिए एक बड़ी परेशानी के तौर पर देखते हैं। उन्होंने कहा, 'फिल साल्ट शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं और पिछले 12-18 महीनों से शानदार फॉर्म में हैं। यह इंग्लैंड टीम के लिए अच्छा है। हां, बिल्कुल। यह अच्छी बात है कि हमारी टीम में अच्छी ताकत है।'

साल्ट ने अबू धाबी टी10 अभियान की शानदार शुरुआत की जब उन्होंने टीम अबू धाबी के लिए 19 गेंदों पर 51* रन बनाए। उनके अलावा जॉनी बेयरस्टो जो उसी टीम के लिए टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, ने अजमान बोल्ट्स के खिलाफ 14 गेंदों पर 22* रन की तेज पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाई। टूर्नामेंट के आगामी मैच में ग्लेडिएटर्स शुक्रवार को अजमान बोल्ट्स से भिड़ेंगे।

# जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में रचा इतिहास, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया के गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ रहा है। जहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली टीम इंडिया पहली पारी में 150 रन पर ढेर हो गई। तो वहीं जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम भी कमाल नहीं दिखा पाई। कंगारू टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने एक-एक करके ढेर होते चले गए।

पहली पारी में मेजबान टीम के पहले तीन विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिए जिसमें स्टीव स्मिथ भी शामिल रहे। स्टीव स्मिथ पहली पारी में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए, लेकिन वो अपना खाता भी नहीं खोल पाए और बुमराह ने उन्हें क्लीन एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। बुमराह ने स्मिथ को गोल्डन डक पर आउट किया और टेस्ट प्रारुप में ऐसा करते हुए उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं स्टीव स्मिथ अपने टेस्ट क्रिकेट करियर में होम ग्राउंड पर पहली बार गोल्डन डक पर आउट हुए।

पर्थ टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की आग उगलती गेंद का सामना करने में कंगारू बल्लेबाजों को भी दिक्कत महसूस हो रही थी। इस क्रम में जब स्मिथ बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आए तब वो पहली ही गेंद पर आउट हो गए। बुमराह ने उन्हें खब्बू आउट कर दिया और टेस्ट क्रिकेट में वो स्मिथ को गोल्डन डक पर आउट होने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। स्मिथ को इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में किसी भी भारतीय गेंदबाज ने गोल्डन डक पर आउट नहीं किया था।

स्मिथ का बल्ला पर्थ टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत के खिलाफ नहीं चला और वो शून्य के स्कोर पर चलते बने। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा दूसरी बार हुआ जब स्मिथ गोल्डन डक पर अपना विकेट गंवा बैठे। स्मिथ ने पहली बार साल 2014 में गोल्डन डक पर टेस्ट में अपना विकेट गंवाया था और उन्हें साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने अपना शिकार बनाया था। अब 10 साल के बाद वो फिर से यानी दूसरी बार टेस्ट में गोल्डन डक पर आउट हुए और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गोल्डन डक पर आउट किया।

# सहवाग के बेटे आर्यवीर ने खेली तूफानी पारी, प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मात्र 3 रन से तिहरे शतक से चूके

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के पूर्व बल्लेबाज और धमाकेदार ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने मेघालय के खिलाफ कूच बिहार ट्रॉफी मैच में दोहरा शतक लगाकर सुर्खियों में आ गए हैं। 17 वर्षीय आर्यवीर ने मात्र 3 रन से तीहरे शतक से चूक गए। शिलांग के एमसीए क्रिकेट ग्राउंड पर पहले दिन नाबाद 200 रन की पारी खेलने के बाद उन्होंने दूसरे दिन भी धमाकेदार बल्लेबाजी जारी रखी और मात्र 309 गेंदों पर 96.12 की स्ट्राइक रेट से 297 रन बनाए जिसमें 51 चौके और 3 छक्के शामिल थे। इसे लेकर सहवाग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर की है।

कूच बिहार ट्रॉफी अंडर 19 खिलाड़ियों के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट है। बल्लेबाजी करने के बाद मेजबान मेघालय पहली पारी में सिर्फ 260 रन ही बना सका। जवाब में आर्यवीर और अर्नव एस बुग्गा ने पहले विकेट के लिए 180 रन जोड़कर दिल्ली की मजबूत वापसी की नींव रखी। बुग्गा ने दूसरे दिन आउट होने से पहले शतक बनाया लेकिन आर्यवीर दिन के खेल के अंत में बिना आउट हुए ड्रेसिंग रूम में लौट गए। वे सिर्फ 229 गेंदों पर 200 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन दूसरे दिन वह फिर लौटे और 300 के करीब रन बनाए।

आर्यवीर के अलावा धन्या नाकरा जो पहले दिन 98 रन बनाकर नाबाद रहे थे, उन्होंने 122 गेंदों पर 106.56 की स्ट्राइक रेट और 18 चौकों तथा 3 छक्कों की मदद से 130 रन बनाए। इस साल की शुरुआत में आर्यवीर ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में मणिपुर के खिलाफ दिल्ली के लिए अपना अंडर-19 डेब्यू किया था। उन्होंने 49 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी पहचान बनाई और दिल्ली ने मैच 49 रनों से जीत लिया।

पिछले साल सहवाग ने खुलासा किया था कि उनके बेटे आर्यवीर ने पहले ही आईपीएल अनुबंध पर अपनी नज़रें गड़ा दी हैं। सहवाग ने कहा, 'मेरा बेटा 15 साल का है और आईपीएल में खेलने का मौका पाने के लिए पहले से ही कड़ी मेहनत कर रहा है। आईपीएल ने युवा प्रतिभाओं को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचाया है। पहले रणजी ट्रॉफी के प्रदर्शन से कोई ध्यान नहीं खींचता था और इसलिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाता था। लेकिन अब अगर आप आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपनी प्रतिभा दिखाते हैं तो आपको तुरंत भारतीय टीम में खेलने का मौका मिलता है। आईपीएल की वजह से देश के छोटे राज्यों के कई बच्चे क्रिकेट को गंभीरता से लेने लगे हैं और आईपीएल में हिस्सा लेने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं और इसके लिए कड़ी मेहनत करते हैं।'



# आईपीएल नीलामी कार्यक्रम से पोंटिंग और लैंगर की मुश्किलें बढ़ीं



पर्थ । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए रखे कार्यक्रम के कारण उन्हें और जस्टिन लैंगर को परेशानी होगी। पोंटिंग लौर लैंगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए कमेंट्री टीम में शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि नीलामी का कार्यक्रम 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में रखा गया है। इस कारण उन्हें पहले टेस्ट मैच को बीच में ही छोड़कर जाना होगा। पोंटिंग और लैंगर आईपीएल फ्रेंचाइजी से कोच के तौर पर जुड़े हैं। जेद्दा में होने वाली नीलामी में पोंटिंग बतौर पंजाब किंग्स कोच, लैंगर लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच के रूप में मौजूद रहेंगे। पोंटिंग और लैंगर पर्थ टेस्ट के पहले दिन ही कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे, इसके बाद इन्हें जाना होगा। पोंटिंग ने कहा कि, ये मेरे और लैंगर के लिए कठिन स्थिति है। हम पिछले कुछ महीनों से सोच रहे थे कि शायद टेस्ट मैच और नीलामी में अंतर होगा। इससे दोनों टीमों के खिलाड़ियों पर से दबाव हट जाएगा पर ऐसा नहीं हुआ।

# अब बीबीएल में सिडनी थंडर की कप्तानी करते दिखेंगे वॉर्नर




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 लीग में सिडनी थंडर की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। वॉर्नर को साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में गेंद से छेड़छाड़ को लेकर आजीवन कप्तानी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उस समय वह टीम के उपकप्तान थे। इसके बाद वार्नर टीम में वापसी करने में सफल हुए पर उनका करियार अधिक नहीं चल पाया। वॉर्नर ने कुछ समय पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इस क्रिकेटर ने कप्तानी पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आचार संहिता आयोग ने उन पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। समीक्षा पैनल ने कहा, 'वार्नर जवाबों के सम्मानजनक तथा पश्चाताप भरे लहजे ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और उन्हें अपने आचरण के लिए अत्यधिक पश्चाताप है। इसके बाद उन्हें सिडनी थंडर का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। वहीं सिडनी थंडर का कप्तान बनाए जाने पर उत्साहित वॉर्नर ने कहा, 'एक बार फिर सिडनी थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरुआत से ही इस टीम का हिस्सा रहा हूं। अब अपने नाम के आगे 'सी के साथ वापस आना बहुत अच्छा लग रहा है। वार्नर ने इससे पहले 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था।

# निशानेबाजी में जो प्रतिभा है, वह अन्य खेलों में नहीं है: अभिनव बिंद्रा

**पटना (एजेंसी)।** गुड़गांव -बीजिंग ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में निशानेबाजी में काफी विकास हुआ है जिससे अब इस खेल में प्रतिभा की गहराई है। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर भारतीय निशानेबाजों की अगुआई की।

बिंद्रा ने शुक्रवार को आर्टेमिस अस्पताल में कहा, 'निशानेबाजी के खेल में जो प्रतिभा है, वह इस देश के किसी अन्य खेल में नहीं है। राष्ट्रीय स्तर और विश्व स्तर पर बहुत से निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि पिछले एक दशक में इस खेल ने कितनी प्रगति की है।'

पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजों की उपलब्धि ने ओलंपिक में 12 साल के सूखे को भी समाप्त कर दिया जिसमें मनु, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने तीन कांस्य पदक हासिल किए। बिंद्रा ने कहा, 'कुछ समय के लिए ऐसा भी समय रहा जब दो ओलंपिक में हम कोई पदक नहीं जीत पाए। लेकिन यह खेल का एक अभिन्न हिस्सा है। एथलीटों ने बहुत कुछ सीखा है, महासंघ ने बहुत कुछ सीखा है जिसके परिणामस्वरूप पेरिस में अच्छे परिणाम मिले।' 42 वर्षीय बिंद्रा ने कहा कि भविष्य के ओलंपिक खेलों में इसी तरह के प्रदर्शन को जारी रखने के लिए रणनीतिक योजना और बारिकियों पर ध्यान बरकरार रहेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह लय जारी रहेगी और रणनीतिक योजना जारी रहेगी। छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं, उनका ध्यान रखना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि देश निशानेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा।' 2026 राष्ट्रमंडल खेलों ने निशानेबाजी, हॉकी, क्रिकेट और कुश्ती को अपने कार्यक्रम से हटा दिया है जो ग्लासगो में भारत की पदक संभावनाओं के लिए बड़ा झटका है। बिंद्रा ने कहा कि यह स्थायी नहीं है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में निशानेबाजी की वापसी होगी।



# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अजहर अली को नियुक्त किया युवा विकास प्रमुख



लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली को भर्ती प्रक्रिया के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के युवा विकास प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। पीसीबी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'यह भूमिका अजहर की मौजूदा जिम्मेदारियों का विस्तार होगी क्योंकि वह पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य के रूप में भी काम करते हैं।' पाकिस्तान क्रिकेट में एक प्रमुख व्यक्ति अजहर ने सीनियर राष्ट्रीय टीम में आगे बढ़ने से पहले 2002 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में अपना करियर शुरू किया। 2010 और 2022 के बीच उन्होंने 97 टेस्ट और 53 वनडे खेले जिसमें 9 टेस्ट और 31 वनडे में पाकिस्तान की कप्तानी की। वह 2017 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के भी अहम सदस्य थे। युवा विकास के प्रमुख के तौर पर अजहर को व्यापक युवा क्रिकेट रणनीतियों को डिजाइन और लागू करके, मजबूत जमीनी स्तर पर क्रिकेट संरचना और प्रतिभा मार्ग स्थापित करके, आयु-समूह कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय क्रिकेट संघों के साथ सहयोग करके, पीसीबी के पाथवे कार्यक्रम के तहत उभरते क्रिकेटरों को शिक्षित करके और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए मैदान के बाहर विकास की अनिवार्यताओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सेमिनार और क्लीनिक आयोजित करके पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को आकार देने का काम सौंपा गया है। अजहर ने एक बयान में कहा, 'मैं इस महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने के लिए सम्मानित और उत्साहित हूं। आयु-समूह रैंकों में आगे बढ़ने और व्यापक क्लब और घरेलू क्रिकेट खेलने के बाद मैं भविष्य के सितारों को आकार देने में जमीनी स्तर के विकास की महत्वपूर्ण भूमिका को समझता हूं। इस क्षेत्र में पहले से ही महत्वपूर्ण प्रगति की गई है और मैं अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हमारे युवा विकास कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने के लिए काम करने के लिए उत्सुक हूं। हमारा लक्ष्य होनहार प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें उच्चतम स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उपकरणों से लैस करना है।'

# आईपीएल 2025 की तारीख आई सामने, जानें कब से शुरू होगा टी20 का महामुकाबला




**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरु होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों के बारे में बताया गया है।

घोषणा के अनुसार टूर्नामेंट का अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह 2025 सत्र में 74 मैच होंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से 10 कम है।

नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग-अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस अनुबंध के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का जिक्र था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने सभी खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों को 2025 सत्र में खेलने की मंजूरी दे दी है।

इसके अलावा अधिकतर पूर्ण सदस्य देश इंग्लैंड, श्रीलंका बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के क्रिकेट बोर्डर ने अपने खिलाड़ियों को अगले तीन सत्र के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति दे दी है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है, जिनके खिलाड़ियों को 2011 के बाद से ही आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिला है।

# हॉकी पुरुष जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से, पांचवें खिताब के लिए भारतीय टीम मस्कट रवाना

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को बेंगलुरु से रवाना हुई। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार टूर्नामेंट जीता है। उन्होंने पिछले साल फाइनल में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था।

इस बार इस आयोजन में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है। जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। कप्तान आमिर अली और उप-कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच होगा।

30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला होना है और 1 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ उनका आखिरी ग्रुप स्टेज मैच होना है। भारतीय टीम को 3 दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित करनी होगी। सुल्तान जोहोर कप 2024 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद भारत अपनी लय को बरकरार रखते हुए ओमान में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

कप्तान आमिर अली ने कहा, 'भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कप्तान के रूप में मैं पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए बेहद उत्साहित हूं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और आगे आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सभी इस टूर्नामेंट के महत्व और बड़े मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के अवसर को समझते हैं। हमारा ध्यान पहले मैच से ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने और फाइनल में जगह बनाने के लिए एक मजबूत स्थिति हासिल करने पर है।'

उप-कप्तान रोहित ने कहा, 'हम सभी पुरुष जूनियर एशिया कप में अपना अभियान शुरू करने के लिए बहुत प्रेरित और उत्सुक महसूस कर रहे हैं। शिविर में ऊर्जा शानदार है और खिलाड़ियों में एकता की भावना मजबूत है। सुल्तान ऑफ जोहोर कप में हमारे हालिया प्रदर्शन ने हमें आत्मविश्वास दिया है और हम उस गति को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम कड़ी मेहनत करने, अनुशासित रहने और हर मैच में अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ हैं।'



# शमी ने मांजरेकर को करारा जवाब दिया

नई दिल्ली । अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर की उस बयान के लिए कड़ी आलोचना की है। जिसमें मांजरेकर ने कहा है कि फिटनेस सही नही होने के कारण आईपीएल 2025 के लिए शमी पर टीमें अधिक रकम लगाने का जोखिम नही उठाएंगी। शमी ने कहा कि मांजरेकर कमेंटटर का काम कर रहे हैं पर उन्हें इस प्रकार की आधारहीन बातें नहीं करनी चाहिये। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी को इस बार मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रुपए है। शमी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ' थोड़ा सा ज्ञान अपने भविष्य के लिए भी बचा लो, काम आएगा मांजरेकर जी। साथ ही तंज कसा कि किसी को भविष्य जानना हो तो इनसे मिलें। मांजरेकर ने कहा था कि शमी के लिये कई टीमें बोली लगा सकती है लेकिन उन्हें नही लगता कि टीमों के बीच उनके लिये होड़ होगी। उन्होंने कहा था, 'टीमों की उनमें रुचि होगी लेकिन चोटों के उनके इतिहास को देखते हुए सत्र के बीच में बाहर होने की आशंका रहती है इसलिए टीमें जोखिम नहीं लेना चाहेंगे क्योंकि अगर शमी बीच में बाहर होते हैं तो उनका पैसा फंस जाएगा। इसलिए उनकी कीमत घट सकती है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा सेंटर के निर्धारण को लेकर हुई बैठक

**नई दिल्ली** : वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा सेंटर निर्धारण के संबंध में जिला परीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार जो भी मानक तय किए गए हैं उसका अनुपालन सुनिश्चित करते परीक्षा केंद्रों का आवंटन किया जाये। कहा कि शासन के मानदंडों/अहर्ता पूरी करने वाले विद्यालयों की सूची तैयार कर लें। जिन विद्यालयों की दूर केंद्र निर्धारण के संबंध में आपत्तियाँ प्राप्त हुई, उसे तत्काल दूर कर लिया जाए। इस बैठक में एडीएम विपिन कुमार, एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गृह मंत्री ने 'साबरमती रिपोर्ट' फिल्म की टीम से की मुलाकात

**नई दिल्ली** : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 'साबरमती रिपोर्ट' फिल्म की टीम से मुलाकात की और सच बताने का साहस करने के लिए उनकी सराहना की। फिल्म की टीम में निमार्ता एकता कपूर और फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी सहित अन्य लोग शामिल रहे। अमित शाह ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह फिल्म झूठ और भ्रामक तथ्यों को उजागर कर सच्चाई को सामने लाती है। इस सच्चाई को राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए लंबे समय से दबाया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हाल ही में फिल्म की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि झूठ का कथानक थोड़े समय के लिए ही रहता है और आखिरकार तथ्य एक दिन सबके सामने आ ही जाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर आलोक भट्ट यूजर की पोस्ट को साझा किया था। इसमें भट्ट ने कहा था कि फिल्म इंग्लिश पत्रकारों और हिंदी पत्रकारों के बीच का अंतर समझती है।

### मैं निर्देशक पर नहीं, इंसान पर भरोसा करता हूं: विधु विनोद चोपड़ा

**गोवा** : 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के तीसरे दिन प्रख्यात संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा और प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निमार्ता और पटकथा लेखक विधु विनोद चोपड़ा ने पणजी, गोवा स्थित कला अकादमी में शानदार मास्टरक्लास का आयोजन किया। 'लिविंग मूवीज: फिल्म निर्माण और रचनात्मक जीवन' विषय पर आधारित इस सत्र ने खचाखच भरे हॉल में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों ने फिल्म निर्माण की गहराई, रचनात्मक दृष्टिकोण और अपने अनुभव शेयर करते हुए इस सत्र को जीवंत बनाया। आईएफएफआई के तीसरे दिन आयोजित मास्टरक्लास में संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा ने फिल्म परिणीता के लोकप्रिय गीत 'पीयू बोले पिया बोले' से सत्र की शुरूआत की। इस माहौल में जल्द ही फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा भी शामिल हो गए। विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी विशेष शैली में बातचीत को पारंपरिक ढांचे से अलग दिशा दी। उन्होंने मंच पर अपनी ऊर्जा और जीवंतता से दर्शकों को बांधे रखा। अपनी प्रारंभिक संघर्ष भरी यात्रा को शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वह फिल्म निर्देशक विजय आनंद के साथ काम करने का सपना देखते थे। विधु विनोद चोपड़ा ने याद किया कि आनंद के एक करीबी ने उनके लिए सहयोग का आश्वासन दिया था।

# लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति व परंपराएं होंगी सुदृढ़ : राष्ट्रपति

एजेंसी



**हैदराबाद** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति एवं परंपराएं सुदृढ़ होंगी। इसकी दिशा में यह एक बेहतरीन कार्यक्रम है। भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध रही है। देश की संस्कृति और परंपराओं में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'लोकमंथन-2024' के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए गर्व महसूस हो रहा है। मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2018 में रांची में आयोजित लोकमंथन में वे शामिल हुई थीं और आज एक बार फिर लोकमंथन में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यही हमारी ताकत है, यही हमारी स्थिरता है। एक ही स्थान पर इतनी सारी विभिन्न संस्कृतियों का होना वास्तव में बहुत सुंदर है। हमारा देश इन सभी चीजों से एक खूबसूरत इंद्रधनुष की तरह है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम सभी भारतीय हैं, चाहे हम ग्रामीण हों या शहरवासी। राष्ट्रपति मुर्मु ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोकमंथन में अहिल्याबाई होल्कर, रानी रुद्रमादेवी और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का विदेशों में पालन किया जा रहा है। वह इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की हृदय से सराहना करती हैं जो इस मंच के माध्यम से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक अवधारणाओं, कला, संगीत, शिक्षा और चिकित्सा पद्धतियों ने दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया है। कहते हैं हमने दुनिया को ज्ञान दिया है। वर्तमान समय में भारत के ज्ञान को पुनः पूरे विश्व में फैलाने की आवश्यकता है। विदेशी शक्तियों ने सदियों तक हम पर अत्याचार किया है। हमारी संस्कृति, भाषा, परंपराओं और रीति-रिवाजों को नष्ट कर दिया। हमारी एकता को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। ऐसा कहा जाता है कि हमारे अंदर गुलामी की जड़ें पैदा कर दी गई हैं लेकिन हमारे देशवासियों ने संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखा है। इन्हें जारी रखने की जरूरत है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत गुलामी की जड़ों को हटाने का प्रयास कर रहा है। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ हो गया है। दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप कर दिया गया है। यह गुलामी के विचारों को दूर करने की दिशा में एक प्रयास है।


## भारतीय सेनाध्यक्ष ने नेपाल के प्रधानमंत्री ओली से की मुलाकात

एजेंसी

**काठमांडू** : नेपाल दौरे आए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज काठमांडू में प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय सिंह दरबार में हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के विशिष्ट संबंधों को लेकर चर्चा हुई। भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने नेपाल सेना के प्रधान सेनापति की मानद उपाधि दिए जाने पर नेपाल सरकार और नेपाली सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले सात दशकों से चली आ रही परंपरा के कारण ही दोनों देशों के बीच का संबंध पूरी दुनिया में विशिष्ट हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना हमेशा ही नेपाली सेना के साथ सहकार्य करने को तत्पर है। साथ ही सेना को विभिन्न प्रकार के सहयोग को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा कि भले ही सेना की यह परंपरा पिछले सात दशकों से चली आ रही है पर नेपाल भारत का संबंध युगों युगों का है। ओली ने कहा कि त्रेता युग में भी अयोध्या और जनकपुर का संबंध था। द्वापर युग में नेपाल के विराट क्षेत्र से संबंध था और कलियुग के भगवान बुद्ध सहित अन्य ऋषि महर्षियों का हिमालयी क्षेत्र में आने की परंपरा रही है। ओली ने कहा कि सेना की यह परंपरा दोनों देशों के संबंध पर गर्व करने लायक है। नेपाल के पांच दिवसीय दौरे पर रहे जनरल द्विवेदी को नेपाल के राष्ट्रपति के तरफ से वृहस्पतिवार को एक समारोह के बीच नेपाली सेना के मानद महारथी का दर्जा प्रदान किया गया था।

## जालंधर में मुठभेड़ कर पुलिस ने आतंकी लखबीर लांडा गैंग के दो गुर्गे पकड़े

एजेंसी



**चंडीगढ़** : पंजाब पुलिस ने जालंधर में मुठभेड़ कर आतंकी गैंगस्टर लखबीर लांडा के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों गैंगस्टरों के अलावा दो पुलिस कर्मी भी घायल हो गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने जारी जानकारी में बताया कि यह मुठभेड़ शुक्रवार को सुबह हुई है। गिरफ्तार बदमाशों में भीखा नंगल गांव का जसकरण सिंह उर्फ करण और फगवाड़ा का रहने वाला फतेहदीप सिंह उर्फ प्रदीप सैनी शामिल हैं। पुलिस को उनके कब्जे से कुल सात पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। हथियार एक थैले में भरकर रखे हुए थे। घायल हुए पुलिस कॉन्स्टेबल और दोनों गैंगस्टरों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि पकड़े गए दोनों गुर्गे गैंगस्टर हैं और जेल से जमानत पर छूटे थे। जमानत के बाद से विदेश में बैठे लखबीर लांडा के संपर्क में थे। उनके ठीक होने पर इसके बारे में विस्तार से पूछताछ की जाएगी। पुलिस को इनपुट मिला था कि लांडा गैंग के दो साथी थाना सदर के इलाके में मूवमेंट कर रहे हैं। जिसके बाद इंचार्ज रविंदर कुमार के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम उनका पीछा करने में जुट गई। गांव कंगनीवाल में पुलिस ने उन्हें घेर लिया। यह देखकर वह खेतों में घुसकर छुप गए। मुठभेड़ की सूरत में गांव में कोई नुकसान न हो, इसके लिए पुलिस ने ग्रामीणों को पहले अलर्ट कर दिया। उन सभी को अपने घरों के भीतर ही रहने को कहा गया। खेतों से लगा सारा एरिया भी खाली कराया गया।

## महाराष्ट्र में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी


एजेंसी



**मुंबई** : महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मतों की गिनती शनिवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक सूबे के 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 288 मतगणना केंद्र और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 01 मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए 288 मतगणना निरीक्षक और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए दो मतगणना निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान हुआ था। मतदान 65 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर मतों की गिनती 23 नवंबर को सुबह 8 बजे शुरू होगी। डाक मतपत्रों की गिनती सुबह 08 बजे शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू होगी। डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होने से 288 मतदान केंद्रों पर उनकी गिनती के लिए 1732 टेबल और ईटीपीबीएमएस स्कैनिंग (प्री-काउंटिंग) के लिए 592 टेबल लगाए गए हैं। सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को मतगणना केंद्रों के बारे में लिखितसूचना दे दी गयी है। सील किए गए स्ट्रांग रूम को पर्यवेक्षकों और उपस्थित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों के सामने खोला जाएगा और ईवीएम को मतगणना केंद्र पर ले जाया जाएगा। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इस बार 4,66,823 डाक मतपत्र चुनाव कर्मचारियों को वितरित किए गए थे। महाराष्ट्र में मुख्य मुकाबला महायुति और महाविकास आघाड़ी के बीच है। महायुति में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी हैं, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। राज्य में इस समय महायुति की सरकार है, जिसका नेतृत्व शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। उनकी सरकार में देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपमुख्यमंत्री हैं।

## मैट गेट्ज नहीं बनेंगे अमेरिका के अटॉर्नी जनरल, ट्रंप ने अब पैम बॉन्डी का किया चयन

एजेंसी



**वाशिंगटन** : संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के अटॉर्नी जनरल पद के लिए अब मैट गेट्ज के स्थान पर पैम बॉन्डी का चुनाव किया है। ट्रंप ने एक सप्ताह पहले इस पद के लिए मैट गेट्ज के नाम की घोषणा की थी। पैम साल 2011 से 2019 तक अमेरिका के तीसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य फ्लोरिडा की अटॉर्नी जनरल पद पर रही हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति पद के पहले कार्यकाल के दौरान वह उनकी कैबिनेट में अहम पद पर भी रही हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, मैट गेट्ज ने कल अचानक अटॉर्नी जनरल ने बनने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से उनके जानने वाले अचंभित हो गए। दरअसल गेट्ज यौन दुर्व्यवहार जैसे कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। हालांकि वह इन आरोपों को निराधार बता रहे हैं। मैट गेट्ज के पीछे हटने के बाद ट्रंप ने पैम के नाम का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके पास व्यापक अनुभव है। उन्होंने फ्लोरिडा की पहली महिला अटॉर्नी जनरल के रूप में अपराध पर कड़ा रुख अपनाया था। सनद रहे, ट्रंप के प्रति अपनी वफादारी के लिए मैट सुर्खियों में रहे हैं। कैलिफोर्निया पुलिस ने 2017 में उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच की थी। मैट पर 17 साल की नाबालिग से यौन संबंध बनाने के भी आरोप हैं। उन पर पेड सेक्स का आरोप लगा है। ऐसे व्यक्ति को देश के अटॉर्नी जनरल पद के लिए चुने जाने पर विवाद हो रहा था।

## नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ, सांस्कृतिक समागम अंकुरण में मुख्य अतिथि होंगे एहसान नूरानी

एजेंसी




**नई दिल्ली** : शुक्रवार को सेठ एम आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस द्वारा आगामी वार्षिक उत्सव के संदर्भ में एक भव्य प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी वृंद उपस्थित रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य वार्षिक समारोह के साथ-साथ नए अकादमी सत्र 2025-26 के प्रवेश की विस्तृत जानकारी साझा करना था। विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज जी ने सेठ एम आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव कैंपस में दिनांक 25-11-2024 को सांस्कृतिक समागम अंकुरण 2024 अधिनायक एवं वार्षिकोत्सव सृजन 2024 वेदांत का आयोजन दिनांक 30-11-2024 किया जा रहा है। जिनमें कक्षा 1 से 12वी तक के 700 बच्चे भाग लेंगे उन्होंने कहा, हमारा संस्थान हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित रहा है। ये समारोह न केवल उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन का माध्यम होगा, बल्कि नवीनता और उत्कृष्टता को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष सांस्कृतिक समागम अंकुरण में हमारे मुख्य अतिथि एहसान नूरानी जी हैं जो एक भारतीय संगीतकार और प्रसिद्ध गिटारिस्ट हैं। नूरानी जी को आइफा अवार्ड, नेशनल फिल्म अवार्ड सहित अनेको राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय अवार्ड उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मिले है नूरानी जी 26-11-2024 को हमारे बाबतपुर कैंपस में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे । वार्षिकोत्सव सृजन 2024 वेदांत' में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित विख्यात लोक गायिका उर्मिला श्रीवास्तव आ रही हैं। प्रेस वार्ता और बातचीत के अंतर्गत विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज जी ने नए प्रवेश की घोषणा करते हुए कहा कि हमें यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष कि अनुभूति हो रही है कि इस वर्ष एजुकेशन वर्ड रैंकिंग द्वारा सेठ एम॰आर॰ जैपुरिया स्कूल्स बनारस को वाराणसी में प्रथम स्थान, उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान एवं भारत में चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ है । हमारे दोनों ही कैंपस एवं सिटी ऑफिस में नवीन सत्र प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन 14 नवंबर 2024 से आरंभ हो चुका है। उन्होंने यह भी साझा किया कि इस वर्ष नवीन प्रवेश हेतु सीट अत्यंत लिमिटेड हैं। हमारे दोनों ही कैंपस एवं सिटी ऑफिस में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है ।

## संक्षिप्त खबरें

### नौसेना की पनडुब्बी से टकराया मछली पकड़ने वाला जहाज माथोर्मा, बचाव कार्य जारी



**नई दिल्ली** : मछली पकड़ने वाले भारतीय जहाज माथोर्मा की गोवा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 70 समुद्री मील की दूरी पर भारतीय नौसेना की पनडुब्बी से टक्कर हो गई। जहाज में 13 लोग सवार थे। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय नौसेना ने छह जहाजों और विमानों के साथ तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। अब तक 11 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चालक दल के शेष दो सदस्यों के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। इस संबंध में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई (एमआरसीसी) के साथ समन्वय किया जा रहा है। क्षेत्र में बचाव प्रयासों को बढ़ाने के लिए तटरक्षक बल सहित अतिरिक्त संसाधनों को भेजा गया है।

### मणिपुर हिंसा पर खड़गे को नड्डा का जवाब- स्थिति को सनसनीखेज बनाने में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली** : मणिपुर हिंसा मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा है। नड्डा ने पत्र में लिखा कि 'मणिपुर की स्थिति को सनसनीखेज बनाने के लिए कांग्रेस द्वारा बार-बार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि आप भूल गए हैं कि न केवल आपकी सरकार ने भारत में विदेशी उग्रवादियों के अवैध प्रवास को वैध बनाया बल्कि तत्कालीन गृहमंत्री चिदंबरम ने उनके साथ संधियों पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अलावा, गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने देश से भागने वाले इन ज्ञात उग्रवादी नेताओं को उनके अस्थिर करने के प्रयासों को जारी रखने के लिए पूरे दिल से समर्थन और प्रोत्साहन दिया। कांग्रेस के विपरीत, हमारी सरकार किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देगी।' उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा भारत की प्रगति को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही विदेशी ताकतों के गठजोड़ का समर्थन और प्रोत्साहन करना वाकई चिंताजनक है। उन्होंने दावा किया कि अभूतपूर्व कनेक्टिविटी के लिए हमारी सरकारें वास्तव में पूर्वोत्तर के लोगों को करीब ला रही हैं। अकेले मणिपुर में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का प्रतिशत 2013 में 20 प्रतिशत से कम होकर 2022 में 5 प्रतिशत रह गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह मणिपुर के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें ताकि राज्य के लोगों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर हिंसा रोकने तथा सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रहने का आरोप भी लगाया और दावा किया कि प्रदेश की जनता अब इन दोनों सरकारों में विश्वास खो चुकी है।

### बस्तर - द नक्सल स्टोरी : एंड पिक्चर्स पर आज रात 9:30 से

**मुंबई** : तैयार हो जाइए एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी के लिए, जो साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। बस्तर – द नक्सल स्टोरी का प्रीमियर एंड पिक्चर्स पर शनिवार, 23 नवंबर को रात 9:30 बजे हो रहा है। सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी और अदा शर्मा द्वारा अभिनीत यह फिल्म भारत में नक्सलियों के खिलाफ संघर्ष की सबसे अहम लेकिन अनकही कहानियों पर रोशनी डालती है। इस खास मौके पर निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कहा, यह फिल्म सिर्फ संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि उन भारतीयों के जज्बात हैं, जो हर चुनौती का सामना करते हुए अपने देश की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। बस्तर झ्र द नक्सल स्टोरी हर उस बहादुर योद्धा को समर्पित है, जो देश की अखंडता के लिए लड़ता है। मुझे विश्वास है कि एंड पिक्चर्स पर इसके प्रीमियर के साथ, यह हर दर्शक में गर्व और देशभक्ति की भावना जगाएगी। अभिनेत्री अदा शर्मा ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, ह्लइस कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद गर्व और विनम्रता का अनुभव था। बस्तर झ्र द नक्सल स्टोरी हमें हमारे जवानों के बलिदान की याद दिलाती है, जो हमारी आजादी और हिफाजत के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर देते हैं। मुझे उम्मीद है कि एंड पिक्चर्स पर इसका प्रीमियर दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करेगा कि हमारी आजादी कितनी कीमती है और इसे सुरक्षित रखने के लिए हमारे बहादुर सैनिक किस हद तक जाते हैं। यह कहानी बस्तर इलाके की है, जहां एक आदिवासी महिला और एक जुझारू आईपीएस ऑफिसर (अदा शर्मा) मिलकर नक्सलियों के खिलाफ खड़े होते हैं। ये दोनों कट्टर सोच और बाहरी हस्तक्षेप के बढ़ते असर का सामना करते हैं और अपने लोगों को शोषण से बचाने की लड़ाई लड़ते हैं। यह फिल्म दिखाती है कि किस तरह हमें अपनी राष्ट्रीय एकता और अखंडता को उन ताकतों से बचाना है, जो देश को बांटने और कमजोर करने की कोशिश करती हैं। तो देखना न भूलें बस्तर – द नक्सल स्टोरी का प्रीमियर, शनिवार, 23 नवंबर को रात 9:30 बजे सिर्फ एंड पिक्चर्स पर।

### नेपाल ने बीआरआई प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते पर सहमति बनाने के लिए टास्क फोर्स का किया गठन



**काठमांडू** : नेपाल की ओली सरकार ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते पर सहमति बनाने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख दलों के नेताओं की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इस टास्क फोर्स को तीन दिनों के भीतर एक साझा समझौते का ड्राफ्ट बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस के सभापति शेर बहादुर देउबा की सहमति से दोनों दलों के दो-दो नेताओं का टास्क फोर्स गठित किया गया है। इस टास्क फोर्स में ओली की पार्टी सीपीएन (यूएमएल) की तरफ से प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल और प्रधानमंत्री के ही आर्थिक मामलों के सलाहकार डा. युवराज खतिवडा को रखा गया है जबकि नेपाली कांग्रेस की तरफ से पार्टी महामंत्री गगन थापा और एक अधिवक्ता सीमांत दहाल को रखा गया है। थापा ने बताया कि प्रधानमंत्री ओली ने चीन की तरफ से समझौते का जो ड्राफ्ट आया है उसका अध्ययन कर अंतिम ड्राफ्ट बनाने को कहा है। बीआरआई के अंतर्गत चीन सरकार की तरफ से 2.5 प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत तक के ब्याज दर पर सिर्फ 15 वर्षों के लिए ऋण दिया जाता है। इसमें भी उनकी शर्त यह होती है कि बीआरआई के अंतर्गत आने वाले सभी परियोजना का ठेका चीन की ही कंपनी को मिलेगा और वहां काम करने वाले मजदूरों से लेकर ऊपर के सभी कर्मचारी चीनी ही होंगे। नेपाल में चीन के बीआरआई का इसलिए विरोध हो रहा है क्योंकि ऐसे पूर्वधार निर्माण के लिए विश्वबैंक, एशियाई विकास बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष साहित भारत, अमेरिका और अन्य सभी देश नेपाल के विकास के लिए अनुदान देते हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**